हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची ● शुक्रवार ● 03.01.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 162 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये

## मनु भाकर और डी गुकेश समेत चार को खेल रत्न और सलीमा टेटे सहित 32 को मिलेगा अर्जुन पुरस्कार

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** निशानेबाज मनु भाकर, शतरंज विश्व चैम्पियन डी गुकेश, पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को इस साल देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार के लिये चुना गया है।

पेरिस ओलम्पिक में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास बनाने वाली युवा निशानेबाज मनु भाकर और सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार 'खेल रत्न' से सम्मानित किया जाएगा जबकि 32 खिलाड़ियों को 'अर्जुन' पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने गुरूवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 17 जनवरी, 2025 को सुबह 11 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में विजेताओं को सम्मानित करेंगी।

मनु और गुकेश के अलावा ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को खेल रत्न प्रदान किया जाएगा।

मनु ने न सिर्फ ओलंपिक 2024 के व्यक्तिगत मुकाबले में भारत का परचम लहराया बल्कि 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में मिली इस दोहरी कामयाबी ने उन्हें सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया।

शतरंज की सनसनी डी गुकेश को भी खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। गुकेश ने पिछले महीने 12 दिसंबर को शतरंज की दुनिया का युवा वर्ल्ड चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। सिंगापुर में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब जीता था वो महज 18 साल की उम्र में वर्ल्ड चैंपियन बने, जो कि एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

खेल मंत्रालय ने यह घोषणा करते हुए एक बयान में कहा कि समिति की सिफारिशों और सरकार की जांच के आधार पर खिलाड़ियों, कोच, विश्वविद्यालयों को पुरस्कार देने का फैसला किया गया है।




22 वर्ष की मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में ही हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरे ओलंपिक में कांस्य पदक जीता। 18 वर्ष के गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन बने जो पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे।

पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालंपिक में टी64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाड़ियों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वे दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं।

खेल रत्न के अलावा 32 खिलाड़ियों को 2024 में खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इनके साथ एथलीट सुचा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बेहतर कोचिंग देने के लिए पांच लोगों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिलेगा, जिसमें बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमांडो एगनेलो कोलासो को लाइफटाइम वर्ग में शामिल किया गया है। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार मिलेगा। वहीं, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को ओवरऑल यूनिवर्सिटी विजेता के तौर पर मौलाना अबुल कलाम आजाद (माका) ट्रॉफी मिलेगी। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फर्स्ट रनरअप और अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी सेकेंड रनरअप रही।

**अर्जुन पुरस्कार :** ज्योति याराजी (एथलेटिक्स), अन्नू रानी (एथलेटिक्स), नीटू (मुक्केबाजी), स्वीटी (मुक्केबाजी), वंतिका अग्रवाल (शतरंज), सलीमा टेटे (हॉकी), अभिषेक (हॉकी), संजय (हॉकी), जरमनप्रीत सिंह (हॉकी), सुखजीत सिंह (हॉकी), राकेश कुमार (पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा-एथलेटिक्स), जीवनजी दीप्ति (पैरा-एथलेटिक्स), अजीत सिंह (पैरा-एथलेटिक्स), सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा-एथलेटिक्स), धरमबीर (पैरा-एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा-एथलेटिक्स), एच होकाटो सेमा (पैरा-एथलेटिक्स), सिमरन (पैरा) - एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा-एथलेटिक्स), नितेश कुमार (पैरा-बैडमिंटन), थुलसिमथी मुरुगेसन (पैरा-बैडमिंटन), निथ्या श्री सुमति सिवन (पैरा-बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा-बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा-जूडो), मोना अग्रवाल (पैरा-शूटिंग), रूबीना फ्रांसिस (पैरा-शूटिंग), स्वप्निल सुरेश कुसाले (शूटिंग), सरबजोत सिंह (शूटिंग), अभय सिंह (स्क्वैश), साजन प्रकाश (तैराकी), अमन (कुश्ती)।

### एक नजर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक सात को



**रांची :** झारखंड कैबिनेट की बैठक सात जनवरी को शाम प्रोजेक्ट भवन में आयोजित की जायेगी। हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम 4:00 बजे से होने वाली कैबिनेट की बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) के मंत्रिपरिषद कक्ष में बुलाई गई है। यह जानकारी गुरुवार को मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से दी गयी।

### आरिफ मोहम्मद खान बने बिहार के 42वें राज्यपाल

**पटना :** बिहार के 42वें राज्यपाल के रूप में आरिफ मोहम्मद खान ने शपथ ले ली है। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश कृष्ण विनोद चंद्रन ने उन्हें शपथ दिलाया। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दोनों डिप्टी उट, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित तमाम नेता उनके शपथ ग्रहण में शामिल हुए। उसके साथ ही नए राज्यपाल के 50 साल पुराने दोस्त भी इनके शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत किए।

### बंगाल के कई स्थानों पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गुरुवार सुबह कई स्थानों पर शुरू हुई छापेमारी की कार्यवाही शाम तक जारी थी। चेन्नई में दर्ज एक शिकायत के आधार पर यह छापेमारी की जा रही है, जिसमें हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का आरोप है। सूत्रों के अनुसार, जांच में पता चला कि इस धोखाधड़ी के रैकेट का जाल पूर्वी भारत के कई राज्यों, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में फैला हुआ है। इसी के चलते ईडी ने यह छापेमारी शुरू की। इस समय राज्य के 8 स्थानों पर छानबीन की जा रही है, जिनमें 5 कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में है। छापेमारी के दौरान ईडी की टीमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों की सुरक्षा में हैं। कार्रवाई की शुरूआत कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके साल्ट लेक में स्थित गैरेज से हुई, जहां कथित तौर पर धोखाधड़ी का संचालन होता था। वहां से ईडी ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया और रघुनाथपुर के एक पॉश हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में व्यवसायी सदानंद झा के फ्लैट पर छापेमारी की।

## मुख्यमत्री की संवेदनशीलता, कैमरून से सभी 47 श्रमिकों की हुई सुरक्षित वापसी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर कैमरून में फंसे झारखण्ड के श्रमिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित हो रही है। इस क्रम में एक बार फिर गुरुवार को 27 श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हुई। शेष 08 श्रमिक 3 जनवरी 2025 की सुबह बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मालूम हो कि कैमरूम में फंसे 47 श्रमिकों में से 11 श्रमिकों की वापसी 29 दिसंबर 2024 को हुई थी, इसके बाद गुरुवार को 27 श्रमिकों को सुरक्षित लाया गया था। शेष श्रमिक भी भारत पहुंच चुके हैं लेकिन ये सभी शुक्रवार की सुबह झारखण्ड पहुंचेंगे।

- तीन समूह में हुई श्रमिकों की वापसी नियोजकों के खिलाफ हुई कार्रवाई।
- श्रमिकों को योजनाओं से भी जोड़ने का आदेश।

### यहां फंसे थे झारखण्डी श्रमिक

झारखण्ड के हजारीबाग, बोकारो तथा गिरिडीह के 47 श्रमिक सेंट्रल वेस्ट अफ्रीका के कैमरून में M/s Transrail Lighting Limited के माध्यम से अगस्त 2024 से कार्यरत थे, जिन्हें वेतन भुगतान और कंपनी द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं किए जाने की जानकारी मुख्यमंत्री को प्राप्त हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क कर मामले का सत्यापन किया। प्राप्त शिकायत के आधार पर सचिव एवं श्रमायुक्त के निदेर्शानुसार संबंधित जिलों के श्रम अधीक्षकों ने नियोजकों/नियोक्ताओं और बिचौलियों (मिडिलमैन) के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज किया है। कंट्रोल रूम की टीम लगातार ई-मेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों, कंपनी एवं श्रमिकों से संपर्क करते हुए श्रमिकों का कुल 39,77,743 बकाया रुपये का भुगतान कराया।

### श्रमिक भाइयों को योजना से जोड़ें

मुख्यमंत्री ने श्रमिकों की वापिस के बाद विभागीय सचिव को इन श्रमिकों का पारिवारिक विवरण संग्रह कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबद्ध करने का निर्देश दिया है। इस निर्देश के उपरांत सभी संबंधित श्रम अधीक्षक श्रमिकों का विवरण प्राप्त कर उन्हें योजनाओं का लाभ देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## मुख्यमंत्री से मंत्री, विधायक, डीजी, एडीजी सहित अन्य अधिकारियों ने की मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मंत्री चमरा लिंडा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक सोनाराम सिंकू, डीजी होमगार्ड अनिल पालटा, एडीजी जैप प्रिया दुबे, जैप–2 कमांडेंट सरोजिनी लकड़ा, एसएसपी जमशेदपुर किशोर कौशल ने मुलाकात की। सभी नेताओं एवं अधिकारियों ने उन्हें नव वर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने भी अपनी ओर से उन्हें नव वर्ष की बधाई एवं मंगलकामनाएं दी।

## सदर सीओ को घूस लेते एसीबी ने किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) लगातार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को रांची एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए रांची के सदर सीओ मुंशी राम को घूस लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि खाता संख्या-150 खेसरा संख्या -415 बी मौजा सिरम टोली चुटिया थाना नंबर-210 शहर अंचल कुल रकबा 3 कट्ठा 08 छटाक जमीन अपर चुटिया, सरदार गली भट्ठी टोली में है। उस जमीन का सीमांकन कराने के लिए सीओ मुंशी राम के द्वार दो बार फीस ली गई लेकिन सीमांकन नहीं कराया गया। इसी दौरान बीते 27 दिसंबर को मुंशी राम द्वारा अपने मोबाइल से परिवादी के मोबाइल पर फोन कर सिरम टोली चौक बुलाया गया और उस जमीन का सीमांकन कराने के एवज में 37 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई। परिवादी रिश्वत देकर काम नहीं कराना चाहते थे जिसके बाद इसकी शिकायत एसीबी से की गई।

एसीबी की टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए सीओ को 37 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद एसीबी की टीम ने सीओ के घर पर भी छापेमारी की, जहां से 11.42 लाख रुपये बरामद किए गए। डीजीपी ने बताया कि वर्ष 2024 का यह 11वां ट्रैप केस है।

## मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम छह को उपायुक्त ने अफसरों संग की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाले 2500 रुपये के वितरण की तारीख तय हो गई है। हालांकि, कुछ महिलाओं के खाते में यह राशि पहुंच भी गई है, लेकिन इनकी संख्या बहुत कम है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एकमुश्त 56 लाख महिलाओं के खाते में मंईयां सम्मान योजना के तहत 2500-2500 रुपए 6 जनवरी को ट्रांसफर करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करें।



बैठक के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पंडाल, मंच निर्माण, अतिथियों/लाभुकों के लिए भोजन-पेयजल, सुरक्षा, पार्किंग आदि व्यवस्था की बारीकी से जानकारी ली। दूसरे जिलों से आनेवाले लाभुकों के लिए चिन्हित स्थानों पर अधीनस्थ कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर भोजन/पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। नगर निगम के संबंधित पदाधिकारी को उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में चलंत शौचालय की व्यवस्था एवं कार्यक्रम के दौरान और बाद में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान साफ-सफाई के लिए टीम की प्रतिनियुक्ति करें।

मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन करेंगे। योजना के तहत राज्य की 56 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाते में दिसंबर माह से बढ़ी हुई 2500 रुपये की सम्मान राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की जायेगी।

## हेमन्त सोरेन के जवाब पर ईडी के अधिकारी को जवाब देने के लिए हाई कोर्ट ने दिया समय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** हाई कोर्ट में गुरुवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के जरिये दायर शिकायत पर ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में दर्ज एफआईआर को सीबीआई सहित अन्य स्वतंत्र एजेंसी को देने का आग्रह करने वाले ईडी की याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में हेमंत सोरेन के जवाब (प्रति शपथ पत्र) पर ईडी के वरिष्ठ अधिकारी देवव्रत झा को अपना प्रतिउत्तर देने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। अगली सुनवाई 3 सप्ताह बाद होगी। ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास और सौरभ कुमार ने पैरवी की।




देवव्रत झा की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर आग्रह किया गया है कि इस मामले में गोंदा पुलिस के जरिये ईडी के अधिकारियों को प्रताड़ित करने की कोशिश की जा रही है इसलिए इस मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई सहित अन्य स्वतंत्र एजेंसी को सौंपा जाए।

यह एफआईआर झारखंड पुलिस के जरिये एससी-एसटी एक्ट के तहत रांची के एससी-एसटी थाना में दर्ज की गई है। यह एफआईआर हेमन्त सोरेन के दिल्ली आवास पर ईडी के जरिये की गई तलाशी के संबंध में एक शिकायत को लेकर की गई है। एफआईआर में ईडी के सीनियर अधिकारियों पर दिल्ली में हेमंत सोरेन के आवास पर की गई तलाशी का आरोप लगाया गया है। इस एफआईआर में ईडी के अतिरिक्त निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा और अनुमान कुमार और अमन पटेल के साथ-साथ अज्ञात अधिकारियों का नाम शामिल हैं।

इसमें हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि उनके दिल्ली आवास पर ईडी का तलाशी अभियान उन्हें और उनके समुदाय को परेशान करने और बदनाम करने के इरादे से चलाया गया।

ईडी के अधिकारियों ने मीडिया को इसकी जानकारी लीक की, जिससे जनता की नजर में उनकी प्रतिष्ठा धूमिल हो जाए।

हालांकि पूर्व में ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली ईडी के अधिकारियों कपिल राज एवं अन्य की याचिका पर हाई कोर्ट ने ईडी के अधिकारियों को गोंदा पुलिस के जरिये 41 ए के तहत दिए गए नोटिस पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि अगले आदेश तक पुलिस ईडी अधिकारियों को 41 ए का नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए नहीं बुला सकती है। कोर्ट ने ईडी अधिकारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक अगले आदेश तक जारी रखा था।

# रात को बंद कमरे में न करें अंगीठी का प्रयोग, हो सकता है घातक : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग में चल रही भीषण शीतलहरी के कारण जन जीवन पर असर पड़ रहा है। बढ़ती ठंड से सड़क किनारे अपने जिंदगी गुजर बसर करने वाले लोगों के इस समय काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के दृष्टिगत आज 2 जनवरी को उपायुक्त नैंसी सहाय ने ठंड से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न गांवों में कंबल वितरण अभियान का नेतृत्व किया। यह अभियान तिलरा गांव (बिरहोर टोला), चंपानगर नवाडीह पंचायत, इचाक और रोमि गांव (पदमा) में आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्ग को ठंड से बचाने के लिए सहायता प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने बिरहोर समुदाय समेत ग्रामीणों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक प्राथमिकता से पहुंचे। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा, प्रशासन की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि समाज के कमजोर वर्ग को हर संभव सहायता मिले। ठंड के इस मौसम में कंबल वितरण केवल राहत प्रदान करने का प्रयास है। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी, पुलिस बल और स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच जाकर कंबल वितरित किए और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने बच्चों के बीच चॉकलेट का भी वितरण किया। बिरहोर टोला जैसे दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों में इस तरह की पहल ने प्रशासन की सक्रियता और प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस अभियान के तहत सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को कंबल दिए गए, जिससे उन्हें कड़कड़ाती ठंड में राहत मिली। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को इस वितरण से लाभ पहुंचा। उपायुक्त नैंसी सहाय ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि प्रशासन उनकी हरसंभव मदद के लिए हमेशा तैयार रहेगा। उन्होंने स्थानीय समुदाय से भी अपील की कि वे ऐसे कार्यों में प्रशासन का सहयोग करें और जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने में अपना योगदान दें।कंबल वितरण अभियान का यह प्रशासनिक प्रयास केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित नहीं होते, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक समर्पण का प्रतीक भी होते हैं। हजारीबाग प्रशासन की यह पहल समाज के वंचित वर्ग को राहत पहुंचाने और उनकी भलाई के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। उपायुक्त ने ठंड के प्रकोप को देखते हुए सभी प्रखंडों के महत्वपूर्ण स्थानों में अलाव की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।



## एक नजर

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**केरेडारी :** केरेडारी सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल ने गुरुवार को सिकरी टीओपी अंतर्गत पतरा मोड़ के पास अवैध लदा बालू लेकर जा रही एक ट्रैक्टर को पकड़ कर अग्रतर कारवाई के लिये केरेडारी पुलिस को सौप दिया है। यह ट्रेक्टर गरीकला के नदी से बालू के उठाव होता काफी मात्रा में और बताया जा रहा है। सीओ राम रतन कुमार वर्णवाल ने बताया कि बालू लोड ट्रेक्टर को रोक कर चलान की मांग की गई लेकिन चालक चालान नही दिखा पाया बताते चले कि उक्त नदी से एक साथ कई ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू लोड करके हजारीबाग में बेच देते हैं। प्रशासन की लगातार कारवाई के बाद भी अवैध बालू का उत्खनन भंडारण और परिवहन पर पूर्णतः रोक नहीं लग पा रहा है। सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि अवैध रूप से बालू की तस्करी करने वाले लोगों पर कानूनी कारवाई की जाएगी।

### मदनगुंडी टोल प्लाजा पर विरोध सभा आज

**बरही :** 3 जनवरी को सुबह 11 बजे मदनगुंडी चंदवारा टोल प्लाजा के समीप टोल प्लाजा संघर्ष समिति की ओर से एक विशाल बैठक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जेएलकेएम नेता कृष्णा यादव ने बताया कि यह बैठक कोडरमा जिला और बरही विधानसभा क्षेत्र के फोर-व्हीलर वाहनों एवं चंदवारा प्रखंड की व्यावसायिक गाड़ियों पर लगने वाले टोल शुल्क के विरोध में की जा रही है। संघर्ष समिति के नेताओं ने सभी मोटर मालिकों से इस विरोध सभा में समय पर पहुंचकर समर्थन देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि टोल प्लाजा प्रशासन गाड़ियों को टोल शुल्क से मुक्त नहीं करता, तो इसे लेकर उग्र आंदोलन की तैयारी की जाएगी। सभा का नेतृत्व जेएलकेएम नेता कृष्णा यादव कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र के वाहन मालिकों पर टोल शुल्क का भार अनुचित है और इसे समाप्त करने की मांग को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है। सभी संबंधित वाहन मालिकों से इस जनसभा में शामिल होने की अपील की गई है।

### दुकान में चोरी करती महिला सहित तीन हिरासत में

**कोडरमा :** कोडरमा बाजार स्थित शिव पान दुकान के बाहर रखे तीन हजार रुपए के एक पेटी बिस्किट, एक पेटी साबुन और एक पेटी शैंपू की चोरी एक महिला के जरिये गत दो दिसंबर को अपने कुछ साथियों के साथ कर ली गई थी। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड भी हुआ था। उसके बाद अब करीब एक महीने के बाद दो जनवरी को उसी महिला के जरिये उसी दुकान के बाहर रखे सामानों की चोरी करने का प्रयास किया गया, जिसे दुकानदार एवं आसपास के लोगों की तत्परता से पकड़ लिया गया। दुकान के बाहर सामानों की चोरी करते पकड़े जाने पर महिला लोगों से माफी मांगते हुए पूर्व में दुकान से करीब तीन हजार के सामानों की चोरी करने के मामले का भरपाई करते हुए लोगों से छोड़ देने की गुहार लगाने लगी। इसी दौरान मामले की सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस के जरिये एक महिला और एक युवती एवं एक नबालिग युवक को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ में महिला अपना घर रजौली बिहार बता रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## मरीजों का उत्तम उपचार करना हमारी पहली प्राथमिकता है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल के संयुक्त उपचार से एक मरीज का ऊपरी जबड़े में दर्द और सूजन से राहत मिला। सामान्य एनेस्थीसिया के तहत डॉक्टर्स ने मरीज का सफल ऑपरेशन कर ठीक किया। बता दें कि मरीज के दाहिने ऊपरी जबड़े में दर्द और सूजन के साथ मवाद निकल रहा था। एक्सरे में दाहिने ऊपरी जबड़े में एक संदिग्ध सिस्ट दिखाई दिया। जिसने ऊपरी सामने जबड़े की हड्डी और नाक के आधार को नष्ट कर दिया था। यदि छोड़ दिया जाता तो यह बड़ा हो जाता और चेहरे की अधिक हड्डियाँ नष्ट हो जातीं। डॉक्टर्स ने सफल ओपरेशन एवं उपचार कर सिस्ट को हटा दिया और संक्रमित दांत को भी हटा दिया। जिससे मरीज को सूजन एवं दर्द से राहत मिला। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग के डॉ. जयेश एवं डॉ. अली के नेतृत्व में सफल ओपरेशन एवं इलाज हुआ। मरीज एवं उनके परिवारजन यह समास्या से काफी परेशान थे। सफल ओपरेशन एवं इलाज के होने के बाद खुशी की लहर दौड़ गई। कॉलेज परिवार एवं अस्पताल परिवार का आभार व धन्यवाद जताया। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मरीजों की उत्तम उपचार करना हमारी पहली प्राथमिकता है। हमारे यहां दांतों एवं जबड़े की हर जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज आधुनिक रूप से उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि दांतों एवं जबड़े की हर छोटी सी छोटी समास्याओं का नजरअंदाज ना करें, बल्कि सही समय पर विशेषज्ञ दंत चिकित्सक से जांच करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ लें।

## सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के द्वारा संजीवनी सेवा कुटीर का उद्घाटन कल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के प्रयासों से, स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए संजीवनी सेवा कुटीर का शुभारंभ किया जा रहा है। इसका उद्घाटन 4 जनवरी 2025 को हजारीबाग सदर अस्पताल के प्रांगण में किया जाएगा। यह कुटीर चौबीसों घंटे संचालित होगा और ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों को विशेष रूप से सहायता प्रदान करेगा जिसमें मरीजों और उनके परिजनों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान करना। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को सही मार्गदर्शन और इलाज तक पहुंचकर सुनिश्चित करना। स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान और प्रभावी पहुंच प्रदान करना। 24X7 संचालन , यह कुटीर दिन-रात मरीजों और उनके परिजनों की मदद के लिए उपलब्ध रहेगा। विशेष हेल्प डेस्क के जरिए प्रशिक्षित कर्मचारी मरीजों को उनके उपचार के लिए सही विभाग तक पहुंचने में मदद करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। ग्रामीण मरीजों को लाभ देने हेतु ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों को अस्पताल की प्रक्रियाओं को समझने में आसानी होगी। मरीजों और उनके परिजनों को एक सहायक और सम्मानजनक वातावरण प्रदान किया जाएगा। 4 जनवरी समय दोपहर 12:00 बजे स्थान सदर अस्पताल प्रांगण, हजारीबाग में सुनिश्चित हुआ है कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, चतरा सांसद कालीचरण सिंह,विशिष्ट अतिथि जिला उपायुक्त नैंसी सहाय,पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह मौजूद रहेंगे। संजीवनी सेवा कुटीर हमारे क्षेत्र के उन सभी लोगों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगा, जो स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करते हैं। मेरा उद्देश्य है कि हर मरीज को समय पर सही मार्गदर्शन और इलाज मिल सके। हमने देखा है कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीज अक्सर अस्पताल की प्रक्रियाओं और चिकित्सा सेवाओं को समझने में असमर्थ होते हैं। इसी समस्या को हल करने के लिए संजीवनी सेवा कुटीर की शुरूआत की गई है। यह सेवा कुटीर सिर्फ एक हेल्प डेस्क नहीं है, बल्कि यह एक मानवीय दृष्टिकोण पर आधारित पहल है, जहां मरीजों और उनके परिजनों को न केवल सहायता मिलेगी, बल्कि उन्हें सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार का अनुभव भी होगा।

## युवा साथी संस्था ने बच्चों के बीच गर्म कपड़े और मिठाई का किया वितरण




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** युवा साथी झारखंड संस्था के द्वारा नव वर्ष के शुभ अवसर पर बरही स्थित अनाथालय में रह रहें गरीब मासूम बच्चों के बीच गर्म कपड़े एवं मिठाई बांट कर पुनीत कार्य किया गया। युवा साथी झारखंड संस्था के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि इस कड़ाके की ठंड में मासूम बच्चों के बीच अपने टीम के साथियों के साथ गर्म कपड़ों का वितरण करके छोटे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाकर काफी शुकुन महसूस कर रहा हूं। हमारी संस्था पिछले 5 सालों से समाज में निवास करने वाले गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच लगातार इस तरह का कार्य कर रही है। वहीं झारखंड के युवा समाजसेवी संजय मेहता ने कहा कि संस्था के द्वारा समय समय पर रक्तदान, कंबल एवं गर्म कपड़ों का वितरण जैसे कई प्रकार के सामाजिक कार्य किए जाते हैं। बढ़ती ठंड को देखते हुए आज नव वर्ष के शुभ अवसर पर युवा साथी झारखंड संस्था के साथियों द्वारा छोटे बच्चों के बीच गर्म कपड़े का वितरण करने में हमें काफी खुशी मिल रही है। बच्चों की स्थिति को देखते हुए संस्था के सदस्यों ने यह तय किया था कि अनाथालय में रह रहे छोटे बच्चों के बीच गर्म कपड़े का वितरण कर नए साल का स्वागत करेंगे। कड़कड़ाती सर्दी के बीच गर्म कपड़े मिलने पर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरफराज खान, राजेश यादव, आशीष यादव, सरफराज अहमद, अनिल सिंह, सतीश गुप्ता, विकास यादव, परमेश्वर यादव, सहमद खान, विजय कुमार, शमीम अंसारी, आदित्य कुमार, राहुल कुमार, सचिन कुमार, जयंत कुमार, अहमद खान, बलजीत सिंह, आयुष सिंह, राजेंद्र यादव,रवि यादव, विजय यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव व केरेडारी अस्पताल में एक्स-रे मशीन लगेगी : अंबा प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** पूर्व विधायक अंबा प्रसाद की मेहनत का असर दिख रहा है। बड़कागांव एवं केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन का अधिष्ठापन होने का रास्ता साफ हो गया है। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद द्वारा किए गए मेहनत एवं जिले में होने वाली बैठकों में इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया गया था कि खनन क्षेत्र होने के बावजूद बड़कागांव एवं केरेडारी में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक्स रे मशीन नहीं होने से लोगों को काफी दिक्कत होती है। इसी को लेकर विगत दिनों जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक जो दिनांक 9 अक्टूबर 2024 को हुई थी उसमें एक्स-रे मशीन की आपूर्ति हेतु स्वीकृति प्रदान है जिसके बाद निविदा जारी हो गई है। इस मौके पर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि बड़कागांव एवं केरेडारी में एक्स-रे मशीन की आपूर्ति होने से गरीबों को इसका सीधा लाभ मिलेगा, अब प्रखंड अस्पताल में ही एक्स रे की सुविधा उपलब्ध होगी जिससे गरीबों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बड़कागांव अस्पताल में भी मॉडल ट्रॉमा सेंटर का निर्माण हो रहा है। कार्यकाल के दौरान किए गए मेहनत का असर दिख रहा है बड़ी-बड़ी योजनाएं धरातल पर उतर रही है जो की आचार संहिता लगने के कारण नहीं हो पाई थी।

## एलआरडीसी बने हजारीबाग के एसडीओ, बॉडीगार्ड और गाड़ी जिला प्रशासन ने लिया वापस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग के एलआरडीसी राज किशोर प्रसाद ने सदर एसडीओ का पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने यह पदभार स्वत ग्रहण किया है। हजारीबाग के वरीय पदाधिकारी के आदेश के आलोक में उन्होंने नियम 202 के तहत पदभार लिया है। अब हजारीबाग के एसडीओ राजकिशोर प्रसाद बन गए हैं ।यह हजारीबाग में पहला ऐसा मामला है कि स्वतः एसडीओ को पदभार लेना पड़ा हो। हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार से उनके बॉडीगार्ड भी वापस ले लिया गया है। वही जो सरकारी गाड़ियों ने दी गई थी वह भी वापस ले ली गई है । 30 दिसंबर तक उन्हें बॉडीगार्ड और गाड़ी दी गई थी। जैसे ही उनके तबादला हुआ वैसे ही बॉडीगार्ड और गाड़ी वापस लिया गया है। आमतौर पर जब किसी व्यक्ति के ऊपर आरोप लगता है तो पुलिस उससे पूछताछ पुलिस करती है। लेकिन अशोक कुमार से पूछताछ अब तक नहीं की गई है। एफआईआर दर्ज होने के पहले बोकारो में फर्द बयान दर्ज कराया गया था। फर्द बयान के बाद किसी भी तरह की पूछताछ नहीं की गई है। 30 दिसंबर को ही झारखंड सरकार कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से उनका तबादला कर दिया गया था। उन्हें प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग में योगदान देने का आदेश निर्गत किया गया था। आमतौर पर यह देखा गया है कि जब भी पदाधिकारी का हस्तांतरण होता है तो वह अपना पदभार देखकर जाते हैं। लेकिन इन हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार के ऊपर संगीन आरोप लगा है कि उन्होंने अपनी पत्नी अनीता देवी को जलाकर मार दिया है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने इस बाबत जानकारी दिया है कि अब तक कोर्ट से उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रार्थना नहीं किया गया है ।अब तक जांच की प्रक्रिया जारी है। ठोस नतीजा पहुंचने के बाद ही कदम आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है ।जो भी व्यक्ति दोषी है उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह घटना हजारीबाग समेत पूरे राज्य भर में सुर्खियों में है। भारतीय जनता पार्टी से मुद्दा भी बना रही है। बरही विधायक मनोज यादव ने इस घटना को लेकर विरोध दर्ज किया। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की पूरी जांच होनी चाहिए। जो भी आरोपी है उसे कड़ी सजा होनी चाहिए। उन्होंने इस घटना पर फांसी की सजा की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिवंगत पत्रकार के घर पहुंचा प्रेस क्लब प्रतिनिधिमंडल, किया आर्थिक सहयोग



**हजारीबाग :** दिवंगत पत्रकार प्रकाश पाण्डेय के श्राद्धकर्म के तेरहवें दिन गुरुवार को हजारीबाग प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल उनके पैतृक निवास स्थान विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो पहुंचा। हजारीबाग प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने स्व. प्रकाश पाण्डेय की पत्नी हेमलता पाण्डेय को चेक के माध्यम से सहयोग राशि सौंपा और हर संभव मदद का सहयोग दिया। इसके उपरांत दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत पत्रकार की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। वहीं मृतक पत्रकार के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए साथ खड़ा रहने का आश्वासन भी दिया। मौके पर हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह, हजारीबाग प्रेस क्लब के सचिव विस्मय अलंकार, कोषाध्यक्ष राजकुमार गिरी सानू, जेजेए जिला अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, उपाध्यक्ष अर्जुन सोनी, हजारीबाग प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष दीपक सिंह, संयुक्त सचिव सागर कुमार, प्रदीप सिन्हा, सुमन सिन्हा, विष्णुगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र दूबे, इश्तियाक अहमद, रंजीत पाठक, शिवकुमार पाण्डेय, सुबोध मिश्रा, सुनील बर्मन, रवि पाण्डेय, राजेश कुमार दूबे सहित अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

### मुरली पहाड़ में मकर संक्रांति मेले को लेकर पूजा समिति का हुआ गठन



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के नापोखुर्द पंचायत अंतर्गत मुरली पहाड़ धाम में 14 जनवरी मकर संक्रांति मेले के आयोजन करने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई व सर्व समिति से पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मुकेश कुमार साव, उपाध्यक्ष पिंटू कुमार, सचिव सुभाष कुमार, उपसचिव छोटे मुंडा, कोषाध्यक्ष गणेश साव, उप कोषाध्यक्ष शिव कुमार, संयोजक चंदर साव, संरक्षक चंद्रिका साहू, रक्षा मंत्री गणेश साव पंसस, संगठन मंत्री शंभू साहू, उप संगठन मंत्री दीपक को चुना गया। एवं 16 सदस्य कार्यकारिणी समिति के सदस्य का गठन किया गया। मेले में भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा होते हैं जिसे देखते हुए आर्केस्ट्रा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। मौके पर मुख्य रूप से गणेश साव, चंदर साव उर्फ.चंदर भाई चंद्रिका साव, मुकेश कुमार साव, नरेश साव, कलेश्वर साहू, पवन कुमार, बालेश्वर साहू, विक्की कुमार, रविंद्र साहू, सुमित्रा देवी, विकास दीपक आर्यन, मोहन, विवेक, रविंदर, देवनाथ, कामेश्वर, विनोदमुंडा, पवन साहू, पवन मुंडा एवं अन्य उपस्थित थे।

### शिक्षा ही प्रगति का सबसे बड़ा साधन : रिजवान अली



**बरही :** बरही प्रखंड के कोनरा पंचायत निवासी एवं एजुकेशनल चेरिटेबल सोसायटी बरही के अध्यक्ष सह कांग्रेस नेता रिजवान अली ने नव वर्ष के अवसर पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस खास दिन को यादगार बनाते हुए दलित परिवारों के महिला, पुरुषों और बच्चों के साथ समय बिताया और शिक्षा का महत्व विस्तार से समझाया। रिजवान अली ने बच्चों को अपनी ओर से शिक्षण सामग्री जैसे कॉपी, पेंसिल, रेजर और शार्पनर उपहार स्वरूप भेंट की। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा ही प्रगति का सबसे बड़ा साधन है। शिक्षा के माध्यम से ही हम अपने और अपने समाज के भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मौके पर सीमा कुमारी, सोनिया देवी, करीना देवी, चंदो मोसेमात, कैलाश तुरी, भुनेश्वरी तुरी, राजू तुरी और सुखदेव तुरी सहित कई अन्य लोगों ने इस पहल की सराहना की।

### आधार पंजीकरण एवं अद्यतनीकरण शिविर आज से

**रामगढ़ :** जिला आधार निगरानी समिति कि बैठक में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में 0–5 वर्ष के सभी बच्चों एवं गर्भवती, धात्री माताओं के आधार पंजीकरण एवं अद्यतनीकरण शिविर का आयोजन दिनांक 03.01.2025 से सभी प्रखण्ड रामगढ़ जिला के पंचायत भवनों में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराहन 04:00 बजे तक किया जाना है।

### न्यू ईयर सेलिब्रेट करने रांची गया फल विक्रेता, लाखों रुपये की संपत्ति हो गई चोरी



**रामगढ़ :** न्यू ईयर सेलिब्रेशन में आम नागरिक व्यस्त थे और रामगढ़ शहर में चोर उनके घरों को अपना निशाना बना रहे थे। शहर के कोयरीटोला में एक फल विक्रेता के घर को भी चोरों ने खाली कर दिया। उसके घर से लाखों रुपए के जेवर और 48 हजार नगद रुपये चोरी कर लिए गए। इस मामले में घर के मालिक राजेश कुमार ने गुरुवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने बताया कि उसकी पत्नी सुगंधा देवी 27 दिसंबर को अपने मायके बुंडू रांची गई हुई थी। एक जनवरी को नए साल का सेलिब्रेशन करने वह भी अपनी पत्नी के पास गया था। गुरुवार की सुबह राजेश के पिता जब उसके घर में पहुंचे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। राजेश ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। उसने बताया कि उसके घर से 48000 नगद और लगभग चार लाख रुपए की जेवर चोरी हुए हैं। इसके अलावा एलईडी टीवी और कीमती बर्तन भी चोरों ने उड़ा लिया है। चोरी के जेवर में दो पीस सोने का हार, कान का झुमका, नथिया, मांग टीका, मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट, सोने की अंगूठी, चांदी का पायल तीन जोड़ा शामिल।

## एक नजर

### सभी किसानों का ऋण माफ किया जाये : जगन्नाथ



**बोकारो** : झारखंड की पुर्ववर्ती हेमन्त सोरेन की सरकार में किसानों कि कृषि ऋण माफी की महत्वपूर्ण योजना चलाई गई। जिसमें बैंकों द्वारा किसानों की कई ऋण बैंक खाते के साथ बचत खाता नहीं होना, बचत खाताओं का आधार सिडिंग किये बिना ऋण माफी सत्यापन करना जैसे लचर व्यवस्था के कारणों से अधिकांश किसान कृषि ऋण माफी योजना से वंचित है। और किसान कृषि ऋण वापसी मुकदमें का शिकार बन रहा है। किसानों की दर व दर भटकते देखकर संयुक्त किसान मोर्चा, चन्दनकियारी ईकाई के संयोजक सह पुर्व प्रत्याशी जगन्नाथ रजवार ने सरकार से मांग किया कि झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण कृषि ऋण माफी योजना का लाभ में किसानों के प्रति बैंकिंग उदासीनता को दूर कर सभी किसानों की ऋण माफी किया जाय।

### धर्म जन जागरण समिति ने किया श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ का भूमि पूजन

**बोकारो** : धर्म जन जागरण समिति बोकारो झारखंड द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ जो दिनांक 07 से कलश यात्रा के साथ शुभारंभ होगा तथा 14 को भंडारा के साथ समाप्त होगा। इस निमित पंडाल निर्माण कार्य हेतु योगेन्द्र कुमार चौधरी अध्यक्ष धर्म जन जागरण समिति के द्वारा भूमि पूजन कर पंडाल निर्माण का शुभारंभ किया गया। इस श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के कथा वाचक श्रद्धेय वशिष्ठ देशमुख महाराज जी होंगे। कथा प्रत्येक दिन संध्या 4.00 बजे से प्रारंभ होकर 8.00 बजे रात्रि तक चलेगी उसके पश्चात भोग वितरण कर कथा समापन होगी। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगो में योगेंद्र कुमार चौधरी,ललन कुमार निषाद,मनीष कुमार पांडे, कुलदीप कुमार महतो, रविशंकर , अजय कुमार चौधरी, गणेश अग्रवाल, गौरांग ,रामनरेश प्रसाद, सुजीत कुमार,राजीव मालाकार, गगन दास,अमित गिरी, आशीष, बीरेंद्र, डॉ अशोक, नागेंद्र , परशुराम, गणेश महतो, अशोक महली, मनोज, अनमोल, श्यामल आस, ओमप्रकाश शर्मा, नरेश कंधवे, विजय, हरिराम, जयंतु दत्ता, धर्मेंद्र, प्रभुनाथ चौधरी, मनजीत कुमार सिंह, अनुज, अजीत, राकेश कुमार मधु, सुरेंद्र कुमार, सुनील कुमार महतो सहित कई लोग मौजूद रहे।

### आईपीएस कुणाल किशोर को दी गयी श्रद्धांजलि

**बोकारो** : बोकारो के सेक्टर 4 स्थित कुंवर सिंह स्टैचू के समीप कुंवर सिंह विजय समारोह समिति, बोकारो विकास फोरम, मजदूर बोकारो इस्पात संघ तीनों संयुक्त संस्थाओं के द्वारा देश के सबसे बड़े अर्थशास्त्री 14 वे प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ मनमोहन सिंह एवं 1972 बैच के आईपीएस स्वर्गीय कुणाल किशोर की श्रद्धांजलि सभा आयोजन की गई जिसमें दिवंगत आत्मा के शांति लिए 2 मिनट का मोन रखा गया श्रद्धांजलि सभा में फोरम के अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने प्रोफेसर से भारत देश के गवर्नर वित्त मंत्रालय से प्रधानमंत्री तक का सफर तय किया जब उन्होंने 1991 में वित्त मंत्रालय संभाला तब भारत देश दिवालिया की स्थिति में था उस वक्त उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को इस कदर बदल की पूरी दुनिया में उनका नाम हुआ वहीं दूसरी तरफ कुणाल किशोर पटना हनुमान मंदिर 1983 में स्थापना कर पटना जिले का पूरे नाम भारतवर्ष में हनुमान मंदिर से जागृति कर महावीर सेवा ट्रस्ट के नाम से कई एक हॉस्पिटल चला रहे हैं।

# उपायुक्त ने की सिदो-कान्हू कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी सघं के निदेशक पर्षद की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : गुरुवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी सघं की निदेशक पर्षद धनबाद की बैठक समाहारणलय सभाकक्ष में की गई। बैठक में सदस्यता प्रदान करने पर विचार, विभाग द्वारा स्वीकृत कार्ययोजनान्तर्गत हेतु जमीन की उपलब्धता, जिला सहकारी संघ कार्यालय के लिए स्थान आरक्षित करने, कार्यालय संचालन हेतु प्रोफेशनल मैन पावर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं लेखा संधारण हेतु वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी को लेखा पदाधिकारी के रूप में नामित करने, जिला सहकारी संघ कार्यालय के संचालन हेतु एक सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित करने, जिला स्तरीय कार्यशाला के आयोजन हेतु कार्यक्रम निर्धारित करने, वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जिलावार कार्ययोजना का प्रस्ताव भेजने समेत विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने सभी सक्षम पैक्सों/एम.पी.सी.एस को सदस्य बनाने हेतु विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जिला मुख्यालय के आसपास पांच एकड़ जमीन की उपलब्धता हेतु गोविंदपुर अंचलाधिकारी के साथ क्षेत्र का निरीक्षण करने हेतु जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। वहीं जिला सहकारिता संघ कार्यालय के लिए कंबाइंड बिल्डिंग स्थित पूर्व उप विकास आयुक्त कार्यालय में कमरा आवंटन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला सहकारी संघ को प्रदत हिस्सा पूँजी पो० 3.00 करोड रूपया का बैंक में सावधि जमा के रूप में निवेश के अर्जित सूद की राशि से संघ कार्यालय के स्थापना प्रशासनिक एवं विविध व्यय के लिए वार्षिक बजट जिला सहकारी संघ के निर्देशक पर्षद द्वारा अनुमोदन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा कार्यालय संचालन हेतु प्रोफेशनल मैन पावर कंप्यूटर ऑपरेटर एवं लेखा संधारण हेतु वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी को लेखा पदाधिकारी के रूप में नामित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने डीएफओ एवं डीसीओ को वर्ष 2025-26 हेतु कार्ययोजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में डीएफओ विकास पालीवाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी वेद प्रकाश, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, विधायक प्रतिनिधि, पैक्स प्रतिनिधि समेत अन्य मौजूद रहें।

## आंदोलनकारी मोर्चा ने विभिन्न मांगों को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : झारखंड/ वनांचल आंदोलनकारी मोर्चा के बैनर तले आज माननीय मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त महोदय के माध्यम से ज्ञापन सौपा गया जिसमें लंबित पेंशन,स-समय पेंशन की भुगतान, पेंशन राशि बढ़ोतरी, फोटो युक्त पहचान पत्र, सरकारी सुविधा, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं अपनी अन्य मांगों के संबंध में, है इस आलोक में वर्तमान परिस्थिति के अनुसार राज्य मंत्री परिषद में पुनः निम्न मांगों को पारित कर छतीसगढ़, उतराखंड और तेलंगना के आन्दोलनकारियों के समान पेंशन प्रदान करे। झारखण्ड/वनांचल आन्दोलन में सक्रिय रूप से भागीदारी देने वाले लेखक/ झारखण्डी कवि/साहित्यकार/ सांस्कृतिक कर्मी सहित सभी को 50,000/- (पचास हजार) रू0 प्रतिमाह सम्मान पेंशन दिया जाय। पूर्व से बकाया पेंशन राशि एक मुस्त जल्द से जल्द भुगतान किया जाय। एम समय सीमा के अन्दर पेंशन राशि भुगतान किया जाना चाहिये। आन्दोलनकारियों के परिवार के एक सदस्य को योग्यतानुसार सरकारी नौकरी दी जाय एवं आन्दोलनकारियों को फोटो युक्त पहचान पत्र निर्गत की जाय। सभी आन्दोलनकारी को सरकार द्वारा विशेष चिकित्सा सुविधा, स्मार्ट कार्ड उपलब्ध कराया जाय एवं सरकारी बसों एवं रेलवे में एक सहयोगी के साथ तृतीय श्रेणी निःशुल्क पास दिया जाय। सभी आन्दोलनकारियों को परिसदन एवं विधान सभा अतिथि निवास पर निःशुल्क ठहरने की सुविधा दी जाय।

## एमजीएम स्कूल के खिलाड़ी सीनियर जूडो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : एम जी एम स्कूल बोकारो के दो खिलाड़ी सीनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में परचम लहराने को तैयार है 30 को इठ पब्लिक स्कूल रांची में ओपन चयन प्रक्रिया के दौरान सक्षम कुमार सिंह और प्राची कुमारी का चयन सीनियर राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप जो की केडी जाधव इंदोर स्टेडियम आईजी स्पोर्ट्स कंपलेक्स न्यू दिल्ली में 4 से 7 जनवरी को आयोजित होगी स्कूल के जूडो प्रशिक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि दोनों खिलाड़ी अपने-अपने कैटेगरी में अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो उनका सिलेक्शन उत्तराखंड में होने वाले 38वे राष्ट्रीय खेल के लिए हो सकता है इन जूडो खिलाड़ियों के चयन पर स्कूल के प्राचार्य फादर डॉक्टर जोशी वर्गीस खुशी जताते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं भेंट की साथ ही साथ स्कूल के उप प्राचार्य रेखा बनर्जी, एकेडमिक डायरेक्टर जॉर्ज जोसेफ,हेड मिस्ट्रेस सपना जोशी के साथ स्कूल के अन्य खेल शिक्षकों में राजेश्वर सिंह, मीनाक्षी कुमारी, सौरभ कुमार एवं वंदना कुमारी ने खिलाड़ी छात्रों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## 7 सूत्री मांगों को लेकर 10 जनवरी से इलेक्ट्रो स्टील वेदांता के सामने होगा प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : इलेक्ट्रो स्टील वेदांता प्रबंधन की गलत नीति वादा खिलाफी एवं मनमानी के विरोध में अलकुशा पंचायत के रैयत गैरैयत व तकनीकी प्राप्त बेरोजगार युवकों की बैठक पंचायत मुखिया रोहित रजक की अध्यक्षता में की गई ।बैठक का संचालन युवा नेता सनाउल्लाह अंसारी ने किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 10 जनवरी 25 से इलेक्ट्रो स्टील वेदांता की फोरलेन शहीद निर्मल महतो चौक अलकुशा मोड पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कंपनी स्थापित कल से ही रैयत गैर गैररेयत एवं स्थानीय बेरोजगार युवाओं को धोखा दे रही है। ठगने का काम कर रही है। अधिकार मांगने पर दमनकारी नीति अपना रही है और कार्यरत रैयत मजदूरों को किसी ने किसी बहाने छटनी कर देती है। वर्तमान में रैयत मजदूरों के बीच भुखमरी की स्थिति आ गई है । बच्चे की पढ़ाई बंद हो गई । क्षेत्र में इतनी प्रदूषण फैल रही है कि लोग गंभीर बीमारी से ग्रसित हो रहा है।

**यह है मांग**

मूल रैयत को स्थाई नियोजन। स्थानीय कुशल अर्ध कुशल शिक्षित एवं कुशल युवाओं एवं मजदूरों को रोजगार। ऐसे रैयत गैरत जो आपके अधीन कार्य किया हो और कंपनी द्वारा जबरदस्ती हटाए गए हैं ,उनका पुनः नियोजन बाहल की जाए। कंपनी अधिनियम के तहत सीएसआर फंड के माध्यम से उचित शिक्षा स्वस्थ एवं जल कल्याणकारी कार्यों को किया जाए । कारखाना के द्वारा ध्वनि प्रदूषण वायु प्रदूषण एवं भूमि प्रदूषण को रोकथाम किया जाए जिससे यहां के कृषक परिवार को लाभ मिल सके। आए दिन सड़क हादसा को रोकने के लिए उचित व्यवस्था करना तथा हादसा पीड़ित के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था करना ,कारखाना प्रभावित क्षेत्र के लोगों के लिए स्थाई रूप से अस्पताल का निर्माण एवं कुशल डॉक्टर नर्स की व्यवस्था करना साथ ही ट्रांसपोर्टिंग गाड़ी की गति सीमा पर रोक लगाना तथा नो एंट्री का पालन करना आदि ।

## खो-खो टीम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में परचम लहराने के लिए किया कूच



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो खो खो टीम झारखंड के पूर्वी सिंहभूम घाटशिला में 18वीं सीनियर राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुए। यह प्रतियोगिता 03 जनवरी से 05 जनवरी 2025 तक आयोजित होगी। इस दौरान सीनियर महिला और पुरुष खिलाड़ियों को संघ के संरक्षक कुमार अमरदीप, उपाध्यक्ष योगो पूर्ति, उदय प्रताप सिंह, महेश मुंडा ने बोकारो रेलवे स्टेशन में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान जन आकांक्षा संस्था के महेश मुंडा ने जर्सी सेट दे कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। मौके पर मुंडा ने कहा की खिलाड़ियों का जोश और उत्साह के साथ खेल को बढ़ावा देने के लिए जन आकांक्षा संस्था टीम के साथ हमेशा खड़ा रहेगा। खो खो संघ के संरक्षक कुमार अमरदीप ने सभी खिलाड़ियों को नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत और अनुशासन से लक्ष्य को हासिल करेंगे और बोकारो की पहचान को बनाए रखेंगे। महासचिव सुनित कुमार मल्लिक ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और प्रशिक्षण दी गई है। उम्मीद है दोनों ही टीमें है जिले का नाम रौशन करेगा। इस अवसर पर बोकारो जिला खो-खो संघ के महासचिव सुनित कुमार मल्लिक, अनिल प्रसाद, संजय कुमार,विकास कुमार, अनंत कुमार, प्रवीण कुमार खिलाड़ियों के साथ टिम को लेकर घाटशिला के लिए रवाना हुए।

# सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी बायोमेट्रिक उपस्थिति करेंगे दर्ज : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को उपायुक्त विजया जाधव ने आकांक्षी जिला अंतर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न आयामों स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि जल संसाधन, वित्तीय समावेशन कौशल विकास एवं बुनियादी ढ़ांचा के तहत जिले में किए गए कार्यों/जिले की उपलब्धि को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो आदि उपस्थित थे। इस क्रम में उपायुक्त ने विभिन्न कार्यों से संबंधित सक्सेज स्टोरी/गूड वर्क का प्रेजेंटेशन संबंधित विभागों को तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा को डीएमएफटी के माध्यम से किए गए बेहतर कार्यों/राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में जिले के बेहतर प्रदर्शन को रेखांकित करते हुए पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन तैयार करने का निर्देश दिया। समीक्षा क्रम में स्वाथ्य विभाग के तहत संचालित सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदि में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी नियमित बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करेंगे। जहां बायोमैट्रिक अटेंडेंस मशीन नहीं है, उसे अविलंब अधिष्ठापित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बैठक में उपस्थित सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद को इसे सुनिश्चित करने को कहा। आमजनों को ससमय बेहतर सेवा सुनिश्चित कराने को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। वहीं, सभी प्रखंडों में चिन्हित निजी अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों के साथ एमओयू के कार्य को सिविल सर्जन को अविलंब पूरा करते हुए उसका प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिया। जहां गर्भवती महिलाएं निःशुल्क अल्ट्रासाउंड करा सकेगी। निजी क्लिनिकों का भुगतान विभाग द्वारा सीधे किया जाएगा। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को जिले के किसानों के लिए कृषि बुलेटीन नियमित रूप से जारी करने का निर्देश दिया। उन्हें किसानों के लिए मौसम का पूवार्नुमान, कौन सी फसल लगाएं, कब क्या करें आदि से संबंधित जानकारी साझा करने का निर्देश दिया। वहीं, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता को प्रति सप्ताह आयोजित होने वाले विलेज हेल्थ सैनिटेशन न्यूट्रेशन डे का कैलेंडर तैयार कर उसका प्रचार प्रसार करने। शिविर का लाभ ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को मिले इसे सुनिश्चित करने को कहा।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय जनता युवा मोर्चा के अजय साहनी को मातृ शोक



**धनबाद** : भारतीय जनता युवा मोर्चा पार्टी राजगंज मंडल के युवा मंडल अध्यक्ष अजय साहनी की माता चंद्रा देवी उम्र करीब 65 वर्षीय की बीते रात्री देहांत हो गई। अपने पीछे चार पुत्र, चार पुत्री सहित नाती, नतिनी, पोता,पोती सहित भरा भूरा परिवार छोड़ गए। गुरुवार को सांत्वना देने वाले नागरिकला दक्षिण पंचायत के मुखिया अशोक ठाकुर, रंजित सिंह, छोटू सिंह, अशोक निषाद, कन्हैया निषाद, संजीव साहनी, गौतम निषाद, मनोज निषाद, संजय निषाद, धनंजय कुमार, लबोदर महतो,दिलीप निषाद, शशि साहनी, राहुल बजरंगी, सुबोध सिंह, शिवा मल्लाह, गौतम निषाद, पप्पू निषाद, मनोज ठीकदार, डी के साहनी, बिनोद चौहान, चंदन कुमार, श्याम चौहान,दिनेश कुमार, सीकू पाण्डेय, अंशु कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### तृतीय महोत्सव के अवसर पर 56 भोग का का हुआ वितरण





**धनबाद** : बाबा खाटू श्याम जी के सुमिरन में संघ का तृतीय महोत्सव पर निशान यात्रा सूर्य मंदिर से निकल कर गुजराती धर्मशाला कतरास पहुंची। जिसमें बड़ी संख्या में खाटू श्याम के भक्त शामिल हुए, आज शाम में 56 भोग का महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। तृतीय महोत्सव के अवसर पर बाबा खाटू श्याम के सुमिरन में देश के नामी भजन राजस्थान से गायिका साक्षी अपने भजन से खाटू श्याम के भक्तों का मनमोहक भजन आज रात्रि में प्रस्तुत करेंगी। मौके पर लोगों ने बताया कि बाबा खाटू श्याम भगवान कृष्ण के ही अवतार माने गए हैं। उनकी सुमिरन से हारे हुए का कल्याण करते हैं। खाटू श्याम जी के सुमिरन हर घर में हो और हर घर का कल्याण हो। धर्म का प्रचार हो इसके लिए महोत्सव का आयोजन में बड़ी संख्या में बाबा खाटू श्याम के भक्तों शामिल हुए हैं।

### एकेडब्लू एमसी कार्यलय के समक्ष कर्मचारी संघ ने 43 सूत्री मांगों को लेकर किया प्रदर्शन




**कतरास (धनबाद)**: ए के डब्लू एम सी कार्यलय के समक्ष धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के बैनर तले 43 सूत्री मांगों को प्रदर्शन किया। प्रबंधन ने तीन महीनों से कोई पहल नहीं किया। बाध्य होकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम सोमवार से होगा। इस गेट मीटिंग का संचालन शाखा सचिव अमरेश चौधरी और अध्यक्षता कृष्णा प्रधान जी ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय उपाध्यक्ष भौमिक महतो, केंद्रीय कोषाध्यक्ष राघवेंद्र नारायण पाण्डेय, क्षेत्रीय सचिव शिव शंकर गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामदेव प्रसाद सुमन, सह सचिव राजेश कुमार मंडल, एकेडब्लसी के उपाध्यक्ष कुमुद शेखर कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेश चौहान, संघटन मंत्री उपेंद्र कुमार पांडेय, सेफ्टी बोर्ड मेंबर मधुसूदन रवानी,नरेंद्र कुमार, संतोष सिंह, शंकर दयाल सिंह, तेज प्रकाश गोप, दिलीप कुमार मंडल, सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मिथिला अकादमी की छात्राएं राज्य खो खो प्रतियोगिता के लिए चयनित





**बोकारो** : 18 वीं राज्य स्तरीय सीनियर खो खो प्रतियोगिता 2025 बालिका वर्ग मे जिला का नेतृत्व करने हेतु विद्यालय की छात्राएं पूनम कुमारी, अमीषा कुमारी, सुहानी कुमारी एवं जुली कुमारी चयनित हई । यह प्रतियोगिता 3 जनवरी से 5 जनवरी 2025 पूर्वी सिहभूम झारखण्ड मे आयोजित होगीं बोकारो जिला खो खो संघ के अंतर्गत टीम 2 जनवरी को पूर्वी सिहभूम के लिए रवाना हुई। विद्यालय के अध्यक्ष हरिमोहन झा ने अपने संवाद मे बच्चों के इस उपलब्धि के लिए बधाई दिये। सचिव प्रमोद कुमार झा एवं प्राचार्य अशोक कुमार पाठक ने चयनित खिलाडियों को मुबारकबाद देते हुऐ उनके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

### ब्लडमैन सलूजा ने अपने जन्मदिन पर किया 52वीं बार रक्तदान



**बोकारो** : ब्लड मैन हरबंश सिंह सलूजा ने आज अपने जन्मदिन के खास मौके पर एक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे के लिए रक्तदान किया। श्री सलूजा ने आज अपने जीवन का 52वां रक्तदान किया। ह्यूमैनिटी सेवियर्स के संस्थापक अध्यक्ष श्री हरबंश सिंह सलूजा विगत 16 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं। इनके द्वारा अभी तक 15576 यूनिट रक्तदान कराया जा चुका है। विश्व रिकार्ड धारक श्री हरबंश सिंह सलूजा को उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो हेतु कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए हैं। श्री सलूजा ने कहा कि समाज के सभी लोगों को अपने जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगांठ या किसी भी तरह के खुशी के मौके पर किसी न किसी रूप में दूसरों को भी खुशियां बांटने का कार्य करना चाहिए। इसी क्रम में आज मैंने रक्तदान कर एक मासूम बच्चे को जीवन दान देने की कोशिश की। मेरा मानना है अपनी खुशियों में दूसरों को खुशियां बांटना ही सर्वश्रेष्ठ जीवनशैली है। मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन श्री बी डी मिश्रा, ह्यूमैनिटी सेवियर्स के जयदेव राय एवं अवधेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# बिहार सरकार को भारी पड़ता युवाओं पर लाठीचार्ज का मुद्दा


कुमार कृष्णन

यह मामला नीतीश कुमार पर इसलिये भारी पड़ सकता है क्योंकि रोजगार बिहार का एक प्रमुख मुद्द बन गया है। जिस तरह से राज्य की इस सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण परीक्षा को सरकार की कार्यपद्धति ने संदिग्ध और अपारदर्शी बना दिया है, उसके कारण युवाओं एवं आम जनता में भारी रोष है। लोगों को अब वे दिन भी याद आ रहे हैं जब जेडीयू एवं आरजेडी की सरकार थी और उस समय बड़ी तादाद में लोगों को रोजगार मिले थे।

बिहार में राजनीति कैसे खेल दिखाती है यह तब स्पष्ट दिखाई दिया जब दिसम्बर माह की हाड़ कंपकपाती ठंड के बावजूद आंदोलनरत छात्रों पर पानी की बौछार करवाने की जरूरत उन नीतीश कुमार को पड़ गयी जो स्वयं 1974 के छात्र आंदोलन की उपज हैं। बिहार लोक सेवा आयोग यानि बीपीएससी छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना के बाद बिहार की सियासत में उबाल आ गया है। छात्रों पर लाठीचार्ज के बाद अब दूसरे दलों के नेता भी इस मामले में राजनीति करने लगे हैं। पूरे विपक्ष ने नीतीश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वही पटना की बर्बरतापूर्ण घटना के खिलाफ दूसरे जिलों में भी छात्रों का विरोध प्रदर्शन आरंभ हो गया है। कहा तो यह भी जा रहा है कि बीपीएससी ने जितनी छवि नीतीश कुमार की खराब की है, उतनी किसी ने नहीं की है। पूरे देश में सबसे ज्यादा वैकेंसी बिहार में आई, लेकिन बीपीएससी ने परीक्षा सही तरीके से नहीं कराई और सबसे ज्यादा बदनामी करा दी।

बिहार में बीपीएससी परीक्षा में धांधली को लेकर छात्रों का आंदोलन उठ खड़ा हुआ है। छात्रों की मांग है कि सभी 912 केन्द्रों में बीपीएससी प्रारम्भिक परीक्षाएं दोबारा हों। इस मांग पर पखवाड़े भर से जारी आंदोलन को कुचलने के लिये बिहार सरकार अब बर्बरता पर उतर आई है। रविवार की रात को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान के पास एकत्रित हजारों परीक्षार्थियों पर पुलिस ने भीषण लाठी चार्ज किया और कड़कड़ाती ठंड में पानी की बौछारें की। यहां आंदोलनकारियों का जमावड़ा सुबह से होने लगा था जिन्हें पुलिस बार-बार चेतावनी दे रही थी कि उन्हें प्रदर्शन की इजाजत नहीं है। इसे अनसुना करते हुए बड़ी संख्या में एकत्र हुए परीक्षार्थी पुलिस के बल प्रयोग से घायल हुए हैं तथा अनेक लोगों के खिलाफ पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

नौजवानों के इस जुटान का फायदा लेने के लिये जनसुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर भी पहुंचे और मुख्य सचिव से मिल आये। लौटकर उन्होंने इस बात का श्रेय लेने की कोशिश की कि 'वे 5 प्रतिनिधियों के मिलने की अनुमति लाने में सफल हुए हैं। यदि इसके बाद भी परीक्षार्थी संतुष्ट न हुए तो उससे ऊपर बात की जायेगी।' हालांकि रविवार को जब लाठी चार्ज हो रहा था, तो वे भी मौके से गायब ही हो गये थे। बहरहाल, यह मुद्दा अब लगातार गर्मा रहा है और लोगों में रोष है। बिहार विधानसभा चुनाव भी होने हैं जिसके लिये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य भर में प्रगति यात्रा निकाल रहे हैं। युवाओं के साथ यह जुल्म और उनकी अनसुनी नीतीश व उनकी गठबन्धन सरकार को महंगी पड़ सकती है।




बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70 वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने और दुबारा परीक्षा कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल और लाठी चार्ज के मामले को लेकर सोमवार को पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव राजभवन पहुंचे और राज्यपाल से मुलाकात की। राजभवन से निकलने के बाद सांसद पप्पू यादव ने कहा कि राज्यपाल ने उनकी बातों को सुना। उन्होंने बताया, 'राज्यपाल ने उनके सामने ही बीपीएससी चेयरमैन से बात की और जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को बुलाने की बात कही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से बात करने का भी भरोसा दिया है। उन्होंने लाठीचार्ज की जांच की बात भी की है।' पप्पू यादव ने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर नाम लिए बिना कहा कि 'फ्रॉड किशोर' ने बच्चों को गालियां दीं। वे बच्चों की ताकत नहीं जानते हैं। निर्दलीय सांसद ने राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा है। इसमें परीक्षा को पूर्ण रूप से रद्द करने और पुनर्परीक्षा कराने तथा लाठीचार्ज के दौरान महिला परीक्षार्थियों के साथ दुर्व्यवहार की निष्पक्ष जांच तथा प्रदर्शनकारी छात्रों पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग की है।

इससे पहले पप्पू यादव ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर-के प्रशांत किशोर पर अभ्यर्थियों को धमकाने का आरोप लगाते हुए लिखा, 'प्रशांत किशोर खुद नया नेता बने हैं, और छात्रों को धमका रहे हैं, अपनी औकात का धौंस दिखा रहे हैं। आज जब धेले भर की चुनावी औकात नहीं है तो अहंकार टपक रहा है, छात्रों के सामने बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। छात्र पुलिस से पिट रहे थे आप पीठ दिखाकर भाग गए, सवाल पूछने पर गाली?' पप्पू यादव के मिलने के बाद बीपीएससी के चेयरमैन ने भी राज्यपाल से मिलकर उन्हें पूरी स्थिति से अवगत करा दिया है। पप्पू यादव के सामने ही राज्यपाल ने फोन कर बीपीएससी की चेयरमैन को बुलाया था। दूसरी ओर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) को रद्द करने की मांग को लेकर आंदोलनरत अभ्यर्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा से मिला। हालांकि, इस बातचीत का फिलहाल कोई नतीजा नहीं निकला है। इस बीच छात्रों ने धरना जारी रखने का निर्णय लिया है।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल अनु कुमारी ने कहा, 'उन्होंने हमारी सारी बातों को सुना, ऐसा लगता है कि निर्णय होगा। उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेसी में एक पैमाना होता है, निर्णय लेने का। जांच करने के बाद निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री के पटना आने के बाद मुलाकात करवाने का भी आश्वासन दिया।' राम कश्यप ने कहा, 'उनका कहना था कि एक केंद्र पर 18 हजार बच्चे हैं। ऐसा पहले भी हुआ है कि एक परीक्षा केंद्र की परीक्षा रद्द की गई है। इसके बाद मैंने 28 केंद्रों की सूची सौंपी, जिसमें अनियमितता बरती गई। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सुभाष का कहना है कि जब तक निर्णय नहीं होता है तब तक धरना जारी रहेगा। मुख्य सचिव को कुछ सबूत भी दिए गए हैं। हम लोगों ने 4 जनवरी की बापू परिसर में पुनर्परीक्षा को स्थागित करने की बात भी कही है तथा छात्रों पर हुए मुकदमे को वापस करने की मांग रखी गई है।

70 वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) परीक्षा को लेकर 18 दिसम्बर से प्रदर्शन जारी है। रविवार को परीक्षार्थियों ने प्रदर्शन का ऐलान कर रखा था। पुलिस ने पहले ही मैदान के सारे गेट बन्द कर दिये। परीक्षार्थी फिर भी मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़ने लगे। उन्हें पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। जब वे इसके बावजूद नहीं रुके तो उनके खिलाफ बल प्रयोग किया गया। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा के लिये सितम्बर में विज्ञापन जारी हुआ था। इसमें शामिल होने के लिये लगभग 5 लाख लोगों ने आवेदन किया था। 3.25 लाख ने 13 दिसम्बर को परीक्षा दी परन्तु इसके पर्चे लीक होने, कई कोचिंग संस्थानों द्वारा दिये गये प्रश्नपत्रों से सवाल मिलने तथा अन्य अनियमितताओं के कारण इस परीक्षा को रद्द करने की मांग होने लगी, लेकिन बीपीएससी परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि 'परीक्षा रद्द होने का सवाल ही नहीं है। बेहतर है कि परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा की तैयारियों में जुट जायें।'

यह मुद्दा कहां तक जाता है और सरकार परीक्षार्थियों की मांगें पूरी करती है या नहीं, यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा, परन्तु रविवार के प्रदर्शन में हुई पुलिस कार्रवाई का खामियाजा नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) एवं सहयोगी भारतीय जनता पार्टी के गठबन्धन को भुगतना पड़ सकता है जिन्हें फिर से जनता का सामना करना है। प्रदर्शनकारियों का तो साफ कहना था कि 'उनकी परीक्षा के बाद 2025 में नीतीश कुमार सरकार की परीक्षा होगी।' इशारा साफ है कि दोनों पार्टियों का मताधार खिसक सकता है।

सीपीआई एमएल तो पहले से ही इस आंदोलन का समर्थन कर रहा है। प्रमुख विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि 'परीक्षार्थियों के साथ जो ज्यादती की गयी है, उसे देखकर कलेजा कांप जाता है।' अन्य विपक्षी दल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी आदि भी नीतीश सरकार पर हमलावर हो गये हैं। केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज को गलत बताया है।उन्होंने कहा कि पटना में हुए छात्रों पर लाठीचार्ज और वाटर कैनन के इस्तेमाल का मैं कभी समर्थक नहीं रहा, पुलिस को संयम बरतना चाहिए। छात्र अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरे हैं, तो उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से समझा कर उनकी समस्याओं के निदान के लिए प्रयास करना चाहिए, न कि लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'मैंने मुख्यमंत्री से भी कहा है कि ऐसे पुलिस अधिकारी जो ऐसे कार्यों में संलिप्त पाए जाते हैं, उन पर भी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।'

## संपादकीय

### ठंड़ी नहीं हुई है आग

मणिपुर में पिछले दिनों जो भी भयावह घटा, जिस तरह से दो मुख्य समुदायों मेइती और कुकी के बीच खुली झड़पें हुई, हत्या, रेप और आगजनी की घटनाओं के बाद पलायन-विस्थापन हुआ उसने समूचे भारतीय लोकतंत्र को झकझोर दिया था। प्रदेश की बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को इस ड़रावनी हिंसा पर नियंत्रण न कर पाने के लिए प्राथमिक तौर पर जिम्मेदार ठहराया जाना था, ठहराया भी गया। एक सहज सवाल जिस तरह जिंदा था, वह आज भी जिंदा है कि आखिर, प्रदेश और केंद्र की शक्तिमान मोदी सरकार हिंसा पर लगाम क्यों नहीं लगा सकीं। इसका एक उत्तर यह है कि वहां की घटनाएं कानून व्यवस्था की सामान्य घटनाएं नहीं थीं। दो समुदायों के बीच उनके तमाम आर्थिक हित-अहित के बावजूद पहचानगत विद्वेष से जन्मी घटनाएं थीं। दुनिया में जिस तरह से विभिन्न समुदायों के बीच पहचानगत दुराग्रहों को लेकर टकराहटें बढ़ रही हैं, उसी का उदाहरण मणिपुर में मिलता है। तिस पर इस सीमांत राज्य में घुसपैठ, हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी आदि राज्येतर शक्तियों का भी खासा प्रभाव रहा है। याद रखना चाहिए कि जिन्हें ड़ीपस्टेट कहा जाता है वे शक्तियां, जो आंतरिक भी हो सकती हैं और देश के बाहर भी, पहचानगत टकराहटों का फायदा उठाती हैं। मणिपुर में यह खेल शातिर तरीके से खेला गया। पहचानगत टकराहटों के बीच अनेकानेक शक्तियों के हित भी शामिल हों तो किसी भी लोकतांत्रिक राज्य के लिएइन पर काबू पाना आसान नहीं होता। इस समय तो और भी नहीं जब संलिप्त कोई समूह अपनी आस्था के केंद्रों की पहचान सीमा पार के समूहों के साथकरता है। अब वहां की स्थितियां काफी निर्यंत्रित हो गई हैं। शायद इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए और पुनः वैधता प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री सिंह ने क्षमा याचना की हो। बहरहाल, मुख्यमंत्री की नये वर्ष के शुभारंभ पर शांति की अपील के कुछ सार्थक परिणाम मिलते हैं तो इसका औचित्य सिद्ध होगा। फिर भी न राज्य और न केंद्र सरकार हालात में तात्कालिक सुधार को लेकर निश्चिंत हो सकती हैं। पहचानगत समस्याओं का हल गहरी समझदारी, राजनीतिक कौशल और दोनों समुदायों के बीच पारस्परिक सहकार के समुचित सूत्रों को मजबूत करके ही प्राप्त किया जा सकता है। मणिपुर की आग धधक भले ही न रही हो लेकिन सुलग अब भी रही है। भविष्य यह निर्धारित करेगा कि केंद्र और राज्य की सरकार इसे पूर्णतः बुझाने में किस तरह और कब तक सफल होती हैं।


## चिंतन-मनन

### धर्मराज युधिष्ठिर ने निभाया था भ्रातृ धर्म

गहन वन से तृषार्त पाण्डव गुजर रहे थे। पानी की तलाश में वे इधर-उधर घूम ही रहे थे कि अकस्मात उन्हें एक सरोवर दिखाई दिया। भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव जल पीने के पूर्व ही मृत्यु का ग्रास बन गए। कारण यह था कि एक यक्ष ने उनसे प्रश्न किए थे, किंतु उन्होंने उस ओर ध्यान नहीं दिया और बिना जवाब दिए ही पानी पीने लगे। लेकिन वे यक्ष का कोपभाजन बने और उन्हें मृत्यु प्राप्त हुई। इतने में युधिष्ठिर आए और पानी पीने की कोशिश करने लगे। उनसे भी यक्ष ने प्रश्न किए, जिनके युधिष्ठर ने समुचित उत्तर दे दिए। तब यक्ष ने प्रसन्न होकर कहा, तुम जल पीने के अधिकारी हो। मेरी इच्छा है कि तुम्हारे चारों भ्राताओं में से किसी एक को जीवन दान दूं। बोलो, मैं किसे पुनर्जीवित करूं?

प्रश्न बड़ा ही विचित्र था और साथ ही कठिन भी, क्योंकि युधिष्ठिर को चारों भाई एक समान प्रिय थे, तथापि एक क्षण भी सोचे बिना वे बोले, यक्षश्रेष्ठ आप नकुल को ही जीवन दान दें। यक्ष हंस पड़ा और बोला, धर्मराज, कौरवों से युद्ध में भीम की गदा और अर्जुन का गांडीव बड़ा ही उपयोगी सिद्ध होगा। इन दो सगे भाइयों को छोड़कर नकुल का जीवन क्यों चाहते हो। धर्मराज बोले, यक्षश्रेष्ठ हम पांचों भ्राता ही माताओं के स्नेह चिह्न हैं। माता पुंती के पुत्रों से मैं शेष हूं, किंतु माद्री मां के तो दोनों ही पुत्र मर चुके हैं। अत? यदि एक के ही जीवन का प्रश्न है, तो माद्री मां के नकुल का ही पुनर्जीवन इष्ट है। यक्ष ने सुना, तो भावविह्वल हो बोला, युधिष्ठिर तुम धर्मतत्व के ज्ञाता हो, मैं तो सिर्फ तुम्हारी परीक्षा ले रहा था कि तुम वास्तव में धर्म के अवतार हो या नहीं। अतएव मैं चारों भाईयों को जीवन देता हूं।

# संघ की पीड़ा-शताब्दी वर्ष में यह असहनीय उपेक्षा....?


ओमप्रकाश मेहता

भारत की आजादी का यह 78वां साल है और गणतंत्र का हीरक वर्ष, इस लम्बी अवधि के दौरान अधिकांश समय तो कांग्रेस का ही राज रहा, किंतु पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी द्वारा 1975 में लगाए गए ढाई वर्षीय आपातकाल के बाद देश के वोटर ने नया प्रयोग कर प्रमुख प्रतिपक्षी दलों द्वारा गठित जनता पार्टी को शासन का मौका दिया, वह आजाद भारत में पहला गैर कांग्रेसी शासन था, उसके बाद अटल जी का राज आया और उसके एक दशक बाद पुनः सत्ता भाजपा के हाथों में आ गई और 2014 में श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी प्रधानमंत्री बने जो आज भी यथावत है, आज राज-काज का यह इतिहास बताने का मेरा मुख्य मकसद यह है कि हमारे देश के आम वोटर की भी धारणाऐं समय-समय पर बदलती रही और प्रतिपक्षी दलों की सरकारें भी बनती रही और चूंकि भारत में केन्द्रीय स्तर पर केवल दो ही प्रमुख राजनैतिक दल मुख्य है, इसलिए देश की सत्ता इन्ही दोनों दलों कांग्रेस या भारतीय जनता पार्टी (पूर्व जनसंघ) के हाथों में ही केन्द्रित रही। इस दौरान 1977 के जनता पार्टी राज के बाद पिछली सदी के अंत में देश में भाजपा की सरकार बनी थी और उसके बाद 2014 में और इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा का ही राज रहा और उसके सहयोगी संगठनों का भी बोलबाला रहा, जिनमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आर.एस.एस.) भी शामिल है, भाजपा की पिछली सरकारें खासकर अटल जी की सरकार के समय भी संघ का वर्चस्व रहा, किंतु अब पहली बार मोदी जी के शासन के इस दौर में संघ अपने आपकों उपेक्षित और तिरस्कृत समझ रहा है और उसे महसूस हो रहा है कि पिछले एक दशक से उसकी कोई पूछ परख नही है, आज इसी बात की पीड़ा संघ प्रमुख मोहन भागवत के मुख मण्डल पर स्पष्ट नजर आ रही है, अब मोदी जी व उनकी सरकार कोई भी बड़ा फैसला लेने के पहले संघ से न तो बात करती है और न ही संघ के पदाधिकारियों को विश्वास में ही लेती है, मतलब यह कि इसी कारण संघ व उसके पदाधिकारी अपने आपको उपेक्षित और ठगा सा महसूस कर रहे है और यह सब पहली बार हो रहा है, संघ प्रमुख जिनके कि नेतृत्व में कभी भाजपा, विश्व हिन्दू परिषद आदि संगठन हुआ करते थे, आज संघ व उनके पदाधिकारियों की कोई पूछ-परख ही नही है, संघ ने कभी सपने में भी ऐसे समय की कल्पना नही की थी, अब न तो मौजूदा केन्द्रीय सरकार में और न ही भाजपा संगठन में संघ की कोई पूछ-परख है, अर्थात आज संघ पूरी तरह से हर तरफ से उपेक्षित है, यही पीड़ा संघ प्रमुख को दिन-रात सताए जा रही है और इसी पीड़ा में संघ प्रमुख की नित नई बयानबाजी उनकी 'कराह के रूप में प्रकट कर रहे है'।

अब इन हालातों का भविष्य में किस पर क्या असर होगा? देश के आम वोटर की सहानुभूति किसके साथ रहेगी? यह तो भविष्य के गर्भ में है, किंतु राजनैतिक दलों को यह ध्यान रखना चाहिए कि आज के देश का आम वोटर उतना 'नादान' नही रहा है, जितना




कभी था, इसलिए राजनीतिक दलों को अपनी भूमिका और उसका भविष्य सोच समझकर तय करना पड़ेगा।

# कांग्रेस हरियाणा नहीं हारती तो 25 की शुरूआत अलग होती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल है। इस वर्ष वे बतौर प्रधानमंत्री 11 वर्ष पूरे करेंगे। वे तीसरी बार प्रधान मंत्री बने हैं। मीडिया ने बहुत उछाला कि नेहरू के रिकार्ड की बराबरी। मगर नेहरू जब तक प्रधनमंत्री रहे 1964 तक तब तक उनके काम ही चर्चा के केन्द्र में रहे। और 27 मई 1964 के बाद आज तक भी वे ही टाक आफ द टाउन (जिसकी हर जगह चर्चा होती है, सिर्फ उसी की बातें होती हैं) हैं।

नया साल शुरू हुआ है। बात तीन बार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काम की होनी चाहिए। मगर नेहरू को रिप्लेस करके अगर कोई उस जगह चर्चा के केन्द्र में आता है तो वह फिर राहुल होते हैं। 11 साल से या साढ़े दस साल कहें विपक्ष में ही हैं। मगर चाहे मीडिया हो या सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा और या मोदी सरकार सब 2024 के जाने से पहले और 2025 के आने के बाद भी राहुल को ही याद कर रहे हैं।

वह तो हाथ में आया हरियाणा टपका दिया नहीं तो इस समय खाली याद ही नहीं कर रहे होते राहुल दिमाग में छाया होता। फोबिया हो जाता। लोकसभा चुनाव में शानदार ढंग से मोदी जी को 240 पर रोक लिया था। यह वैसा ही था जैसा 2017 के विधानसभा चुनाव में गुजरात में इसी राहुल ने भाजपा को 99 पर रोका था। मगर कन्सिस्टेन्सी (निरंतरता) जिसे भारतीय क्रिकेट टीम भी बार बार भूल जाती है नहीं रख पाने के कारण फिर अपने विरोधियों को नया मौका दे देती है।

हरियाणा में कांग्रेस ने यही कहा। राहुल ने बहुत लूज शाट खेला था। यह कहकर कि यह आपस में लड़ जाते हैं फिर इन्हें एक करने का काम मेरा है। गुटबाजी की बात इतनी हल्की नहीं थी कि राहुल इस तरह का केजुअल शाट खेल देते। मगर राजस्थान में भी इस तरह खेला और नतीजा वही हुआ। मैच गंवा दिया।

अब बेलगावी कर्नाटक के सीडब्ल्यूसी में घोषणा की है कि यह साल 2025 संगठन का साल बनाएंगे। देखते हैं! संगठन को लेकर क्या सोच है इनकी। वैसे तो दो साल से ज्यादा हो गए हैं खरगे जी को अध्यक्ष बने। अब तक तो सब हो जाना चाहिए था। जिनके हेड रोल्स (सख्त सजा) होना थे हो जाना चाहिए थे। और जिन नए लोगों को मौका मिलना था मिल जाना चाहिए था।

बेलगावी की सीडब्ल्यूसी में एक बात बहुत खास कही गई है। अगर इन लोगों ने खरगे, राहुल, प्रियंका ने कर दी तो कांग्रेस का रूप चेंज हो जाएगा। वह बात कही गई है कि हम संगठन के लिए लोगों को ढुंढ कर निकालेंगे। यह काम इन्दिरा गांधी करती थीं। जनता में से पार्टी के सिम्पेथाइजर निकालना, उनमें से कार्यकर्ता बनाना और कार्यकताओं को नेता बनाना। संगठन का तरीका ही यही है। आज की कांग्रेस को तो सिम्पेथाइजर शब्द मालूम ही नहीं होगा।

कार्यकर्ता को तो भूल ही गए हैं। और नेता वही दिखते हैं जो इस गोदी मीडिया को खुश करके उसमें खुद को दिखाते रहते हैं। पता नहीं राहुल प्रियंका के दिमाग में यह सवाल आता है कि नहीं कि इनसे पूछें कि तुम्हें यह मीडिया इतना दिखा कैसे देता है? जो रात दिन हम लोगों को कोसता रहता हो। कांग्रेस के नाम में ही कीड़े निकालता रहता हो वह तुमसे किस बात पर खुश है? मीडिया कांग्रेस के नाम पर खरगे, राहुल, प्रियंका को दिखाए, कांग्रेस की बातें बताए तब तो पार्टी को कुछ फायदा है। वरना इन कुछ नेताओं के मीडिया में चमकने से कांग्रेस को क्या फायदा?

खैर हरियाणा में कांग्रेस ने अपना बहुत बड़ा नुकसान किया। अगर यह आपस में इस गंदे तरीके से नहीं लड़ते तो ईवीएम की कोशिशें भी शायद असफल हो जातीं। ईवीएम एक पहलू है। मगर जब पार्टी खुद ही कमजोर हो जाए तो ईवीएम को तो दुगनी ताकत से अपना खेल करने का मौका मिल जाता है। और मान लीजिए ईवीएम ने हराया तो फिर क्या यह भी मान लें कि आपने कोई गलती नहीं की। कोई नहीं चिल्ला रहा था कि मुझे मुख्यमंत्री बना दो। क्या मैं बनुंगा मुख्यमंत्री, मैं बनुंगी के प्रलाप से कोई नुकसान नहीं हुआ? तो फिर पार्टी अध्यक्ष खरगे ने नवंबर में दिल्ली की सीडब्ल्यूसी की मीटिंग में यह क्यों कहा कि पार्टी के नेता एक दूसरे के हराने में लगे हुए थे?

तो अगर हरियाणा नहीं गंवाया होता तो महाराष्ट्र में भी सीन यह नहीं होता। और 2025 कांग्रेस बहुत उत्साह से शुरू करती। लेकिन उत्साह कहीं नहीं है। भाजपा जिसमें होना चाहिए वह अपनी नकारात्मकता से निकल ही नहीं पा रही। गुजर गए मनमोहन सिंह से घबरा गई। उनके खिलाफ व्हट्सएप मुहिम शुरू कर दी। गांधी नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह सब खराब हैं। और इनमें सबसे उपर राहुल। राहुल के पीछे ऐसे पड़े रहते हैं जैसे राहुल के बारे में अगर एक दिन भी खराब बोलना बंद कर देंगे तो राहुल छा जाएगा।

उन्हें यह नहीं मालूम कि राहुल तो छाया हुआ है। बस अपने खुद स्वभाव के कारण फिनिशर नहीं बन पा रहा। पहले भारत की क्रिकेट टीम के साथ भी यह समस्या थी। मगर फिर उन्होंने मैच फिनिश करना सीखा। मतलब खेले तो अच्छा और जीते भी। देखते हैं 2025 जिसके बारे में कांग्रेस ने अपनी बेलगावी सीडब्ल्यूसी की मीटिंग में बड़ी बड़ी घोषणाएं की हैं क्या होता है। संगठनका महत्व है अपना। मगर नेतृत्व का सबसे ज्यादा है। नेतृत्व अपने नेताओं को जवाबदेह बनाने वाला होना चाहिए। इन्दिरा गांधी का नेतृत्व तो डर पैदा करता था। डर इस बात का कि नेता गलत करेगा तो बचेगा नहीं। 1980 वापसी करते ही अर्जुन सिंह को बना दिया था मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री। सारे बड़े बड़े नेता पूर्व मुख्यमंत्री श्यामाचरण शुक्ल प्रकाश चंद सेठी देखते रह गए। नया नेतृत्व पैदा कर दिया था।

पता नहीं राहुल अपने मुख्यमंत्रियों से कामों का हिसाब किताब भी मांगते हैं या नहीं? ऐसे ही पार्टी के महासचिवों, प्रदेश अध्यक्षों, डिपार्टमेंट के चैयरमेनों से। यह काम नेतृत्व में किसी को करना पड़ेगा। खरगे खुद करें, प्रियंका करें। और राहुल जो वकाई कांग्रेस के सबसे बड़े जननेता हैं वे करें तो सबसे अच्छा।

अभी राहुल का समय है। बीजेपी का कोई दांव कामयाब नहीं हो रहा। उनके विदेश जाने को मुद्दा बनाया जा रहा है। मगर नहीं बन रहा। लोग मानने लगे हैं कि राहुल उन जैसे हैं। हिप्पोक्रेट नहीं हैं। झूठे हार्ड वर्क 16- 18 घंटे काम करने की कहानी नहीं फैलाते हैं। छुट्टी जैसे हम सब मनाते हैं वह भी मनाते हैं। सबको मनाना भी चाहिए।

मगर यह जो राहुल का समय है जिसे क्रिकेट में फार्म कहते हैं। हमेशा रहने वाला नहीं है। फार्म को हमेशा



अस्थाई माना जाता है। टेंपरेरी। क्लास को परमानेंट। स्थाई। राजनीति में क्लास क्या है? उच्च स्थिति में। अपने निर्णयों को मनवाना। मेहनत तो राहुल बहुत करते हैं। जनता में भी बहुत जाते हैं। दो यात्राएं जबर्दस्त रहीं। समाज के अलग कामकाजी समूहों में जा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर लोकसभा में प्रभावी प्रदर्शन कर रहे हैं। हर काम में परफेक्ट। मगर नेता का काम होता है लोगों से काम लेना। सबसे बड़ा काम वही है। राजीव गांधी क्या कोई कम अच्छे प्रधानमंत्री थे? मगर टीम पर नियंत्रण नहीं रखा। परिणाम कुर्सी तो गई बदनाम अलग हुए। बाद में वीपी सिंह ने कहा कि बोफोर्स में कुछ नहीं था। मगर उसका क्या मतलब। ऐसा ही अब 2 जी में कहा गया। मगर अब क्या? राजीव गांधी भी चले गए मनमोहन सिंह भी चले गए।

नेता को अपने सामने स्थितियों पर कंट्रोल रखना होता है। गलत को गलत सामने साबित करना और अपने नेताओं से करवाना होता है 1977 की हार को इन्दिरा गांधी 1980 में गलत साबित कर दिया। अगर इससे ज्यादा टाइम लगा देतीं तो आज कहीं कांग्रेस होती भी? बाकी अभी राहुल का समय है। मगर उसका उपयोग कितना हो पा रहा है यह कांग्रेस को और खुद उन्हें देखना और सोचना है।

-शकील अख़्तर

## एक नजर

### दो सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

**गिरिडीह :** जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र में गुरुवार को दो अलग- अलग सडक हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। पहली घटना निमियाघाट थाना के ईसरी बाजार में कलाली रोड के समीप की है। बताया गया कि टीएमटी छड़ लोडेड ट्रेलर ने एक मारुति ओमनी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मारुति सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ईसरी बाजार के रहने वाले चीकू पंडित (30) के रूप में की गई है। वहीं दूसरी घटना डुमरी के असुरबांध के समीप हुई। जहां एक अज्ञात गाड़ी के टक्कर से बाइक चालक पीयूष महतो (19) की मौत हो गई।मृतक नावाडीह के कुरपनिया गांव का रहने वाला था । पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस दोनों मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

### पलामू में सात एकड़ में पोस्ता की खेती नष्ट

**पलामू :** पलामू जिले के मनातू और पांडू थाना क्षेत्र में पोस्ता की खेती नष्ट करने को लेकर गुरूवार को अलग अलग अभियान चलाया गया। मनातू थाना क्षेत्र में ग्राम झांटी के जंगल में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 05 एकड़ में अवैध रूप से की गई पोस्ता की खेती को नष्ट किया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जंगल में छापा मारा और बड़े भूभाग पर अवैध पोस्ता की खेती का खुलासा किया। टीम ने मौके पर ही ट्रैक्टर से फसल को नष्ट कर दिया और संबंधित मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर पांडू थाना क्षेत्र के ग्राम सिलदली में पुलिस ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लगभग दो एकड़ क्षेत्र में फैली अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई योजनाबद्ध तरीके से की गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध फसल की पहचान की और उसे तुरंत ट्रैक्टर से नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान पुलिस बल ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। अवैध खेती में लिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है, और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पुलिस की ओर से इस सीजन में अबतक 100 एकड़ से अधिक भूभाग पर पोस्ता की खेती नष्ट कर नशे के सौदागरों को बड़ झटका दिया है।

### शराब बिक्री में अनियमितता को लेकर टॉस्क फोर्स का हुआ गठन

**रांची :** राज्य में शराब की बिक्री में हो रही अनियमितता को देखते हुए टॉस्क फोर्स का गठन किया गया है। ये टॉस्क फोर्स कहीं भी कभी भी जांच कर सकती है। उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गुरुवार को देशी शराब उत्पादकों के साथ हुई बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में आठ देशी शराब उत्पादन की फैक्ट्री है। इसमें लंबे समय से उत्पादन बाधित है। राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। वर्ष 2020-21 में 25 लाख 65 हजार 850 पेटी देशी शराब की बिक्री हुई। 2022-23 में छह लाख 95 हजार 306 पेटी की बिक्री हुई। वहीं 2023-24 में तीन लाख 24 हजार 211 पेटी की ही बिक्री हुई। निशिचत रूप से शराब की बिक्री में गिरावट आई है। इससे रोजगार सृजन में भी कमी आई है। उन्होंने देशी शराब उत्पादकों से कहा कि इस खपत को पूरा करें, नहीं तो दूसरे राज्यों से देशी शराब का आयात किया जाएगा। मंत्री ने देसी शराब की जगह अवैध देशी शराब का सेवन करने वालों को सावधान किया। कहा कि देसी शराब में हर मापदंड का ख्याल रखा जाता है, जो पीनेवालों की सेहत के लिए नुकसानदायक नहीं है। राज्य के राजस्व के लिए फायदेमंद भी है।

# महाराष्ट्र से एसडीएम के नाम से आया लेस्लीगंज बीडीओ को कॉल, मांगे पैसे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** जिले के नीलांबर पितांबरपुर-लेस्लीगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह को कॉल करके खाते में पैसे मांगे गए। फोन करने वाले शख्स ने खुद को एसडीएम बताया और खाता नंबर भेजने की बात कहते हुए पैसे ट्रांसफर करने को कहा। लगातार 10 बार कॉल आने पर बीडीओ सह सीओ ने इसकी जानकारी थाना प्रभारी को दी और जांच कर कार्रवाई करने को कहा है। थाना प्रभारी की जांच में पता चला है कि बीडीओ सह सीओ को महाराष्ट्र से कॉल किया गया था। पूरे मामले की जांच तेज कर दी गयी है। नीलांबर पितांबरपुर-लेस्लीगंज के बीडीओ सह सीओ को गुरुवार को एक ही नंबर से लगातार 10 बार कॉल आया। फोन पर मौजूद शख्स ने खुद को एसडीएम बताया और पैसे की मांग की। बीडीओ सह सीओ सुनील कुमार सिंह ने तत्काल इसकी सूचना थाना प्रभारी को दी एवं कार्रवाई करने को कहा। बीडीओ सह सीओ ने बताया कि मोबाइल नंबर 9955856779 से सुबह 8 बजे से 10 के बीच में लगभग 10 बार कॉल आया और कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपने आप को एसडीएम बताया और कहा कि तुम बीडीओ नीलांबर पितांबरपुर बोल रहे हो न, मैं एसडीएम बोल रहा हूं, मैं खाता नंबर भेज रहा हूं, उसमें पैसे डालो। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने प्रारंभिक जांच पड़ताल शुरू करते हुए कहा कि फोन महाराष्ट्र से आया था। पूरे मामले की जांच तेज की गयी है। जल्द ही पूरा मामला स्पष्ट कर दिया जाएगा।

## डीडीसी ने की जिला आधार निगरानी समिति की बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला आधार निगरानी समिति की बैठक हुई। उप विकास आयुक्त कार्यालय में हुई बैठक में सभी प्रखण्डों के सर्विस प्लस अंतर्गत आधार इनरॉलमेंट के स्थिति की समीक्षा की गई। इसमें सदर प्रखण्ड लोहरदगा, सेन्हा और किस्को प्रखण्ड की स्थिति समीक्षा असंतोषजनक पाया गया। इसमें संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को भौतिक निरीक्षण कर लंबित आवेदनों को निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। सदर अस्पताल परिसर में आधार सेवा केंद्र प्रारंभ कराने के लिए आधार किट उपलब्ध कराने का निदेश डीपीओ, यूआईडी कोषांग लोहरदगा को दिया गया। प्रखण्ड स्तर पर आधार सेवा केंद्र में आधार इनरॉलमेंट की सतत निगरानी का निदेश डीपीओ यूआईडी कोषांग, लोहरदगा को दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी कोषांग देवप्रकाश विक्की, उप डाकपाल मुख्य डाकघर लोहरदगा सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी और अन्य उपस्थित थे।

## रसूखदारों की जमीन बचाने के चक्कर में गरीबों के साथ अन्याय न करे प्रशासन : रामानंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** मेदिनीनगर सदर प्रखंड की चियांकी पंचायत के अनाहरबाग टोला में स्थानीय ग्रामीणों के बुलावे पर गुरूवार को पहुंचे सदर 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह कांग्रेस महासचिव रामानंद पाठक ने ग्रामीणों के साथ बैठकर उनकी समस्या को जाना। उन्हें बताया गया कि भोगू से शंखा तक एनएचएआई की देखरेख में फोरलेन सड़क निर्माण कार्य कर रही भारत वाणिज्य प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मियों के जरिये असहाय लोगों को घर से बेघर करते हुए इस कड़ाके की ठंड में घरों को खाली करने की धमकियां दी जा रही है। ग्रामीणों से मामले से अवगत होने पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने कहा कि रसूखदारों की जमीन बचाने और व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें जिला प्रशासन, एनएचएआई और निर्माण कार्य कर रही भारत वाणिज्य कंपनी की सहमति है। पाठक ने कहा कि विकास होना चाहिए। सड़क निर्माण कार्य भी हो पर इस ठंड के मौसम में इस तरह से लोगों को बेघर नहीं करना चाहिए। ठंड के मौसम में पशु-पक्षी को भी बेघर नहीं किया जाता तो यह तो मनुष्य है। मानवता तो होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि लोगों से ज्ञात हुआ कि अभी ही कुछ दिन पहले अतिक्रमित की गई भूमि पर पुराने घर की मुआवजा की राशि कुछ रैयतों के बीच जिला प्रशासन द्वारा दिया गया है और जल्द से जल्द घर को खाली करने के लिए दबाव बनाए जा रहे हैं, जिस पर उपाध्यक्ष ने जिला प्रशासन से मांग की कि मुआवजा राशि डालने के बाद कम से कम तीन महीना का समय दिया जाए, ताकि गरीब असहाय किसी तरह इतने कम समय में झुग्गा झोपड़ी शेड लगाकर भी अपने परिवार बाल बच्चों को रख सके। बुजुर्ग महिला कालिया कुंवर (80) ने अपनी व्यथा 20 सूत्री उपाध्यक्ष को सुनाई। इस पर उन्होंने कहा कि इस मसले पर उपायुक्त से मिलकर जानकारी देते हुए कुछ दिनों का समय दिलाया जाएगा और अगर जिला प्रशासन से सहयोग नहीं मिला तो सरकार तक यह बात पहुंचाई जाएगी। उपाध्यक्ष को यह भी शिकायत मिली की पुराने कुआं की मुआवजा राशि के तौर पर 50 हजार भू अर्जन वह जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई है, जिस पर उन्होंने कहा कि सरकार कुएं का निर्माण करने के लिए आज 250000 से 300000 खर्च कर रही है, वही आज कुआं भरने के लिए 50000 हजार दिए जा रहे, जो की कहीं से उचित नहीं है। मौके पर हरेश्वर सिंह, बाबूराम सिंह, कमलेश सिंह, विकास सिंह, विनोद सिंह, उपेंद्र सिंह, रोहिणी देवी, रोनी कुमारी, सुनीता देवी, कविता कुमारी, कुस्नी कुमारी, सुनीता कुमारी, रीमा कुमारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव के पहले दिन निकाली गई प्रभात फेरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ में श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव के पहले दिन गुरुवार को शहर के मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब से प्रभात फेरी शुरू की गई। कड़ाके की ठंड होने के बावजूद साध संगत में कमी नहीं आई। इस दौरान साध संगत दीनानाथ सुनो अरदास राजन के राजा महाराजा के महाराजा जो लड़े दिन के हैत, सुरा सोई गोविंद के गुण गाओ, साधु गोविंदा के गावो आदि सब्दो से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। निशान साहेब पर पुष्प की माला डाली, निशान साहब की सेवा जसकीरत सिंह सैनी, गुरजोत सिंह सैनी के द्वारा नंगे पैर की गई। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर लोहार टोला, चट्टी बाजार, झंडा चौक, सुभाष चौक होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंची। मौके पर प्रधान परमदीप सिंह कालरा, अमरजीत सिंह सैनी, कुलवंत सिंह मारवाह, तेजेंद्र सिंह सोनी, मशहूर गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, अंगद सिंह चंडोक, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, रसप्रीत सिंह जग्गी, रौनक, कमल जस्सल, पप्पू जस्सल, रणजीत सिंह, हरजीत सिंह, जसमीत कौर सोनी, रोमी छाबड़ा, गुरबक्श कौर, सुमी जौली, सतविंदर कौर, कुदरत छाबड़ा, निक्की लांबा, लवली लांबा, बलविंदर कौर छाबड़ा, बबली सोनी, सोमा जस्सल सहित सिख समाज के कई महिला-पुरुष शामिल थे।

## नववर्ष पर झारो नदी पर उमड़ी सैलानियों की भीड़, गाजे-बाजे के साथ मनाया जश्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गिरिडीह :** मौसम की बेरुखी के बावजूद गिरिडीह में नया साल काफी धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार की रात 12 बजने के साथ ही लोगों ने साल 2025 का स्वागत उत्साह के साथ किया। बुधवार अहले सुबह भगवान की पूजा-अर्चना के बाद लोग गाजे-बाजे के साथ अपने परिवार एवं दोस्तों के साथ पिकनिक स्पॉट के लिए रवाना हुए। पिकनिक स्पॉट पर सुबह आठ बजे से ही सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी लोग अपने-अपने ग्रुप और परिवार के सदस्यों के साथ मनोरंजन करते नजर आये। जमुआ के झारो नदी और डोमन पहाड़ी जंगल में भी सैलानियों की काफी भीड़ उमड़ी। वहीं कुछ लोग गरीबों को कंबल बांटकर तो कुछ लोग भोजन खिलाकर नववर्ष मनाये। बीडीओ अमल कुमार ने बताया कि जमुआ के विभिन्न पिकनिक स्थलों पर प्रशासन की नजर थी। हर जगह शांतिपूर्ण तरीके से पिकनिक संपन्न हुआ। जमुआ में पिकनिक स्पॉट पर भीड़ को नियंत्रित करने और विधि व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए जमुआ बीडीओ अमल कुमार और थाना प्रभारी मणिकांत कुमार ने मजिस्ट्रेट व पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की थी। जनसेवक नित्यानंद चौधरी, जेई शशांक सौरव और बीसी नीरज कुमार बतौर मजिस्टेट तैनात थे। वहीं बीडीओ अमल कुमार ने खुद झारो नदी का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया।

# राष्ट्रीय पैरा आर्चरी गेम्स में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे लक्ष्मी और झोंगो पाहन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** जीवन में कठिनाइयां चाहे जैसी भी हों, अगर मन में कुछ करने का जज्बा औ समर्पण हो तो कोई भी रुकावट मुश्किल नहीं लगती। खूंटी जिले के सिल्दा गांव के दो युवा तीरंदाज, लक्ष्मी परधिया और झोंगो पाहन, इस बात के बेहतरीन उदाहरण हैं। ये दोनों खिलाड़ी अपनी कड़ी मेहनत, संघर्ष और आत्मविश्वास के साथ न सिर्फ अपनी दिव्यांगता को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि खेल के बड़े मंचों पर भी अपनी और खूंटी जिले की पहचान बनाने की ओर अग्रसर हैं। छह से 12 जनवरी तक राजस्थान के जयपुर में आयोजित होनेवाली 6वीं राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी प्रतियोगिता में दोनों तीरंदाजी झारखंड की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। लक्ष्मी केजीबीवी मुरहू विद्यालय की 12वीं की छात्रा है और महज एक महीने पहले यानी गत दिसंबर से ही उसने आर्चरी का अभ्यास शुरू किया, वहीं झोंगो नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय में दसवीं का छात्र है। दोनों के लिए तीरंदाजी सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि उनके सपनों को पूरा करने का जरिया बन गई है।. दिसंबर 2023 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों सम्मानित हो चुके झोंगों पाहन पिछली बार पंजाब के पटियाला में हुए नेशनल पैरा आर्चरी गेम्स में भाग ले चुका हैं। बचपन में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में अपने तलवे को गंवा चुकने के बावजूद लक्ष्मी परधिया ने कभी हार नहीं मानी और पहले कराटे और अब तीरंदाजी में अपनी दिव्यांगता को चुनौती देते हुए अपनी नई पहचान बनाने में जुटी है। झोंगो पाहन की स्थिति भी अलग नहीं है। वह पोलियो से ग्रस्त हैं, लेकिन यह शारीरिक समस्या उसे तीरंदाजी के प्रति अपने प्यार और समर्पण से नहीं हटा सकी। पैरा ओलंपिक खेलों में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतने और भारत का नाम रौशन करने का सपना ही अब इन दोनों खिलाड़ियों का एक मात्र लक्ष्य है। झोंगो के पिता गुसु पाहन गांव में चरवाहा हैं, जबकि लक्ष्मी के पिता अन्य राज्य में मजदूरी करते हैं। उनके परिवारों की हालत बेहद कठिन है। फिर भी इन बच्चों ने अपनी मेहनत और संघर्ष से यह साबित कर दिया है कि हालात चाहे जैसे भी हों, अगर इरादा मजबूत हो तो कोई भी मुश्किल नहीं ठहर सकती।।गरीबी और शारीरिक चुनौतियों के बावजूद, इन दोनों ने कभी अपने सपनों को मरने नहीं दिया। लक्ष्मी और झोंगो, नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय के तीरंदाजी केंद्र में अभ्यासरत हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### गांव में शराब की बिक्री को बंद कराने की मांग को लेकर महिलाओं ने घेरा थाना



**कोडरमा :** कोडरमा थाना अंतर्गत नौवाडीह पंचायत पूरनानगर में अवैध शराब की बिक्री से आक्रोशित स्थानीय महिलाओं और छात्राओं ने गुरुवार को थाना पहुंच कर घेराव किया। वे अवैध शराब की बिक्री को बंद करने की मांग कर रही थीं। इस दौरान महिलाओ ने थाना प्रभारी के नाम एक आवेदन भी दिया जिसमें कहा गया है कि नौवाडीह में अवैध तरीके से खुलेआम प्रतिदिन शराब बिकी किया जाता हैं जिससे बच्चों और महिलाओ पर बुरा असर पड़ रहा है। शराबियों के जरिये विद्यालय आने जाने वाले लड़कियों तथा रास्ते से गुजरने वाली महिलाओं को देखकर अभद्र टीका -टिप्पणी करना, अश्लील शब्दो का प्रयोग करना, लडकियों को देख कर सिटी बजाना आदि हरकतें की जाती है। इससे गांव की लड़कियां और महिलायें अपने को असुरक्षित महसूस कर रही है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि शाम के समय आवारा और शराबियों का जमवाड़ा लगा रहता है। आवेदन में शराब बेचने वालों के नाम भी दिए गए है। आवेदन देने वालों में बिंदिया कुमारी, आरती कुमारी, राखी कुमारी, फुलमती कुमारी, निर्मला कुमारी आदि के नाम शामिल है।

### सड़क दुर्घटना में मुखिया संघ के अध्यक्ष घायल

**चतरा :** प्रतापपुर -हंटरगंज मुख्य पथ स्थित बराटपुर मोड़ के समीप गुरूवार को बाईक दुर्घटना में टंडवा मुखिया सह संघ के प्रखंड अध्यक्ष किशोर यादव और बरवाकोचवा निवासी बैजनाथ यादव घायल हो गये हैं। दोनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया। जहां पर डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। इस संबंध में बाईक चालक बैजनाथ यादव ने बताया कि टंडवा मुखिया किशोर यादव अपने पंचायत के कार्य निपटाकर बाईक से वापस प्रतापपुर आ रहे थे। इस दौरान बीच रास्ते में बराटपुर मोड़ के समीप अचानक गांव का बच्चा दौड़ गया। बच्चे को बचाने के क्रम में दोनों लोग गिरकर घायल हो गये।

### युगल जोड़ी की राम जानकी मंदिर में कराई गई शादी



**बड़कागांव :** युगल जोड़ी को बड़कागांव स्थित राम जानकी मंदिर में शादी कराई गई । बताया जा रहा है कि युक्त युगल जोड़ी बड़कागांव थाना क्षेत्र के चंदौल पंचायत स्थित होरम गांव निवासी बालेश्वर महतो के पुत्र गोविंद कुमार 25 वर्षीय एवं पेटो थाना दारू, हजारीबाग निवासी स्व.प्रेमचंद प्रसाद की पुत्री काजल कुमारी 24 वर्षीय का प्रेम प्रसंग पिछले 7- 8 वर्षो से चल रहा था। इसी बीच दोनों में खटपट हो गया। लड़की की तरफ से लड़की की मां मसोमत देवंती देवी ने बडकागांव थाना को लिखित आवेदन दिया। जहां से दोनों पक्षों के सहमति से राम जानकी स्थित मंदिर में शादी कराई गई।दोनों पक्ष के कई लोग उपस्थित थे।

### 14 स्कूलों ने तय की बच्चों के चयन के लिए लॉटरी की तिथियां

**जमशेदपुर :** झारखंड के जमशेदपुर स्थित प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी और एलकेजी कक्षाओं के लिए एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 5 जनवरी से 17 जनवरी के बीच लॉटरी की जायेगी, ताकि आवेदक बच्चों का चयन किया जा सके। अब तक 14 से अधिक स्कूलों ने अपनी लॉटरी की तिथियां तय कर दी हैं। शेष स्कूलों को 5 जनवरी तक अपनी तारीखें घोषित करने के लिए निर्देश दिया गया है। स्कूलों को यह अधिकार दिया गया है कि वे अपनी सुविधा के अनुसार लॉटरी प्रक्रिया ऑफलाइन या ऑनलाइन आयोजित करें। ऑनलाइन लॉटरी के लिए स्कूल अपने सॉफ्टवेयर का उपयोग कर सकते हैं। प्रत्येक स्कूल को लॉटरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करनी होगी, जिसे बाद में उनकी वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। इस दौरान जिला शिक्षा विभाग के पर्यवेक्षक स्कूल में मौजूद रहेंगे, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष हो।,

### कड़ाके की ठंड में भी 20 हजार लोग पहुंचे खादी मेला

**रांची :** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव, 2024-25 के चौहदवें दिन सुबह से ही लोगों का आगमन शुरू हो गया था। जैसे-जैसे महोत्सव के समापन की तिथि निकट आ रही है, वैसे-वैसे महोत्सव में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। महोत्सव में लगभग 15,000 टिकट बिके एवं लगभग 20,000 हजार लोगों ने महोत्सव का भ्रमण किया। महोत्सव में झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के स्टॉल में सूती, रेशमी, उनी बंडी, कुर्ता, पजामा, ड्रेस मैटरियल, टोपी, मफलर, शॉल तथा महिलाओं के लिए उनी सलवार कुर्ती, सूती. रेशमी बंडी तथा सूती. रेशमी साड़ी, डिजिटल प्रिंटेड साड़ी, सोहराई प्रिंटेड साड़ी, म्यूरल साड़ी, सेल्फ विविंग, मधुबनी प्रिंटेड साड़ियां तथा ग्रामोद्योगी उत्पाद पंसद किये जा रहे है। रांची जिला वनवासी खादी ग्रामोद्योग विकास संस्थान, रांची के स्टॉल में उनी वस्त्रों के विभिन्न प्रकार के थान उपलब्ध है, हरिजन आदिवासी कल्याण परिषद, कुचाई, सरायकेला-खरसावां स्टॉल में गर्म कपड़ों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के गर्म चादर, शॉल उपलब्ध है, सिंहभूम खादी ग्रामोद्योग विकास संस्थान, निमडी, चाईबासा, विकास भारती विशुनपुर, गुमला, बंगाल का वीरभूम की खादी एवं उत्तरप्रदेश के जय मां विंध्यवासिनी महिला स्वंय सहायता समूह जैसे स्टॉल में खादी वस्त्र एवं ग्रामोद्योगी प्राप्त किये जा सकते है। दिनाक 02.01.2025 को कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा महोत्सव में श्री विश्वदेव महतो एवं दल, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर- नटुवा नृत्य एवं श्रीमती जैनब जुबिन एवं दल, रॉंची- हिन्दी गायन की प्रस्तुती की गई। बच्चों के लिए आयोजित पॉपिंग बैलुन एवं सोलो डांस प्रतियोगिता दो आयु वर्ग में आयोजित की गई। पांच से नौ आयु वर्ग में प्रथम स्थान आशी, द्वितीय स्थान शाक्षी एवं तृतीय स्थान स्वेच्छा दता ने प्राप्त किया। ग्रुप बी में दस से चौदह आयु वर्ग में आद्या प्रथम स्थान, द्वितीय लावण्या एवं तृतीय जशित रंजन हुए। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दिनांक 03.01.2025 को कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा महोत्सव में श्री मलय कुमार साहू एवं टीम, सरायकेला-खरसांवा सरायकेला छऊ नृत्य एवं श्री रमण कुमार मिश्रा एवं दल, रॉची भजन एवं गजल गायन की प्रस्तुती की जायेगी। बच्चों के लिए पांच से नौ आयु वर्ग तथा दस से चौदह आयु वर्ग के लिए फेस पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिन बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेना है, महोत्सव परिसर में आकर वे प्रात: 11.00 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन करा लेंगे। महोत्सव परिसर में चलंत एटीएम की व्यवस्था की गई है। आज महोत्सव में खादी एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों के साथ-साथ अन्य सामग्रियों की बिक्री लगभग 1.00 करोड़ की रही है।

# धालभूम क्लब में सात दिवसीय भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के तत्वावधान में बृहस्पतिवार से सप्ताहव्यापी भागवत कथा का आयोजन साकची स्थित धालभूम क्लब ग्राउंड में किया गया है। इस उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो महालक्ष्मी मंदिर से प्रारंभ होकर धालभूम क्लब तक गई। इस दौरान आगे आगे धर्म ध्वज लेकर 108 पुरोहित चल रहे थे। जबकि पीछे पीछे कलश लेकर महिलाएं चल रही थीं। धालभूम क्लब पहुंचने पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। वैदिक एवं धार्मिक विधि विधान पूरा करने के बाद कथा प्रारंभ की गई।

शुकदेव जी का चरित्र और भागवत जी की महिमा बताई




भागवत मर्मज्ञ आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी ने भागवत कथा प्रारंभ की। कथा के पहले दिन उन्होंने शुकदेव जी का चरित्र और भागवत जी की महिमा बताई। कहा श्रीमद भागवत जी हर मनुष्य के लिए अनुकरणीय और प्रासंगिक है। इसपर प्रकाश डालते हुए कथा वाचक ने बताया कि श्रीमद भागवत की कथा मनुष्य को ईश्वर के साथ जोड़ देती है। भगवान की भक्ति से मनुष्य अपने पापों से मुक्त हो जाता है। देवर्षी नारद द्वारा गंगाजी के तट पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन करवाया जाना, कथा श्रवण से ज्ञान और वैराग्य का यौवन लौटना इत्यादि प्रसंग सुनाए गए।


**भव्य सजावट बिखेर रही अनुपम छटा**

पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा कथा स्थल पर बहुत ही अनुपम व्यवस्था की गयी है, चाहे व्यास पीठ की सजावट हो या पूजन वेदी या गौ पूजन हेतु निर्मित गौशाला. सभी व्यवस्था बहुत ही सुचारु रूप से संचालित हो रही थी।

यह थे उपस्थित

कथा में प्रमुख रूप से संतोष खेतान, बालमुकुंद गोयल, महाबीर प्रसाद अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, विजय मित्तल, अशोक चौधरी, शंकर गुप्ता, दीपक भालोटिया, जीवन नरेड़ी, संजय पलसानिया, संतोष अग्रवाल, ओमप्रकाश रिंगसिया, विजय आनंद मूनका, कमल किशोर अग्रवाल, सांवर लाल शर्मा उपस्थित थे। जबकि कथा के सफल और सुचारु आयोजन में अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, मंटु अग्रवाल, अजय भालोटिया, लिप्पू शर्मा, सुरेश कवंटिया, उमेश खीरवाल, सन्नी संघी, बजरंगलाल अग्रवाल, निर्मल पटवारी, अंजू चेतानी, कविता अग्रवाल, ऊषा चौधरी आदि तत्पर रहे।

## साल के पहले दिन शीतलहर का कहर बुजुर्गों और बच्चों को सतर्क रहने की सलाह



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** साल 2025 का पहला दिन से कड़ाके की ठंड से हुई शुरूआत। सुबह से ही ठंडी हवाओं ने अपनी रफ्तार तेज कर दी, जिससे लोग घरों में दुबके रहने पर मजबूर हो गए। मौसम विभाग ने पहले ही दो दिन पूर्व येलो अलर्ट जारी करते हुए चेतावनी दी थी कि ठंड बढ़ेगी। कृषि विभाग के वैज्ञानिक डॉ. वीरेंद्र कुमार मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि अगले तीन दिनों तक ठंड के प्रकोप से राहत मिलने की संभावना नहीं है। तापमान में भारी गिरावट होगी और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी या बारिश भी हो सकती है। उन्होंने विशेष रूप से बुजुर्गों और बच्चों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में बूढ़े और छोटे बच्चों को घर के अंदर ही रखें और गर्म कपड़े पहनाएं। ठंड से बचाव के लिए सावधानी बेहद जरूरी है।

# चेक नाका का प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड क्षेत्र के फूटानीमोड़ चेक नाका से बगैर माइनिंग के ट्रैकों का परिचालन होने की समाचार को प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी विमल सोरेन ने गंभीरता से लिया है। इसमें लापरवाही बरतने वाले दंडाधिकारी पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है, यही कारण है कि उन्होंने गुरुवार को बरहरवा तथा कोटालपोखर थाना क्षेत्र का दौरा कर दोनों थाना क्षेत्र के चेक नाका का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने चेक नाका पर तैनात दंडाधिकारी से ट्रकों के परिचालन के बारे में आवश्यक जानकारी लिया। मिली जानकारी के अनुसार निरीक्षण के क्रम में विमल सोरेन मजिस्ट्रेट के रूटीन तथा चेक नाका में जमा होने



वाले चालान का बारीकी से मिलान किया। साथ ही यह निर्देश दिया कि ट्रकों के परिचालन से संबंधित माइनिंग चालान की गहनता से जांच की जाए। इस कार्य मे किसी तरह की लापरवाही बरतने वाले चेक नाका के दंडाधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान उन्होंने चेक नाका पर लगे सीसी कैमरा चालू है या नहीं इसका भी जांच किया। चेक नाका पर प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी विक्रम कुमार, चौकीदार धर्मेंद्र कुमार, फूटानीमोड़ चेक नाका में उपस्थित थे।

# बोकारो में सड़क हादसे में दो की मौत, आधा दर्जन जख्मी





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** गुरुवार की सुबह कमार्टांड़ ग्राम लोधी से गोमिया की ओर आ रही एक पिकअप सवारी गाड़ी प्लट गई। घटना मे दो महिलाओ की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन लोग जख्मी हो गये है। जिन्हे इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालो मे भर्ती कराया गया है, जिनमे से एक की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है। मालूम हो की पिकअप गाड़ी सवारी लेकर जा रही थी ठीक उसी समय रॉंग साइड से एक बाइक आ रही थी उसी को बचाने के क्रम में सवारी गाड़ी पलट गई। सवारी से भरा हुआ गाड़ी साइड जाकर पलटी मारी है जिसके कारण दो महिला की मौत हो गई। जिसमें एक की हालत गंभीर थी रांची रेफर किया गया, बाकी सवारी को अनुमण्डलीय अस्पताल से सदर अस्पताल बोकारो मे भर्ती करवाया गया। खबर के मुताबिक मौके पर पुलिस भी पहुंच चुकी है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया रोगियों के बीच किट का हुआ वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/बोरिया :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियों के फाइलेरिया क्लीनिक में गुरुवार को चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर विनोद कुमार के द्वारा फाइलेरिया रोगियों को स्क्रीनिंग करते हुए स्टेजिंग किया गया। तीसरे स्टेज से ऊपर वाले 6 फाइलेरिया रोगियों को विकलांग प्रमाण पत्र बनाने को कहा गया। साथ ही फाइलेरिया जैसे गंभीर बीमारी से बचाव हेतु हाथीपांव रोगियों को रुग्णता प्रबंधन एवं विकलांगता रोकथाम कीट भी प्रदान किया गया। साथ ही साथ हाथीपांव रोगियों को रुग्णता प्रबंधन एवं विकलांगता रोकथाम किट को कैसे प्रयोग करना है इसकी पूरी जानकारी एमटीएस मनोहर पंडित के द्वारा प्रेक्टिकल करके बताया गया। वही मौके पर एमपीडब्ल्यू संजय कुमार, विमल ओझा, एएनएम सलिता कुमारी, रिंकू कुमारी, फार्मासिस्ट मनीष कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# देवघर में नए साल पर बाबा मंदिर में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**देवघर :** नए साल के पहले दिन बुधवार को बाबा मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर में जलार्पण के लिए सुबह से रात करीब 9 बजे तक भक्तों की कतार लगी रही। करीब सवा दो लाख श्रद्धालुओं ने जलार्पण कर बाबा से घर-परिवार की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। देवघर डीसी विशाल सागर ने अहले सुबह मंदिर पहुंच कर व्यवस्था का जयजा लिया और मंदिर में तैनात मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम रवि कुमार भी मंदिर में डटे रहे।



सुबह 4 बजे से शुरू हुआ जलार्पण मंदिर के महंत सरदार पंडा श्री गुलाब नंद ओझा ने बाबा की दैनिक पूजा कर सुबह चार बजे से भक्तों के लिए जलार्पण शुरू करा दिया। उस समय मंदिर से दो किलोमीटर दूर तक भक्तों की कतार लगी थी। इस दौरान सुबह छह से आठ बजे के तक कूपन काउंटर से सात हजार शीघ्र दर्शनम कूपन जारी हो गये थे। जैसे ही कूपन वालों की कतार नाथ बाड़ी पहुंची, काउंटर को बंद करा दिया गया। इसके आठ घंटे के बाद शाम करीब चार बजे काउंटर खोला गया। एक जनवरी को होने वाली भीड़ के मद्देनजर वीआईपी सुविधा देने पर रोक लगा दी गई थी।

## एक नजर

### प्रखंड में रसोइया सह सहायिका को दिया गया प्रशिक्षण

**साहिबगंज/बोरियो :** डीएसई के निर्देश पर बोरियो प्रखंड के मोतीपहाड़ी एवं यूएमएस गौरीपुर संकुल के विद्यालयों में कार्यरत रसोईया सह सहायिका का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण आज प्लस टू आरके हाई स्कूल बोरियों में दिया गया। बीपीओ अटल बिहारी भगत ने बताया कि प्रशिक्षण शुशीला फाउंडेशन पर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट रांची के प्रतिनिधियों द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के तहत रसोईया का एप्रोन पहन कर बच्चों का भोजन बनाने एवं बच्चों को भोजन देने के पूर्व स्वयं भोजन चखने को कहा गया। चखना पंजी में एमडीएम की जानकारी एंट्री करने को कहा गया। प्रशिक्षण के तहत रसोईया को जानकारी दी गई की भोजनालय के प्रतिदिन साफ सफाई करनी है। वही मौके पर बीपीओ अटल बिहारी भगत, मोतीउर अंसारी, सहित रसोईया एवं सहाय का आदि मौजूद थे।

### घटिया निर्माण की शिकायत की तो ठेकेदार ने ग्रामीणों पर ही दर्ज कराया केस

**गोड्डा :** सड़क निर्माण में गड़बड़ी के खिलाफ ग्रामीणों ने सामूहिक आवाज उठाई और इसकी शिकायत की, तो ठेकेदार ने पुलिस की मिलीभगत से ग्रामीणों पर ही झूठा केस दर्ज करवा दिया। मामला गोड्डा जिले की बांझी पंचायत का है। ग्रामीणों वर्षों से जर्जर सड़क का निर्माण करवाने की मांग कर रहे थे। सरकार ने सड़क निर्माण को मंजूरी देते हुए टेंडर निकला। टेंडर फाइनल होने के बाद सड़क का निर्माण शुरू हो गया। लेकिन ठेकेदार प्राक्कलन के अनुसार काम नहीं करवा कर घटिया निर्माण करा रहा था। इस पर ग्रामीणों ने विरोध जताया। कई बार स्थल पर पहुंचकर काम करवा रहे मुंशी से शिकायत की और गुणवत्ता पर ध्यान देने को कहा। इसके बावजूद ठेकेदार ने कोई सुधार नहीं किया उल्टे धमकी देते हुए कहा कि जहां शिकायत करना है करो ऐसा ही काम होगा। तब ग्रामीणों ने विरोध करते हुए काम रुकवा दिया। इसके बाद ठेकेदार ने रंगदारी मांगे जाने का झूठे आरोप लगाते हुए छह से अधिक ग्रामीणों के खिलाफ थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज करवा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि थाना प्रभारी ने भी बिना मामले की जांच किए केस दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है। इस मामले की शिकायत करने को लेकर ग्रामीणों का एक दल जिला मुख्यालय पहुंचकर उपयुक्त से मिला और सारी बातों की जानकारी देते हुए जांच की मांग की।

### यूसिल अस्पताल में भाजपा नेता ने बांटे कंबल



**जमशेदपुर :** जादूगोड़ा व आसपास के क्षेत्रों में चल रही शीतलहरी के बीच गरीबों को राहत देने के लिए घाटशिला से पूर्व भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन ने यूसिल अस्पताल शहीद चौक जादूगोड़ा में जरूरतमंदों के बीच बृहस्पतिवार को कंबल का वितरण किया। वहीं कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। इस कंबल वितरण अभियान का सभी जाति-धर्म की महिला, पुरुष, दिव्यांग व बुजुर्गों ने लाभ उठाया। सरकार के कंबल गरीबों तक नहीं पहुंचे: बाबूलाल सोरेन इस बाबत भाजपा नेता बाबूलाल सोरेन ने कहा कि ठंड बढ़ गई है लेकिन सरकार के कंबल गरीबों तक नहीं पहुंचे। ऐसे में गरीबों को ठंड से राहत दिलाने के लिए पांच हजार कंबल वितरित किए गए। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कंबल वितरण अभियान में भाजपा के वरिष्ठ नेता विद्युत महतो, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह, मंडल महामंत्री रतनी पात्रो, चंचल दास, वर्षा टुडू, योगेश पीयू, रघु टुडू, मनोरंजन भक्त ने अहम योगदान दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**बरहरवा :** थाना अंतर्गत हाई स्कूल के समीप एस.बी ऑटो पार्ट्स मोटरसाइकिल के दुकान पर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मृतक के पहचान किशन रवानी उम्र-20 वर्ष,पिता-अजीत रवानी कहारपाड़ा के रूप में हुआ है। एस.बी.ऑटो पार्ट्स मोटरसाइकिल के दुकान मालिक उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि मृत अजीत रवानी पिछले 10 महीने से मेरे दुकान में मिस्त्री के रूप में काम कर रहा था। कल 1 जनवरी रहने के कारण दुकान बंद था। दुकान का चाभी उसी के पास रहता था। कल लगभग शाम 7:00 बजे से उनके मोबाइल में फोन लगा रहे थे। लेकिन एक बार भी फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद आज अपने दुकान जाकर देखा कि सामने का शटर गेट में दोनों साइड ताला लगा हुआ पाया वही दूसरे साइड गेट के पास जाकर देखा कि अंदर से गेट बंद है। इस समय गेट का लोक काट कर अंदर देखा कि मृतक अजीत रवानी का शव रस्सी के सहारे झूलते हुए पाया। जिसकी जानकारी बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह को सूचना दिया। वहीं थाना प्रभारी को सूचना मिलते ही दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मामले का छानबीन शुरू कर दी। शव को अपने कब्जे में लेकर राजमहल पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। वही इस मामले मे यूडी केश दर्ज कर आगे के कारवाई की जा रही है।

### नौ दिवसीय शिव शक्ति महायज्ञ की निकली कलश शोभायात्रा



**साहिबगंज/बरहेट :** प्रखंड क्षेत्र के रक्सी गांव में 9 दिवसीय 161वां शिव शक्ति महायज्ञ सह राम कथा का आयोजन गुरुवार से शुरू हो गया है। पहले दिन 1100 कन्याओं के द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकल गई। शुक्रवार को यज्ञ का शुभारंभ सह राम कथा बाल संत बाबा त्यागी जी महाराज के तत्वधान में होगा। वहीं इसका पूर्ण आहुति 11 जनवरी को विधिवत भंडारा के साथ किया जाएगा। इस संबंध में यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पंडित, पंकज चौधरी, दिनेश पंडित, सूरज जायसवाल, विकास चौधरी, नागराज साह, सहित कमेटी के सदस्यों ने बताया कि यज्ञ 2 जनवरी से 11 जनवरी तक 9 दिवसीय शिव शक्ति महायज्ञ सह राम कथा का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम को लेकर रक्सी गांव के विद्यालय के समीप यज्ञ कुंड का निर्माण कराया गया है। जिसमें श्रद्धालु प्रतिदिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते हुए पूजा अर्चना करेंगे। इसके साथ ही यज्ञ के आयोजन को लेकर प्रतिदिन यज्ञ का शुभारंभ सुबह 8:00 बजे से 11:00 तक तथा संध्या आरती 5:00 बजे से प्रारंभ होगा। जबकि राम कथा का आयोजन प्रतिदिन 2:00 बजे से 4:00 बजे तक तथा संध्या में 8:00 से रात्रि 10:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही यज्ञ मेला स्थल पर झूला, ब्रेक डांस, स्टूडियो सहित अनेक तरह के साज सजा एवं खिलौने के दुकानों से पूरा मेला परिसर को सजाया गया है।

### शत-प्रतिशत पीवीटीजी परिवारों को मिले पीएम जनमन योजना का लाभ



**साहिबगंज :** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान योजना का लाभ शत-प्रतिशत पीवीटीजी समुदाय के परिवारों को दिलाने को लेकर बोरियो प्रखण्ड के सभागार में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, संजय कुमार दास ने सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनबाड़ी सेविका के साथ बैठक की। बैठक में कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं आदि का लाभ दिलाने एवं पीवीटीजी टोलों में सड़क, पेयजल समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करना है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साव, सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थी।

### वाहन चालकों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन



**साहिबगंज :** जिला-परिवहन विभाग साहिबगंज के द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत आज निःशुल्क नेत्र जांच शिविर वाहन चालकों के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज एवं साहिबगंज बस स्टैंड में आयोजित किया गया। सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु साहिबगंज जिला अंतर्गत निःशुल्क नेत्र जांच अभियान सभी वाहन चालकों के लिए गया गया जिसमें सभी वाहन चालकों का विजन टेस्ट कलर एक्यूरेसी टेस्ट आदि जांच किए गए जिसमें कई चालकों को निःशुल्क चश्मा एवं दवाइयां दी गई। यह निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का उद्देश्य यह है कि सभी वाहन चालकों का आंखों का दृष्टि सही बनी रहे एवं आंखों की समस्या एवं दृष्टिबाधित्ता से बचे रहे जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही सड़क सुरक्षा से संबंधित हैंड बिल, बुकलेट एवं पंपलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश चौधरी, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पाराशर, आईटी सहायक राजहंस एवं सदर अस्पताल के नेत्र जांच कर्ता मौजूद रहे।

# नए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने ली पद की शपथ

**शपथ** मुख्यमंत्री, डिप्टी सी.एम और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पहुंचे, कहा- बिहार की संस्कृति-गौरव के अनुसार काम करूंगा






पटना। आरिफ मोहम्मद खान ने बिहार के 42वें राज्यपाल के रूप में शपथ लिया। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश कृष्ण विनोद चंद्रन उन्हें शपथ दिलाया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दोनों डिप्टी सी.एम नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित तमाम नेता उनके शपथ ग्रहण में शामिल हुए। उसके साथ ही नए राज्यपाल के 50 साल पुराने दोस्त भी पहुंचें थे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि बिहार का बड़ा गौरवशाली इतिहास रहा है। बिहार के लोगो में जबरदस्त क्षमता है। बिहार में यहां के संस्कृति और गौरव के अनुसार काम करूंगा।लालू-तेजस्वी से मुलाकात के सवाल पर राज्यपाल ने कहा कि इन सभी लोगों से 1975 से रिश्ता रहा है। इनके शहर आया हूं हमारा फर्ज बनता है मिलना। सभी बातों को राजनीति के चश्मे से नहीं देखना चाहिए। कौन हैं आरिफ मोहम्मद खान राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान UP के बुलंदशहर के रहने वाले हैं। अपने बयानों को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाले खान को बिहार का राज्यपाल बनाने के पीछे भाजपा की सधी हुई रणनीति है। खान, कांग्रेस बसपा से होते हुए 2004 में भाजपा में शामिल हुए थे। बिहार के निवर्तमान राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को केरल भेजा गया है। खान के रूप में बिहार को 26 साल बाद मुस्लिम राज्यपाल मिला है।

इससे पहले मुस्लिम समाज से अफ किदवई 1998 तक राज्यपाल थे।

## मुखिया पति समेत दो लोगों के साथ मारपीट, घायल



भोजपुर। जिले के धोबहां थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में बुधवार की देर शाम नए रोड पर पानी डालने के विवाद में गांव के दबंगों ने मुखिया पति समेत दो लोगों को बेहरमी से पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान उक्त लोगों ने दोनों युवकों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। इसके बाद उन लोगों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत कराया गया और जख्मी हालत में दोनों युवकों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में इजरी पंचायत के धोबहां थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी स्व भुनेश्वर दुबे के 40 वर्षीय पुत्र हरी शंकर दुबे एवं उनका दोस्त तेज नारायण दुबे के 33 वर्षीय पुत्र शिव शंकर दुबे है। हरिशंकर दूबे इजरी पंचायत के मुखिया इंदु देवी के पति है।जख्मी शिव शंकर दुबे ने बताया कि उनके गली के रोड को लेकर कई सालों से विवाद चला रहा था लेकिन काफी दिक्कतों का सामना करने के बाद अपने गली के रोड का नया निर्माण मुखिया फंड से कराया जा रहा था। इसी बीच जब मजदूर बोरिंग से नए बने रोड पर पानी पटा रहे थे । तभी उक्त लोग आकर मजदूरों को समरसेबल से पानी पटाने के लिए मना कर दिया गया। जिसके बाद मैं और मुखिया पति हरी शंकर दुबे जब मौके पर पहुंचकर अभी मामले को समझ रहे थे।

# महिला अमीन का शव मिला, बेड पर बैठी थी, गले में फंदा



आरा। में बुधवार देर रात किराए के कमरे से 25 साल की महिला अमीन का शव मिला है। नेहा एक रूममेट के साथ इस मकान में रहती थी। नए साल पर उसकी रूममेट छुट्टी पर घर गई थी। न्यू ईयर पर नेहा ने सुबह अपने पिता को फोन कर के विश किया था। शाम को पिता के पास फोन आया कि बेटी का शव फंदे से लटका मिला है। नेहा का शव बेड पर बैठी हुई हालत में मिला उसके गले में फंदा लटका हुआ है। नेहा की अभी शादी नहीं हुई थी। पिता किसी भी दुश्मनी और परेशानी से इनकार कर रहे हैं। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। मामला नवादा इलाके के महाराजा हाता गली नंबर एक का है। नेहा दो बहनों और एक भाई में छोटी थी। परिवार में मां रेणु देवी, एक भाई रोहित कुमार और बहन शिल्पी कुमारी हैनेहा के पिता विनोद कुमार यादव ने कहा 'मेरी बेटी नेहा 31 दिसंबर को पटना हनुमान मंदिर गई थी। उसने जुलाई में कोईलवर प्रखंड में अमीन के तौर पर जॉइन किया था। बुधवार सुबह नए साल के दिन नेहा ने हम लोगों को फोन किया और सभी को नए साल की बधाईयां दी। इसके बाद उसे कोई बात नहीं हुई। शाम को ही नवादा थाना पुलिस की ओर से फोन कर सूचना दी गई कि आपकी बेटी की लाश पंखे से लटकी मिली है।' नेहा के पिता विनोद यादव ने बताया कि 'मेरी बेटी की किसी से कोई दुश्मनी नहीं था, न ही कोई किसी तरह का विवाद था। इसके अलावा उन्होंने किसी भी व्यक्ति पर किसी भी प्रकार का कोई आशंका या आरोप नहीं लगाया है।' धनबाद के जोड़ापोखर की रहने वाली थी नेहा नेहा झारखंड के धनबाद जिला के जोड़ापोखर की रहने वाली थी। घटना की सूचना मिलते ही नवादा थाना अध्यक्ष विपिन बिहारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए। उधर, सूचना पाकर परिजन गुरुवार की सुबह सदर अस्पताल पहुंचे और पोस्टमॉर्टम के बाद शव को दाह-संस्कार के लिए धनबाद ले गए।

# लड़के के प्राइवेट पार्ट और गर्दन में मारी गोली

**दोस्त की बर्थडे पार्टी में हुआ था झगड़ा, बुलाने पर होटल पहुंचा था; पुलिस से भिड़े परिजन**



आरा। आरा में बदमाशों ने एक लड़के की गर्दन और प्राइवेट पार्ट में गोली मार दी। घायल लड़के को तत्काल परिजन लेकर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। उधर, गोलीकांड की सूचना के बाद पहुंची पुलिस को देखकर घायल लड़के के परिजन पुलिस से उलझ गए, जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ। घटना बाबू बाजार स्थित डायमंड इन होटल के पास की है। दरअसल, एक जनवरी यानी बुधवार को मूसा नाम के एक लड़के का जन्मदिन था। वो होटल डायमंड इन में अपने दोस्तों के साथ बर्थडे मना रहा था। इसी दौरान मूसा का होटल में ही मौजूद कुछ आपराधिक किस्म के लड़कों से झगड़ा हो गया। घटना टाउन थाना इलाके के बाबू बाजार की है।बताया जा रहा है कि आपराधिक किस्म के लड़कों ने मूसा और उसके कुछ दोस्तों की जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद मूसा ने अपने दोस्त महादेव रोड के रहने वाले 18 साल के आशीष कुमार को फोन कर मारपीट की जानकारी दी। इसके बाद आशीष ने कहा कि 'मैं आ रहा हूं।' जानकारी के मुताबिक, आशीष जैसे ही होटल के बाहर पहुंचा, वहां पहले से मौजूद बदमाशों (जिन्होंने मूसा से लड़ाई की थी) ने आशीष की पिटाई कर दी और इस दौरान फायरिंग भी की। एक गोली आशीष के दाहिने साइड गर्दन में लगी, जबकि दूसरी गोली उसके प्राइवेट पार्ट में लगी। गोली लगने के बाद गंभीर रूप से घायल आशीष के परिजन को इसकी जानकारी दी गई। आशीष के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे लेकर सदर अस्पताल आए। यहां प्राथमिक उपचार के बाद आशीष को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। होटल में झगड़े और बाद में गोलीबारी की सूचना के बाद टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय पुलिस बल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे। पुलिस को देख वहां मौजूद आशीष के परिजन आक्रोशित हो गए। इसके बाद आक्रोशित पुलिस से भी उलझ गए। काफी देर तक दोनों के बीच नोकझोंक भी होती रही। घटना को लेकर सदर अस्पताल में काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। वहीं, सूचना पाकर ASP परिचय कुमार आरा सदर अस्पताल पहुंचे और जख्मी युवक के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली और मामले की जांच पड़ताल कर बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही। अरढ परिचय कुमार ने बताया कि एक निजी होटल में खाने-पीने के दौरान लड़कों के दो गुटों में झगड़ा हुआ था। इसके थोड़ी देर बाद गोलीबारी की भी घटना हुई। मामले की जानकारी पीड़ित पक्ष से ली गई है। एक टीम घटनास्थल पर है, जबकि दूसरी टीम अस्पताल में मौजूद है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और अपराधियों की तलाश की जा रही है।

## चांदी की प्रतिमा और देसी कट्टा के साथ 4 गिरफ्तार



सीवान। के दरौली थाना क्षेत्र के दुब्बा गांव स्थित नवदिश्वर शिव मंदिर से 26 दिसंबर की देर रात मां दुर्गा की चांदी की प्रतिमा की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में 4 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। इनके पास से चांदी की मां दुर्गा की प्रतिमा भी बरामद हुई है। एसडीपीओ अजीत प्रताप सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मंदिर से चोरी की घटना का खुलासा कर दिया गया है। घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनका कहना था कि थाना क्षेत्र के बेलाव गांव निवासी अश्विनी राम उर्फ सीटू के यहां अपराधियों के जुटने की खबर पर पुलिस ने छापेमारी किया। इसमें आंदर थाना क्षेत्र के गौरा निवासी शिवा कुमार राम उर्फ बलराज, उकेरेडी गांव निवासी हसन अंसारी, छीतनपुर गांव निवासी आशु कुमार उर्फ कृष्णा सिंह को हिरासत में लिया गया। पुलिस के मुताबिक चारों बड़े घटना को अंजाम देने के लिए जुटे थे। पुलिस के छापेमारी में बेलाव गांव निवासी अश्विनी राम उर्फ सीटू के बताए स्थान पर दो देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, बैग से देवी माता की मूर्ति, तीन बाइक बरामद किया गया। वहीं कमरे से एक मोटरसाइकिल, कमरे के बाहर दो मोटरसाइकिल बरामद किया। एसडीपीओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि बरामद चोरी की मोटरसाइकिल के बारे में आशु कुमार सिंह उर्फ कृष्णा सिंह ने बताया कि चोरी के सभी गाड़ियां है। उन लोगों ने मठ, मंदिरों, घरों में चोरी की घटना को अंजाम देने की बात बताई।

## संक्षिप्त डायरी

### किशोरी को अपराधियों ने मारी गोली, हालत गंभीर



सीवान। के नगर थाना क्षेत्र के सिसवन ढाला के पास स्थित एक दुकान के पास किशोरी को अपराधियों ने गोली मार कर घायल कर दिया। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के बाद स्थिति गंभीर होने पर पटना रेफर कर दिया गया। किशोरी की पहचान लक्ष्मीपुर ढाला निवासी छोटेलाल यादव की 17 साल की बेटी निधि कुमारी के रूप में की गई है। वह स्टेशन दुकान के पास कुछ सामान लेकर घर की तरफ जा रही थी। इस बीच अपराधियों और असामाजिक तत्वों ने आपसी विवाद में गोली चला दी। घटना के बाद पुलिस स्थल पर पहुंची और अपराधियों के बारे में पता लगाने में जुट गई। नगर थाना अध्यक्ष राजू कुमार ने कहा कि युवती को गोली लगी है। गोली किन कारणों से मारी गई है अभी खुलासा नहीं हो सका है। फिलहाल पुलिस अपराधियों की तलाश में है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

### 250 टीचर्स ने विशिष्ट शिक्षक का पदभार संभाला




सीवान। में बिहार सरकार की पहल के बाद सक्षमता परीक्षा पास कर विशिष्ट शिक्षक बनने वाले 250 शिक्षकों ने नए साल के मौके पर अपने मूल विद्यालय में ही विशिष्ट शिक्षक बनकर योगदान दिया है। इसमेंमैरवा प्रखंड के मिडिल स्कूल इमलौली के उपेंद्र यादव, धरनीछापर के प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका मधु गुप्ता, परसिया बारी स्कूल के शिक्षक केशव पाल का नाम शामिल है। इसके बाद शिक्षकों ने सभी विद्यालयों में छात्रों को विशिष्ट शिक्षक बनने की खुशी में साल के पहले दिन मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस मौके पर शिक्षकों ने बताया कि वर्ष 2025 में वर्षों से चली आ रही शिक्षकों की मांग राज्यकर्मी के दर्जे को आज बिहार सरकार ने सार्थक किया है और शिक्षकों को एक बड़ा उपहार दिया है। इस मौके पर मौजूद प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने कहा कि नियोजित शिक्षकों का वर्षों से बहुत प्रशिक्षित मांग की नियोजित शिक्षकों को राज्य कार्मिक दिया जाए। इसको नीतीश कुमार ने अपनी सरकार के कार्यकाल में ही पूरा किया है। जिसे सभी शिक्षकों में खुशी की लहर है। साथ ही साथ शिक्षकों के अन्य सारी सुविधाएं मिलने की खुशी में सभी शिक्षकों ने बिहार सरकार का धन्यवाद किया और जश्न मनाया।

### गांव में टहल रहे व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत



सीवान। के जीरादेई थाना क्षेत्र के करहनु में सड़क पर टहल रहे एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के क्रम में व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान करहनु गांव निवासी परमात्मा भगत नाम के व्यक्ति के रूप में हुई है। ये मजदूरी व अन्य कार्य करके अपने परिवार का भरन पोषण करते थे। परिजनों ने बताया कि सड़क पर टहल रहे थे, तभी तेज रफ्तार एक बाइक सवार ने उनको जोरदार टक्कर मार दिया, उनके सिर पर व अन्य जगहों पर चोट लगी थी।इलाज के दौरान गई जान आनन फानन में सदर अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया, इलाज के दौरान परमात्मा भगत की मौत हो गई। मामले में अभी प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस भी इस घटना के बाद घटनास्थल पर पहुंच गई और जांच में जुट गई है। जीरादेई थानाध्यक्ष सोनी कुमारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतक के परिजनों ने अभी आवेदन नहीं दिया है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर बाइक सवार के ऊपर कार्रवाई की जाएगी और सजा दिलवाई जाएगी।

## डांसर्स को पैसे नहीं दिए तो गैंगरेप में फंसाया



पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र में मंगलवार को 2 महिला डांसर्स से गैंगरेप की कोशिश करने का मामला सामने आया था। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी राजीव को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार राजीव ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि दोनों को 14 हजार रुपए में बुलाया था। दलाल के जरिए डील हुई और पेमेंट यूपीआई के जरिए की थी। फ्लैट पर आने के बाद दोनों डांसर्स ने पैसे की डिमांड की। पैसे नहीं देने पर मारपीट और रेप केस में फंसाने की धमकी देने लगी। लड़कियों ने गैंगरेप का लगाया था आरोप पहले डांसर्स ने आरोप लगाया था कि इलाज के लिए पूर्णिया से सोमवार की देर रात पटना पहुंची थी। राजेंद्र नगर टर्मिनल पर ट्रेन से उतर कर होटल खोज रही थी। इस दौरान एक लड़का राजीव मिला और होटल दिलाने का झांसा देकर अपनी गाड़ी में बैठा लिया। गाड़ी में 3 और लड़के पहले से मौजूद थे। हम दोनों को ताहिर लेन स्थित एक फ्लैट पर ले गया। जहां वो किराए पर रहता था। जबरन शराब पिलाकर गैंगरेप की कोशिश की। इसका विरोध किया तो मेरे साथ मारपीट की गई। चीखने-चिल्लाने की आवास सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस से शिकायत की। दोस्तों के साथ पार्टी का बनाया था प्लान 2 महीने बाद राजीव की शादी होने वाली है। पिता इटढ में हवलदार हैं। राजीव ने बताया कि '2 दोस्तों के साथ मिलकर नए साल पर बैचलर पार्टी का प्लान बनाया था। पार्टी में खाना और शराब की व्यवस्था की गई थी। दो डांसर्स को भी पूर्णिया से बुलाया गया था।

# लालू का ऑफर साथ आएं, नीतीश ने जोड़े हाथ

**आर.जे.डी सुप्रीमो ने कहा-उनके लिए दरवाजे हमेशा खुले हैं, सी.एम के बदले राज्यपाल ने दिया जवाब**




पटना। राजद सुप्रीमो लालू यादव ने नीतीश कुमार को महागठबंधन में शामिल होने का ऑफर दिया है। उन्होंने कहा कि 'नीतीश कुमार के लिए हमारे दरवाजे तो खुले ही हैं। नीतीश को भी खोलकर रखना चाहिए। नीतीश अगर आते हैं तो साथ क्यों नहीं लेंगे ? ले लेंगे साथ। वो साथ आएं, मिलकर काम करें। हमेशा भाग जाते हैं, हम माफ कर देंगे।' एक निजी चैनल से नए साल के पहले दिन बातचीत के दौरान लालू यादव ने ये बातें कही हैं। लालू के बयान पर तेजस्वी यादव ने कहा 'मीडिया के सवालों को टालने के लिए राजद सुप्रीमो ने ऐसा कहा था। मैं पहले ही साफ कर चुका हूं कि नीतीश के लिए हमारे दरवाजे बंद हैं।' सीएम नीतीश से गुरुवार को मीडिया ने लालू के ऑफर को लेकर सवाल किया तो मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़ लिए। राज्यपाल आरिफ खान ने जवाब देते हुए कहा कि 'आज शपथ ग्रहण का दिन है। पॉलिटिकल बातें नहीं करनी चाहिए।' लालू-तेजस्वी से मुलाकात के सवाल पर राज्यपाल ने कहा 'इन सभी लोगों से 1975 से रिश्ता रहा है। इनके शहर आया हूं। मिलना हमारा फर्ज बनता है। सभी बातों को राजनीति के चश्मे से नहीं देखना चाहिए।' नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नए साल पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है, लेकिन ये दावा भी किया कि इस साल नीतीश सरकार की विदाई तय है। 'नए साल में नई सरकार बनाएंगे। वहीं नए साल में नई सरकार चुनाव से पहले या बाद बनने के सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि आप लोगों को चर्चा चाहिए।' तेजस्वी ने कहा कि, 'ठंडा है भुजा खाएं मजा लीजिए, हमारे चाचा नीतीश कुमार को हम नए साल की शुभकामनाएं देते हैं, और इनका यह अलविदा वाला साल है और इनका जाना तय है।' तेजस्वी ने आगे कहा था कि 'नए साल पर हमने संकल्प लिया है कि इस बार बिहार से बेरोजगारी और पलायन को खत्म करेंगे। नए साल में हम नई सरकार बनाएंगे। हम ऐसी सरकार बनाएंगे, जहां पढ़ाई, दवाई, कमाई, सिंचाई, सुनवाई और कार्रवाई होगी। जहां अफसरशाही खत्म होगी, सभी लोगों का आशीर्वाद हमारे साथ रहा तो हम अपने संकल्प में सफल होंगे इस नये साल में हमें बिहार को आगे ले जाना है। खेत में 20 साल से एक ही ब्रांड का बीज अगर डालेंगे तो खेत और फसल दोनों बर्बाद होगी। इसलिए अब समय आ गया है, कि नए ब्रांड का नया बीज डाला जाए।' बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, 'नीतीश जी लालू जी की नस-नस जानते हैं कि कैसे उन्होंने बिहार को लूटा है। डरी हुई पार्टी(RJD) का क्या है, ये तो डरे हुए लोग हैं। लालू जी डरे हुए हैं कि एनडीए ने उन्हें लोकसभा चुनाव में बुरी तरह हराया है, ये फिर से हरा देंगे।' केंद्रीय मंत्री और जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा 'लालू जी क्या बोलते हैं, नहीं बोलते हैं। वो लालू जी जानें। हम लोग एनडीए में हैं और एनडीए में ही रहेंगे।'

भाजपा प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा 'घोटाला सम्राट लालू यादव, आप सीएम को क्या माफ करेंगे।मुख्यमंत्री आपको माफ कर दें, क्योंकि आपने अपने शासनकाल में भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है।'

मंत्री मंगल पांडेय ने कहा 'सपने देखते रहते हैं।

बीजेपी विधायक हरिभूषण बचौल ने कहा 'लालू परिवार सपने देखते रहता है। कोई कहीं नहीं जाने वाला है। 2025 एक बार फिर से नीतीश होंगे।आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के करीबी और राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने सीएम नीतीश कुमार को लेकर 24 दिसंबर को खगड़िया में कहा कि 'राजनीति में कोई भी परमानेंट दोस्त और दुश्मन नहीं होता। अगर नीतीश कुमार सांप्रदायिक शक्तियों को छोड़कर आएंगे तो हम स्वागत करेंगे। उनका भी मन सांप्रदायिक शक्तियों के साथ रहकर भर चुका है।' मनेर से आरजेडी विधायक भाई वीरेंद्र ने संभावनाओं को लेकर कहा है कि 'राजनीति में कुछ भी संभव है।'

भाई वीरेन्द्र के बयान के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई। दिलीप जायसवाल ने कहा था कि 'दिन में सपना देखने लगे हैं। सत्ता की बेचैनी में पागल हो गए हैं। पागलपन में कुछ से कुछ बयान देते रहते हैं। इस तरह का बयान देकर अपने आप को ठगने का काम कर रहे हैं।

वहीं डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा था कि जंगलराज वालों को बिहार में दोबारा मौका नहीं मिलेगा।

## सर्दियों में ठंडे पानी से नहाते समय बरतें सावधानी, सिर पर पानी डालना हो सकता है खतरनाक!

सर्दियों में ठंड के बढ़ते असर के साथ कई शारीरिक समस्याएं भी सामने आ सकती हैं। खासकर दिल से जुड़ी समस्याओं में वृद्धि हो जाती है, और एक अध्ययन के अनुसार सर्दियों में हार्ट अटैक का खतरा 53% तक बढ़ सकता है। ऐसे में हमें अपने दिल का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। जानिए सर्दियों में अपनाने वाली 5 अहम सावधानियां, जो आपको दिल से जुड़ी समस्याओं से बचा सकती हैं।

### नहाते समय सिर पर ठंडा पानी न डालें, पहले पैरों पर डालें

सर्दियों में ठंडे पानी से नहाना खतरनाक हो सकता है, खासकर अगर आप इसे सीधे सिर से शुरू करते हैं। ऐसा करने से मस्तिष्क की महीन नलिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे रक्त प्रवाह प्रभावित होता है। इस स्थिति में ब्रेन स्ट्रोक या हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। त्वचा रोग विशेषज्ञों के अनुसार सर्दियों में नहाने का समय भी कम रखना चाहिए, अधिकतम 5 से 10 मिनट। नहाने के लिए गुनगुना पानी इस्तेमाल करें और पानी डालने की शुरुआत पैरों, पीठ या हाथों से करें। पानी बहुत ज्यादा गर्म भी न हो।

### सर्दियों में अचानक न उठें, शरीर को आराम से उठने दें

सर्दी में सोते समय शरीर की धमनियां संकुचित हो जाती हैं, जिससे रक्त प्रवाह धीमा हो जाता है। ऐसे में अगर आप अचानक उठते हैं तो आपका रक्तचाप बढ़ सकता है, जिससे चक्कर, बेहोशी या दिल का दौरा पड़ने का खतरा हो सकता है। स्ट्रेस हार्मोन के स्तर में वृद्धि भी दिल पर दबाव डाल सकती है। सुबह उठते ही कुछ समय बिस्तर पर आराम से बिताएं। हाथों और पैरों को स्ट्रेच करें, फिर धीरे-धीरे बिस्तर से उठें।

### हीटर को लगातार न चलाएं, कमरे में नमी बनाए रखें

हीटर के लगातार चलने से हवा की नमी कम हो जाती है और शरीर में डिहाइड्रेशन हो सकता है। डिहाइड्रेशन के कारण खून गाढ़ा हो जाता है, जिससे दिल को रक्त पंप करने में कठिनाई होती है। हीटर को जरूरत के अनुसार ही चलाएं और कमरे में नमी बनाए रखने के लिए बाल्टी में पानी भरकर रखें।

### ऊनी कपड़े पहनकर न सोएं, पहले सूती कपड़े पहनें


ऊन के कपड़े शरीर की गर्मी को अंदर फंसा लेते हैं, जिससे शरीर का तापमान सही तरीके से नियंत्रित नहीं हो पाता। इसका असर दिल पर पड़ सकता है और लो बीपी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऊनी कपड़ों के नीचे सूती या रेशमी कपड़े पहनें, ताकि शरीर का तापमान संतुलित रहे।

### ज्यादा दबाव वाली एक्सरसाइज से बचें, 15 मिनट में ब्रेक लें

सर्दियों में अत्यधिक मेहनत वाली एक्सरसाइज से दिल पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। लगातार एक्सरसाइज करने से शरीर का तापमान अचानक बदल सकता है, जो दिल के लिए हानिकारक हो सकता है। एक्सरसाइज करते समय हाइड्रेट रहें और किसी भी तरह की भारी एक्सरसाइज को 15 मिनट से ज्यादा न करें। कपड़े हटाने से पहले शरीर को गर्म रखें और बीच-बीच में ब्रेक लें।

सर्दियों में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना जरूरी है, खासकर दिल और रक्तचाप से जुड़ी समस्याओं से बचने के लिए इन सावधानियों का पालन करें। इन छोटी-छोटी आदतों से आप खुद को सुरक्षित रख सकते हैं और सर्दियों के मौसम में स्वस्थ रह सकते हैं।





# सीने में जलन

# एसिडिटी को न करें नजरअंदाज, बढ़ सकता है पेट का कैंसर!

**अगर पेट में किसी भी तरह की समस्या हो, तो उसे हल्के में न लें, क्योंकि अनदेखा करने से यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। कभी-कभी यह स्थिति पेट के कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी का रूप ले सकती है। एसिडिटी, खट्टी डकारें, मोटापा और सीने में जलन जैसी समस्याएं पेट में कैंसर के संकेत हो सकती हैं।**

### एसिडिटी और इसके खतरनाक असर

एसिडिटी की समस्या अक्सर ऑयली और मसालेदार भोजन खाने या लंबे समय तक पेट खाली रहने के कारण होती है। हम इसे अक्सर हल्का समझते हैं, लेकिन यह कभी-कभी बहुत खतरनाक साबित हो सकती है। लगातार एसिडिटी की समस्या, खट्टी डकारें, मोटापा और सीने में जलन से पेट में कैंसर की कोशिकाएं विकसित हो सकती हैं। पेट में कैंसर ऊपरी हिस्से या निचले हिस्से में हो सकता है, और यह एक जानलेवा बीमारी बन सकती है। अगर समय रहते इसके लक्षणों का इलाज न किया जाए, तो यह जानलेवा भी हो सकता है।

### पेट में कैंसर के लक्षण

हार्टबर्न (सीने में जलन) एक आम समस्या हो सकती है, लेकिन यह पेट के अल्सर या बैक्टीरियल इंफेक्शन का भी संकेत हो सकता है। कुछ कैंसर के रोगियों में भी सीने में जलन और एसिड रिफ्लक्स (खट्टी डकारें) जैसी समस्याएं होती हैं। अगर गैस्ट्रिक कैंसर का समय रहते इलाज न किया जाए, तो यह धीरे-धीरे पूरे शरीर में फैलकर जानलेवा हो सकता है।

### पेट में कैंसर के कारण

अगर आप बार-बार एसिडिटी की समस्या से जूझ रहे हैं, तो यह पेट में पाइलोरी संक्रमण का कारण बन सकता है। यह संक्रमण पेट के डीएनए को नुकसान पहुंचाता है, जिससे पेट में कैंसर का खतरा बढ़ सकता है।

## बचाव के तरीके

1. पेट के कैंसर से बचने के लिए कुछ खास उपाय किए जा सकते हैं:-
2. ऑयली और मसालेदार भोजन से दूर रहें।
3. वजन को नियंत्रित रखने के लिए नियमित व्यायाम और बैलेंस डाइट अपनाएं।
4. रात में सोने से दो-तीन घंटे पहले खाना खाएं।
5. खाने के बाद तुरंत न लेटें, बल्कि थोड़ी देर टहले।
6. योग और एक्सरसाइज को अपने दैनिक रूटीन में शामिल करें।
7. नशे से बचें, क्योंकि यह सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

## पेट के कैंसर का उपचार

अगर पेट के कैंसर का सही समय पर पता चल जाए, तो इसका इलाज संभव है। इसमें सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी जैसे उपचार शामिल हो सकते हैं।

## कब डॉक्टर से संपर्क करें?

अगर किसी व्यक्ति को सीने में जलन की समस्या लंबे समय तक बनी रहती है, या सांस लेने में कठिनाई, काले और चिपचिपे मल, पीलिया, निगलने में दिक्कत या लगातार उल्टियां हो रही हैं, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत हो सकता है। ऐसे में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### क्या आप भी पूरी रात सिंक में गंदे बर्तन छोड़ देते हैं?

# इससे हो सकती हैं ये खतरनाक बीमारियां



**क्या आप भी अक्सर अपने किचन में गंदे बर्तन छोड़कर सो जाते हैं? अगर हां, तो यह आपकी सेहत के लिए खतरा बन सकता है। गंदे बर्तनों को लंबे समय तक बिना धोए रखने से इनमें बैक्टीरिया और कीटाणु पनपने लगते हैं, जो सिर्फ बर्तनों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि यह बैक्टीरिया आपके भोजन में भी घुस सकते हैं और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं।**

### गंदे बर्तनों में बढ़ते बैक्टीरिया और उनके खतरनाक प्रभाव

गंदे बर्तन रातभर सिंक में पड़े रहते हैं तो उनमें साल्मोनेला, लिस्टेरिया, और ई-कोली जैसे बैक्टीरिया पनप सकते हैं। ये बैक्टीरिया न केवल बर्तन धोने के बाद भी रह जाते हैं, बल्कि खाने के साथ शरीर में प्रवेश करके गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। जब इन बैक्टीरिया से संक्रमित बर्तनों में खाना परोसा जाता है, तो वे पेट में जाकर पेट दर्द, उल्टी, डायरिया, अपच जैसी समस्याएं पैदा कर सकते हैं।

### किसे हो सकता है खतरा?

इन बैक्टीरिया का सबसे ज्यादा खतरा उन लोगों को होता है जिनकी इम्यूनिटी कमजोर होती है। जैसे छोटे बच्चे, बुजुर्ग, और गर्भवती महिलाएं, जो इन बैक्टीरिया के प्रभाव से जल्दी बीमार पड़ सकते हैं। इतना ही नहीं, इन बैक्टीरिया से जुड़ी गंभीर समस्याओं में किडनी फेलियर, गर्भपात और किडनी के बारीक फिल्टर का खराब होना भी शामिल है। अगर इन बैक्टीरिया के कारण किसी की हालत गंभीर हो जाए, तो वह अस्पताल में भर्ती हो सकता है और इलाज में कई महीनों का समय भी लग सकता है।

किचन की सफाई और आलस्य से बचना है जरूरी

किचन और बर्तनों की सफाई में आलस्य न करें। बर्तनों और सिंक को समय पर धोना बहुत जरूरी है, क्योंकि देर से धोने से बैक्टीरिया पनपते हैं और वह आपके स्वास्थ्य के लिए खतरे का कारण बन सकते हैं। इसके अलावा, ध्यान रखें कि फ्रिज में रखे खाद्य पदार्थ भी समय पर सही तरीके से स्टोर और उपयोग नहीं किए जाएं, तो वे भी बीमारी का कारण बन सकते हैं।

### सर्दियों में खानपान और किडनी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें

सर्दियों में खासतौर पर अधिक नमक और चीनी का सेवन किडनी के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। अगर कोई व्यक्ति ज्यादा नमक और चीनी खाता है, तो उसकी किडनी पर दबाव बढ़ता है, जिससे उसे हाई ब्लड प्रेशर (ख्ह्ह) और शुगर की समस्या हो सकती है। इसके कारण किडनी के बारीक फिल्टर खराब होने लगते हैं और किडनी फेल हो सकती है। इस स्थिति से बचने के लिए सर्दियों में सही खानपान और किडनी का ध्यान रखना बेहद महत्वपूर्ण है।

### किडनी से जुड़ी अन्य समस्याएं

किडनी स्टोन – किडनी में पथरी बनने का खतरा बढ़ता है, जिससे अत्यधिक दर्द और गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

यूटीआई – गंदे बर्तनों के संपर्क में आने से यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन हो सकता है, जो किडनी के संक्रमण का कारण बन सकता है।

पॉलीसिस्टिक किडनी – किडनी में छोटे-छोटे ध्ह्यह्ह्य बनना, जिससे किडनी का कामकाज प्रभावित होता है।

प्रोटीन लीकेज – किडनी से प्रोटीन का लीक होना, जो रक्तप्रवाह में जाने लगता है।

क्रिएटिनिन का उच्च स्तर – किडनी की कार्यक्षमता घटने से क्रिएटिनिन की मात्रा रक्त में बढ़ जाती है, जो किडनी फेलियर का संकेत हो सकता है।

### सावधान रहें, ताकि स्वास्थ्य पर असर न हो

गंदे बर्तनों को लंबे समय तक छोड़ने से न केवल बैक्टीरिया का खतरा बढ़ता है, बल्कि यह आपके किडनी और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का कारण भी बन सकता है। ऐसे में, किचन और बर्तनों की सफाई को प्राथमिकता दें और यह सुनिश्चित करें कि आप अपने स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह से जागरूक रहें।

सर्दियों में सही खानपान के साथ-साथ नियमित व्यायाम और पर्याप्त पानी पीने से आपकी किडनी स्वस्थ रहती है और आप इन समस्याओं से बच सकते हैं।

किचन में गंदे बर्तनों को रातभर छोड़ने से बचें और समय पर धोने की आदत डालें। इसके अलावा, खानपान में सावधानी बरतें और ज्यादा नमक और चीनी से बचें। किडनी और पेट के स्वास्थ्य का ध्यान रखें और किसी भी स्वास्थ्य समस्या के लिए विशेषज्ञ से सलाह लें।



## डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए, रोटी बनाते समय मिला लें ये पाउडर, कुछ ही दिनों में दिखने लगेगा फर्क!

डायबिटीज के मरीजों की संख्या नियमित रूप बढ़ती जा रही है. इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है, लेकिन आप अपने आहार में बदलाव और जीवनशैली में सुधार करके मधुमेह को नियंत्रित कर सकते हैं. एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में कहा गया है कि रोटी बनाने के लिए गेहूं का आटा गूंधते समय उसमें थोड़ा अलसी पाउडर मिलाने से ब्लड शुगर कंट्रोल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है. शुगर को नियंत्रित करने के लिए गेहूं के आटे में अलसी के बीज का पाउडर मिलाकर रोटी बनाएं. अलसी के बीज का पाउडर फाइबर, ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है. इसे आटे में मिलाकर रोटी बनाकर खाने से पोषण को बढ़ावा मिलता है.

### अलसी को कई चीजों में मिलाया जा सकता है

अलसी का उपयोग सदियों से इसके पोषण संबंधी लाभों के लिए किया जाता रहा है. फाइबर, ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर, अलसी के बीज अक्सर साबुत गेहूं के आटे, दूध, स्मूदी और डेसर्ट में मिलाए जाते हैं.

### अलसी को रोटी में मिलाकर खाने के फायदे

### पाचन में सुधार

गेहूं के आटे में अलसी के बीज मिलाने से पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ जाती है. अलसी में मौजूद फाइबर, विशेष रूप से घुलनशील फाइबर, पाचन में सहायता करता है और रक्त शर्करा के स्तर को बनाए रखने में मदद करता है. अलसी में ओमेगा-3 फैटी एसिड भी होता है जो ह्रदय स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है. इस प्रकार, जब आप गेहूं के आटे में अलसी का पाउडर मिलाते हैं, तो आपको कई लाभ मिल सकते हैं और शरीर में पोषण बढ़ सकता है.

### रोटी को मुलायम बनाता है

अलसी के पाउडर में नमी सोखने की प्राकृतिक क्षमता होती है. जब अलसी को गेहूं के आटे में मिलाया जाता है, तो यह आटे को नरम कर देता है और नमी बरकरार रखता है. यह पके हुए खाद्य पदार्थों को जल्दी सूखने से बचाता है और उन्हें लंबे समय तक फूला हुआ रखता है. ऐसे में केक, परांठे और रोटी बनाते समय थोड़ा अलसी पाउडर मिलाने की सलाह दी जाती है.

### मधुमेह को नियंत्रित करता है

अलसी के बीज रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं. इसमें मौजूद फाइबर की मात्रा ब्लड शुगर लेवल को बढ़ने से रोकती है. मधुमेह रोगियों के लिए रोटी बनाते समय इस पाउडर को जोड़ने से उनके समग्र ग्लाइसेमिक नियंत्रण में सुधार करने में मदद मिल सकती है. एनसीबीआई द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि अलसी के बीज मधुमेह को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

### अन्य फायदे

इसके अलावा अलसी पीरियड्स, कब्ज और मानसिक थकान से जुड़े लक्षणों की गंभीरता को काफी कम करने में मदद करती है और त्वचा की देखभाल में भी मदद करती है.

# भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर सीरीज का अंतिम टेस्ट आज से

**सिडनी (एजेंसी)।** भारतीय टीम शुक्रवार को यहां मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम मैच में उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच को जीतकर सीरीज में बराबरी हासिल करने के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के लिए भी अपनी संभावनाओं को बनाये रखना रहेगा। भारतीय टीम इस मैच में हारी तो वह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की दौड़ से बाहर हो जाएगी। भारतीय टीम का जिस प्रकार का प्रदर्शन अब तक रहा है उससे उसका यहां जीत दर्ज करना बेहद कठिन नजर आत है। इस मैच को लेकर अभी तक अंतिम ग्यारह भी तय नहीं है यहां तक कि ये भी नहीं कहा जा सकता कि इसमें कप्तान रोहित शर्मा को अंतिम ग्यारह में जगह मिलेगी या नहीं। इस मैच में शुभमन गिल की वापसी हो सकती है पिछले मैच में वह बाहर थे। शुभमन नेट्स पर अभ्यास करते दिखे। इसके अलावा युवा ध्रुव जुरेल भी अभ्यास कर रहे थे। ऐसे में ये भी हो सकता है कि रोहित को अंतिम ग्यारह में जगह न भी मिले।

रोहित अब तक इस सीरीज में असफल रहे हैं ओर तीन मैचों में केवल 31 रन ही बना पाये हैं। रोहित के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को भी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। विराट इस सीरीज में एक शतक को छोड़ दें तो बाकि सभी पारियों में असफल रहे हैं। भारत पहली पारी में रन बनाने के लिए संघर्ष करता दिखा है। उनकी 22.40 की औसत एक सीज़न में उनका सातवां सबसे कम है। हालांकि सिडनी एक ऐसी जगह है जहां भारतीय टीम का रिकार्ड अच्छा रहा है। सिडनी का मैदान अब बल्लेबाज़ी के अनुरुप नहीं रह गया है। लेकिन यहां पर अभी भी 34.85 का गेंदबाज़ी औसत है जो अन्य मैदानों से काफ़ी बेहतर है। यही एक कारण हो सकता है कि ऑस्ट्रेलिया इस मैच के लिए गेंदबाज़ी को मज़बूत करने पर जोर दे रहा है। इसी कारण उसने खराब फार्म से संघर्ष कर रहे मिचेल मार्श की जगह बो वेबस्टर को शामिल किया है। भारतीय टीम को इस मैच में यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल और नीतीश कुमार रेड्डी से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेंगी। ऋषभ पंत को भी इस मैच में बड़ा स्कोर बनाना होगा। पिछले मैच में वह विकेट पर जमने के बाद लापरवाही से शॉट खेलकर गुंवा बैठे थे।वहीं गेंदबाजी की जिम्मेदारी जसप्रीत बुमराह पर रहेगी। चोटिल होने के कारण इस मैच में आकाशदीप सिंह नहीं खेलेंगे। ऐसे में उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा या हर्षित राणा में से किसी एक को शामिल किया जा सकता है।




**टीम**

**ऑस्ट्रेलिया :** उस्मान ख्वाजा, सैम कॉन्स्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, बो वेबस्टर, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड, नाथन लियोन

**भारत (संभावित):** रोहित शर्मा (कप्तान)/शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, नीतीश कुमार रेड्डी, प्रसिद्ध कृष्णा/हर्षित राणा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज!

# ड्रेसिंग रुम की बातें बाहर नहीं जानी चाहियें : गंभीर



**बार्सिलोना (एजेंसी)।** मेलबर्न (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सिडनी टेस्ट से पहले मीडिया से बात करते हुए कहा है कि ड्रेसिंग रूम की बातें यहीं तक सीमित रहनी चाहिए। उनका बाहर जाना सही नहीं होता। उन्होंने कहा कि ड्रेसिंग रुम में तनाव की बातें गलत है। गंभीर ने ये बात इसलिए कही क्योंकि टीम में गुटबाजी बातों को लेकर विवाद उठा था। ये भी कहा जा रहा था कि टीम के कुछ खिलाड़ी पहले टेस्ट में भी जसप्रीत बुमराह को कप्तान बनाये जाने के खिलाफ थे। इसी कारण मेलबर्न टेस्ट में हार के बाद गंभीर ने खिलाड़ियों को कड़ी फटकार लगायी थी। तब गंभीर ने सीनियर खिलाड़ियों पर भी जमकर निशाना साधा था। गंभीर ने कहा था कि अब उन्हें टीम की योजना के अनुसार काम करना होगा।

गंभीर ने टीम में गुटबाजी के सवालों पर कहा कि कोच और खिलाड़ियों के बीच जो बातें होती हैं उन्हें ड्रेसिंग रूम में ही रहनी चाहिए। इस प्रकार की बातें बाहर आने से बेवजह विवाद होते हैं। साथ ही कहा कि जब तक ड्रेसिंग रूम में ईमानदार लोग मौजूद हैं तब तक भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में रहेगा। कोच ने कहा कि टीम में बने रहना केवल प्रदर्शन पर आधारित होता है। साथ ही कहा कि अगर किसी खिलाड़ी से व्यक्तिगत तौर पर बात होती है तो उसे दोनों के बीच में ही रहनी चाहिए' ड्रेसिंग रूम में तनाव की बातें सहीं नहीं हैं।

गंभीर ने भारतीय ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों से कहा कि अब बहुत हो गया। खिलाड़ियों को टीम की योजना के अनुसार चलना होगा। कोच ने टीम की योजना को सही तरीके से अमल में नहीं लाने के लिए नाराजगी जतायी। मेलबर्न में भारतीय टीम के अनुभवी खिलाड़ियों ने लापरवाही में विकेट खो दिये। गंभीर ने खिलाड़ियों से कहा कि उन्होंने उन्हें अपनी मर्जी से खेलने की अजादी दी थी लेकिन अब वह स्वयं टीम के खेलने के तरीके का फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी उनके मैच के पहले बनाए गए प्लान को अमल में नहीं लाएंगे उन्हें टीम से बाहर जाना होगा।

गंभीर ने अंतिम टेस्ट से पहले कहा, 'यहां टीम पहले की भावना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। खिलाड़ी अपना पारंपरिक गेम खेल सकते हैं, लेकिन टीम स्पोर्ट्स में व्यक्तिगत खिलाड़ी सिर्फ अपना योगदान देते हैं।' गंभीर ने कहा कि सिडनी में पिच देखकर ही अंतिम ग्यारह तय होगी।

# रोहित का कप्तान होने के कारण अंतिम टेस्ट में भी खेलना तय: क्लार्क



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा पर खराब बल्लेबाजी के लिए निशाना साधा है। क्लार्क के अनुसार रोहित कप्तान होने के कारण ही सिडनी में पांचवे टेस्ट में भी खेलेंगे हालांकि इस सीरीज में वह रन बनाने में विफल रहे हैं। क्लार्क ने तंज कसते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि जब वह चाहेंगे तभी संन्यास लेंगे। भारतीय बोर्ड उन्हें हटाये ऐसा मुझे नहीं लगता। हालांकि रन नहीं बनाने के कारण उनपर दबाव बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अब तक तीन टेस्ट मैच खेले हैं पर इसमें कोई अहम पारी नहीं खेली है।

क्लार्क ने कहा कि कुछ खिलाड़ियों के लिए टीम में बने रहने कप्तानी सहायक होती है, जबकि अन्य के लिए नहीं। मुझे निश्चित रूप से लगता है कि वह सिडनी में खेलेंगे। मुझे नहीं लगता कि उन्हें टीम से बाहर किया जाएगा। मुझे लगता है कि रोहित शर्मा ने यह अधिकार हासिल किया है और वह कप्तान हैं और इसके कारण उन्हें कुछ सुविधाएं मिलना तय है। उन्होंने कहा कि हालांकि उनके आंकड़े बहुत अच्छे नहीं हैं।

क्लार्क ने कहा कि मुझे नहीं पता कि रोहित कप्तानी के लिहाज से कैसा महसूस करते हैं। अभी वह दूसरे बच्चे के पिता बने हैं। मुझे लगता है कि वह निश्चित रूप से सिडनी में खेलेंगे। रोहित का कप्तान के तौर पर औसत 30.58 है लेकिन इससे पहले उन्होंने 46.87 की औसत से रन बनाए थे। वहीं ऑस्ट्रेलिया के ही एक अन्य पूर्व कप्तान आरोन फिंच ने भी अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि मेरे लिए चिंताजनक बात यह है कि पर्थ में पहले टेस्ट में बुमराह की कप्तानी में भारतीय टीम को प्रदर्शन कितना अच्छा रहा पर रोहित के वापस आने के बाद से टीम लय में नहीं दिखती है। रोहित अब भी एक महान खिलाड़ी हैं, उन्हें खेलते हुए देखना शानदार लगता है और मुझे उम्मीद है कि वह कुछ रन बनाएंगे। क्लार्क का ये भी मानना है भारतीय टीम प्रबंधन को युवा ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी को बल्लेबाजी के लिए ऊपरी क्रम में भेजना चाहिये क्योंकि वह काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं।

# मनु भाकर, डी गुकेश, हरमनप्रीत सिंह और प्रवीण कुमार को ध्यानचंद्र और 32 को अर्जुन अवार्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** युवा एवं खेल मंत्रालय ने 2024 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। इस बार के मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों की सूची में कई बड़े और चर्चित नाम शामिल हैं। इनमें ओलंपिक डबल मेडलिस्ट मनु भाकर, शतरंज विश्व चैंपियन डी गुकेश, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार शामिल हैं। सम्मान समारोह 17 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति भवन में दोपहर 11 बजे आयोजित किया जाएगा।

**खेल रत्न विजेताओं की गौरवगाथा**

* मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक्स 2024 में शूटिंग में दो पदक जीतकर इतिहास रचा। वह एक ही ओलंपिक में दो अलग-अलग इवेंट्स में पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनीं।

* डी गुकेश ने शतरंज में एक नया अध्याय लिखा। वह महज 18 साल की उम्र में विश्व शतरंज चैंपियन बनने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। उनकी इस ऐतिहासिक जीत ने भारत का नाम वैश्विक मंच पर ऊंचा किया।

* हरमनप्रीत सिंह ने अपनी कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। यह लगातार दूसरा अवसर था जब भारत ने ओलंपिक्स में हॉकी में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

* पैरालंपिक हाई-जम्पर प्रवीण कुमार ने टी64 कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर देश को गौरवान्वित किया। उनकी यह जीत पैरालंपिक खेलों में भारत की बढ़ती ताकत को दर्शाती है।





**अन्य सम्मान और पुरस्कार**

खेल मंत्रालय ने अर्जुन पुरस्कार के लिए 32 खिलाड़ियों को चुना है, जिनमें 17 पैरा एथलीट शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को भी 17 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, 3 कोचों को द्रोणाचार्य पुरस्कार से नवाजा जाएगा। लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिए पैरालंपिक में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत राजाराम पेटकर को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने साल 1972 में जर्मनी के हीडलबर्ग में 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था।

**कोचिंग में योगदान**

पूर्व निशानेबाज और कोच दीपाली देशपांडे को भी द्रोणाचार्य पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इस पर उन्होंने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। यह सिर्फ मेरी उपलब्धि नहीं है, बल्कि उन निशानेबाजों की उपलब्धि है, जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।'

# मुक्केबाज विजेंदर को लगा बड़ा झटका, पिता महिपाल सिंह का निधन



नई दिल्ली - ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह के पिता महिपाल सिंह का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। पिछले कुछ हफ्तों से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। विजेंदर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि बहुत दुख के साथ अपने पिता महिपाल सिंह के निधन की सूचना दे रहा हूं। आज उनका स्वर्गवास हो गया। बीजिंग ओलंपिक 2008 में कांस्य पदक जीतने वाले 39 वर्षीय मुक्केबाज ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उनके पिता का अंतिम संस्कार हरियाणा में उनके पैतृक गांव भिवानी में किया जाएगा। हरियाणा रोडवेज में ड्राइवर के तौर पर कार्यरत महिपाल ने 'ओवरटाइम' करके विजेंदर के सपने को पूरा किया। पिछले साल कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए विजेंदर ने अपने पिता के साथ एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा- आपसे अनुरोध है कि उनके लिए प्रार्थना करें।

# ऑस्ट्रेलिया की नजरें सिडनी टेस्ट जीतने पर, कमिंस ने कहा- बुमराह का सामना करना कठिन है

सिडनी । ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बनाने के बावजूद भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी मैच में उनकी टीम की ऊर्जा में कोई कमी नहीं आएगी। ऑस्ट्रेलिया ने बॉक्सिंग डे टेस्ट 184 रन से जीतकर 2014-15 के बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की ओर कदम बढ़ा दिया है। कमिंस ने कहा, 'श्रृंखला में आगे होना अच्छा रहता है। आप हर टेस्ट मैच जीत के इरादे से ही खेलते हैं और यहां भी कुछ अलग नहीं है। पिछले तीन टेस्ट में टीम के प्रदर्शन से मैं बहुत खुश हूं। हमने दिखा दिया कि हम जीत के प्रबल दावेदार हैं और इस सप्ताह भी हमारा लक्ष्य जीतना ही है।' उन्होंने स्वीकार किया कि टीम के सामने कुछ मसले हैं। उन्होंने कहा, 'इसमें कोई शक नहीं कि कुछ मौकों पर हम और रन बनाना चाहते थे। मेलबर्न में पिछले टेस्ट में हमें 400 से 500 रन की बढ़त लेनी चाहिए थी। हम इतनी अच्छी स्थिति में थे। लेकिन यही टेस्ट क्रिकेट है।'



**पिच पर बोले कमिंस** - कमिंस ने कहा कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच पारंपरिक पिच से अलग है जिस पर स्पिनरों और बल्लेबाजों को मदद मिलती है। उन्होंने कहा, 'यह एससीजी की पारंपरिक पिच से अलग है। इस साल यहां शेफील्ड शील्ड के दो मैच अच्छे रहे और टीमें विकेट से खुश थीं। इससे गेंदबाजों को मदद मिलेगी और बल्लेबाज भी रन बना सकेंगे। कुछ समय इस पर बल्लेबाजी आसान होगी तो आखिर में यह स्पिनरों की मददगार रहेगी। मैने यहां कुछ टेस्ट खेले हैं लेकिन बाकी वनडे ही खेले हैं तो मैं कोई विशेषज्ञ नहीं हूं।'

# कुसल परेरा का शतक, श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को सात रनों से हराया

**नेल्सन (न्यूजीलैंड) (एजेंसी)।** कुसल परेरा (101) की तूफानी शतकीय, चरित असलंका (तीन विकेट) और वानिंदु हसरंगा (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने गुरुवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को सात रन से हरा दिया है। हालांकि न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीती। कुसल परेरा को उनकी तूफानी शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से तथा सीरीज में आठ विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के गेंदबाज जेकब डफी 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया।

श्रीलंका के 218 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए टिम रॉबिंसन और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 81 रन जोड़े। आठवें ओवर में बी फर्नांडो ने टिम रॉबिंसन (37) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद चरित असलंका ने मार्क चैपमैन (नौ) और ग्लेन फिलिप्स (छह) को आउट कर न्यूजीलैंड को दो झटके दिये। 13वें ओवर में असलंका ने रचिन रविंद्र को बोल्ड कर श्रीलंका को चौथी सफलता दिलाई। रचिन रविंद्र ने 39 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के लगाते हुए (69) रनों की पारी खेली।

16वें ओवर में हसरंगा ने मिचेल हे (आठ) को बोल्ड कर दिया। इसी ओवर में उन्होंने माइकल ब्रेसवेल (एक) को भी अपना शिकार बना लिया। श्रीलंका के लिये सातवां महत्वपूर्ण विकेट नुवान तुषारा ने डैरिल मिचेल को आउट कर झटका।



डैरिल मिचेल ने 17 गेंदों में एक चौका और चार छक्के लगाते हुए (35) रन बनाये। मिचेल सैंटनर (14) और जैकरी फॉक्स (21) रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 211 रन ही बना सकी और सात रन से मुकाबला हार गई। श्रीलंका की ओर से चरित असलंका ने तीन विकेट और वानिंदु हसरंगा ने दो विकेट लिये। नुवान तुषारा और बी फर्नांडो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 24 के स्कोर पर अपना पहला विकेट पथुम निसंका (14) के रूप में गवां दिया। उन्होंने मैट हेनरी ने विकेटकीपर मिचेल हे के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद पांचवें ओवर में मिचेल सैंटनर ने कुसल मेंडिस को ब्रेसवेल के हाथों कैच आउट करा दिया। कुसल मेंडिस ने 16 गेंदों में (22) रन बनाये। श्रीलंका का तीसरा विकेट अविष्का फर्नांडो (17) के रूप में गिरा। उन्हें जैकब डफी ने पगबाधा आउट किया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये कुसल परेरा इस दौरान एक छोर थामे खड़े रहे।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान चरित असलंका ने कुसल परेरा के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट लिए 100 रनों की साझेदारी हुई। दोनों ने आतिशी बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। 17वें ओवर में जैकरी फॉक्स ने चरित असलंका को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। चरित असलंका ने 24 गेंदों में एक चौका पांच छक्के लगाते हुए (46) रनों की पारी खेली। 19वें ओवर में डैरिल मिचेल ने कुसल परेरा को आउट किया। कुसल परेरा ने 46 गेंदों में 13 चौके और चार छक्कों की मदद से (101) रनों की शतकीय पारी खेली। यह टी-20 में उनका पहला अंतरराष्ट्रीय शतक है। इसके साथ उन्होंने टी-20 में अपने दो हजार भी पूरे किये। श्रीलंका ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 218 रनों का स्कोर खड़ा किया। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी, जेकब डफी, जैकरी फॉक्स, मिचेल सैंटनर और डैरिल मिचेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## इस पूर्व खिलाड़ी ने की भविष्यवाणी, कहा- भारत नहीं, पाकिस्तान जीतेगा आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब



नई दिल्ली। फरवरी-मार्च में पाकिस्तान आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी करेगा। ये टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल से खेला जाएगा जहां टीम इंडिया के सभी मैच यूएई में खेले जाएंगे। लेकिन उससे पहले पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने टूर्नामेंट को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। उन्होंने उस टीम का नाम बताया है जो सेमीफाइनल में जगह बनाएगी और खिताब जीतने की दावेदार भी हो सकती है। बता दें कि, चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से होगी। जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 23 फरवरी को होगा। वहीं 49 वर्षीय शोएब अख्तर ने कहा कि, मुझे पूरा भरोसा है कि पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। पाकिस्तान टॉप 4 में जगह जरूर बनाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि वह चाहते हैं कि फखर जमानटीम में वापसी करें और बाबर आजम केल लिए ये साल बेहतरीन हो। अख्तर ने बाबर आजम की अहम भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि, बाबर चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के लिए काफी अहम साबित होंगे। टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है, और मुझे यकीन है कि चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम अच्छा खेलेगी। उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि, पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की खिताब जीत सकता है। उन्होंने कहा कि, पाकिस्तान अपने मैच होम ग्राउंड पर खेलेगा, इसलिए खिताब जीतने का अच्छा मौका है। 2017 में भारत को हराकर पाकिस्तान ने ट्रॉफी जीती थी। अब मेजबानी करते हुए खिताब बरकरार रखना चाहिए।

# रोहित सिडनी में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो खुशी से संन्यास ले लें : शास्त्री

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि अगर कप्तान रोहित शर्मा अंतिम टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें खुशी से खेल को अलविदा कह देना चाहिये। सिडनी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के अंतिम टेस्ट की पूर्व संध्या पर रोहित के भविष्य को लेकर अटकलें तेज होने के बीच ही शास्त्री ने ये बातें कहीं। वहीं मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच से पहले कहा कि पिच को देखने के बाद ही अंतिम ग्यारह का फैसला किया जाएगा, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि रोहित का खेलना तय है या नहीं। इस सीरीज में रोहित ने तीन मैचों में 6.2 की औसत से केवल 31 रन बनाए हैं। उन्होंने कहा, वह अपने करियर को लेकर फैसला करेंगे पर अगर वह संन्यास लेते हैं तो मुझे बिल्कुल भी हैरानी नहीं होगी। इसका कारण है कि उनकी उम्र बढ़ रही है ओर उनकी जगह लेने के लिए कई युवा खिलाड़ी तैयार हैं। शुभमन गिल जैसा खिलाड़ी अभी बाहर बैठा है। वहीं यदि रोहित खेलते हैं तो उन्हें शानदार प्रदर्शन करना चाहिए। यदि मैं रोहित के आसपास होता, तो मैं उनसे कहता, 'बस जाओ और धमाका करो। बस मैदान पर जाओ और धमाका करो'।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा, ÷ठीक वैसे ही जैसे जब आप इस समय जिस तरह से खेलने की कोशिश कर रहे होते हैं, वह अच्छा नहीं लगता। मैदान पर जाओ और विपक्ष पर हमला करो और फिर देखते हैं क्या होता है। उन्हें यह भी लगता है कि रोहित का रेड-बॉल फॉर्म पिछले कुछ महीनों में अपने स्वाभाविक खेल को नहीं खेलने के कारण गिरा है, और उन्होंने उनकी स्थिति की तुलना फार्म से बाहर चल रहे ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के संघर्ष से की। 'मुझे लगता है कि जब मैं बाहर से देखता हूं, तो मुझे लगता है कि वह गेंद पर थोड़ा देर से आता है। उसके पैर सामान्य रूप से उतने अच्छे से नहीं चलते हैं। अपने चरम पर भी, उसका फुटवर्क न्यूनतम था, लेकिन और भी बहुत कुछ था। वह गेंद की ओर अधिक था। इस समय, मुझे लगता है कि वह क्रीज पर पकड़ा हुआ है।'




# इस साल भारत में होगी जूनियर विश्व कप निशानेबाजी

नई दिल्ली । भारत इस साल जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा। विश्व कप निशानेबाजी में राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें । यह हाल के दिनों में का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जो भारत में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में सहायता करने के तरीके की प्रशंसा की थी।'' उन्होंने कहा, ''हमें तब इसकी उम्मीद थी पर अब जब मेजबानी मिलने की आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं।'' वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद शीघ्र ही उन्हें इसके बारे में बताएंगे जिससे सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें।'' इससे पहले भारत ने दो महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी जिसमें दो विश्व कप फाइनल प्रतियोगितायें और चार सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप शामिल हैं। साल 2023 में सीनियर विश्व कप भी भारत में हुआ था।




# डबल्यूपीएल में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी लेग स्पिनर प्रेमा रावत

बेंगलुरु । उत्तराखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाली लेग स्पिनर प्रेमा रावत महिला प्रीमियर लीग (डबल्यूपीएल) के लिए हुई मिनी नीलामी के बाद सभी की नजरों में आई हैं। प्रेमा को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 1.20 करोड़ की बड़ी रकम देकर अपने साथ जोड़ा है। प्रेमा अपनी स्पिन गेंदबाजी के अलावा एक अच्छी फील्डर भी हैं। प्रेमा ने इसी साल हुए उत्तराखंड प्रीमियर लीग में भी अच्छा प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया था। वह निचले प्रेमा लोअर ऑर्डर में शानदार बल्लेबाजी भी कर सकती हैं। आरसीबी के दल में आशा शोभना के रूप में पहले से ही एक शानदार लेग स्पिन गेंदबाज हैं पर इसके बाद भी टीम ने प्रेमा रावत को अपने साथ नीलामी में शामिल किया है। इसका कारण कारण शोभना का पूरी तरह से फिट नहीं होना है। ऐसे में फ्रेंचाइजी किसी तरह का कोई खतरा मौल नहीं लेना चाह रही है। यही कारण है कि लेग स्पिनर के तौर पर प्रेमा को टीम के साथ जोड़ा गया है। पिछले सत्र में स्मृति मंधाना की कप्तानी में आरसीबी ने शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे में प्रेमा के ऊपर बेहतर प्रदर्शन की जिम्मेदारी होगी। वहीं अगर आशा शोभना अगर पूरी तरह से फिट रहती हैं तो हो सकता है कि उन्हें इंतजार करना पड़ सकता है। प्रेमा ने अब तक सभी प्रारुपों को मिलाकर कुल 49 मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने गेंदबाजी में दमदार खेल दिखाते हुए 54 विकेट लिए जबकि बल्लेबाजी करते हुए 184 रन बनाए हैं।



# देश की आर्थिक स्थिति उथल-पुथल के दौर में सरकार के पास कोई ठोस समाधान नहीं : कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने कहा है कि देश की आर्थिक स्थिति उथल-पुथल के दौर में है। इसके लिए मोदी सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है। उसके पास इसका कोई ठोस समाधान नहीं है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज यहां एक बयान में कहा कि देश के आम लोगों के जीवन में व्याप्त अव्यवस्था को सात संकेतकों के माध्यम से आंका जा सकता है। इनमें गोल्ड लोन लेने वालों की संख्या में इजाफा और उसके एनपीए में आया उछाल प्रमुख है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोल्ड लोन में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि इसके एनपीए में 30 प्रतिशत उछाल आया है। लोगों के




घरों में जरूरत की चीजों की खरीद और सेवाओं में पिछली 8 तिमाहियों में गिरावट दर्ज की गई है यानि यह कोविड से पहले वाली स्थिति में नहीं पहुंच पाया है। खरगे ने कहा कि कार बिक्री में वृद्धि पिछले चार साल के निचले स्तर पर आ गई है। पिछले 5 वर्षों (2019-2023) में इंजीनियरिंग, विनिर्माण, प्रक्रिया और बुनियादी ढांचा (ईएमपीआइ) क्षेत्रों में वेतन में केवल 0.8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक दर से वृद्धि हुई है। पिछली आठ तिमाहियों में खाद्य मुद्रास्फीति औसतन 7.1 प्रतिशत रही है। आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी के रूप में अप्रत्यक्ष कराधान घरेलू बचत को कम कर रहा है जो 50 साल के निचले स्तर पर है।घरेलू वित्तीय देनदारियां अब जीडीपी का 6.4 प्रतिशत हैं, जो दशकों में सबसे अधिक है। रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है, जिससे विदेशी फंड बाहर जाने को मजबूर हो रहे हैं और छोटे निवेशकों को लाखों करोड़ का नुकसान हो रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा इसके लिए सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी आर्थिक नीतियां जिम्मेदार हैं। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, मोदी जी आपके वार्षिक 'नए साल के संकल्प' हर नागरिक के जीवन को नष्ट करने वाले जुमलों से कम नहीं हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने भी इन्हीं मुद्दों पर मोदी सरकार की घेराबंदी की है। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री के मंगलसूत्र वाले बयान को उद्धृत करते हुए कहा कि हमने उसी दौरान गोल्ड लोन में तेजी से हुई वृद्धि का मुद्दा उठाया था। अनुमानित रूप से करीब 3 लाख करोड़ रुपये के गोल्ड लोन भारतीय परिवारों के पास हैं, जो आज तक बकाया हैं। अब यह सामने आ रहा है कि ऋणग्रस्तता के बढ़ते मामले और अर्थव्यवस्था के सुस्त होने के साथ, गोल्ड लोन डफॉल्ट होने के मामले बढ़ रहे हैं। वर्ष 2024 में मार्च और जून के बीच तीन महीनों में गोल्ड लोन एनपीए का अनुपात 30 प्रतिशत बढ़ा है यानि 5,149 करोड़ रुपये से उछलकर 6,696 करोड़ रुपये हो गया है।

## एक नजर

### दक्षिण कोरिया में पुलिस का जेजू एयर के कार्यालयों पर छापा

**सियोल :** दक्षिण कोरिया की विमानन कंपनी जेजू एयर को हालिया दुर्घटना के लिए बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। अधिकारियों का कहना है कि यह पेशेवर लापरवाही है। इसलिए गुरुवार को जेजू एयर के सभी कार्यालयों और कुछ अन्य स्थानों पर छापा मारकर तलाशी ली गई। मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्थित कंपनी के कार्यालय का रिकार्ड खंगाला गया। सेना ने इस दुर्घटना की अलग जांच शुरू कर दी है। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र की खबर में यह जानकारी दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि जियोनाम प्रांतीय पुलिस ने दक्षिण पश्चिम दक्षिण कोरिया में हवाई अड्डे, जेजू एयर के सियोल कार्यालय और बुसान क्षेत्रीय विमानन कार्यालय के मुआन कार्यालय में तलाशी और जब्ती अभियान शुरू किया है। यह अभियान पेशेवर लापरवाही के मद्देनजर शुरू किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को हुई विमान दुर्घटना में 179 लोगों की मौत हो चुकी है।

### पीटीआई के वकील का दावा- इमरान खान ने सरकार की पेशकश ठुकराई

**रावलपिंडी :** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के वकील फैसल चौधरी ने दावा किया है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सरकार की उस पेशकश को ठुकरा दिया है, जिसमें उनसे कहा गया था कि अगर वह आंदोलन की राजनीति बंद कर दें तो उन्हें जेल की शेष अवधि काटने के लिए इस्लामाबाद में उनके निवास बानी गाला में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। जियो न्यूज चैनल की खबर के अनुसार वकील चौधरी ने रावलपिंडी सेंट्रल जेल (अदियाला जेल) के बाहर संवाददाताओं से कहा कि पेशकश के दौरान इमरान खान ने इस बात पर जोर दिया कि जब तक बिना मुकदमे के हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा नहीं किया जाता, तब तक वह कहीं नहीं जाएंगे। पीटीआई संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान इसी जेल में लंबे समय से बंद हैं। चैनल का कहना है कि पीटीआई के वकील का पेशकश संबंधी खुलासा ऐसे समय पर हुआ है, जब संघीय सरकार और पूर्व सत्तारूढ़ दल पीटीआई के प्रतिनिधि दो प्रमुख मुद्दों पर बातचीत कर रहे हैं। यह मुद्दे राजनीतिक कैदियों की रिहाई और नौ मई, 2023 और 26 नवंबर, 2024 की घटना के लिए जांच आयोग का गठन हैं। इससे पहले इस हफ्ते की शुरूआत में पीटीआई संस्थापक की बहन अलीमा खान ने कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री किसी भी सौदे पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि ञ्जजब वह पहले ही डेढ़ साल जेल में बिता चुके हैं तो कोई सौदा क्यों करेंगे।

### चमकता वीनस और क्रिसेंट मून आज शाम आसमान में बनाएंगे जोड़ी

**भोपाल :** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए शुक्रवार, 03 जनवरी का दिन बेहद खास होने जा रहा है। इस दिन शाम को पश्चिमी आकाश में सूर्य के अस्त होने के तुरंत बाद हंसियाकार चंद्रमा और चमकती बिंदी के रूप में दिखता शुक्र जोड़ी सी बनाते दिखेंगे। इस घटना को बिना किसी टेलिस्कोप के खाली आंखों से भी देखा जा सकेगा। नेशनल अवार्ड प्राप्त सारिका घारू ने गुरुवार को इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की शाम वीनस और मून आपस में सिमटे से दो डिग्री से कम के अंतर पर होंगे। इस नजदीकियों को टेक्नीकल रूप से एपल्स कहा जाता है। उन्होंने बताया कि यह खगोलीय जोड़ी क्षितिज से कुछ ऊंचाई पर दिखने के बाद धीरे-धीरे नीचे आते जाएगी। उन्होंने बताया कि इस जोड़ी को सूर्यास्त के बाद तीन घंटे से कुछ अधिक समय तक देखा जा सकेगा।

## सीमापार से आतंकियों का प्रवेश बीएसएफ की नाकामी : अभिषेक बनर्जी


एजेंसी

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने एक बार फिर केंद्र सरकार और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य को अस्थिर करने के उद्देश्य से बीएसएफ आतंकियों को बंगाल में प्रवेश करवा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सीमा की जिम्मेदारी बीएसएफ की है। अगर सीमा पार से आतंकी आ रहे हैं तो यह बीएसएफ की नाकामी है। सांसद अभिषेक ने गुरुवार को डायमंड हार्बर में 'सेवाश्रय' परियोजना के उद्घाटन के दौरान पत्रकारों से कहा कि राज्य पुलिस की सतर्कता और सक्रियता के कारण ही आतंकियों को पकड़ा जा सका है। अगर राज्य पुलिस इतनी मुस्तैद न होती तो इन आतंकियों का पता लगाना मुश्किल होता। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह आरोप लगा रहा है कि बंगाल आतंकवाद का केंद्र बन गया है। उन्होंने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि बंगाल शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास का केंद्र है, न कि आतंकवाद का। जो आतंकी पकड़े जा रहे हैं, वह राज्य पुलिस की तत्परता का परिणाम है। सांसद बनर्जी ने बांग्लादेश के हालिया हालात का जिक्र करते हुए केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पांच अगस्त के बाद बांग्लादेश में जो अराजकता का माहौल बना, उस पर केंद्र सरकार चुप क्यों है? हिंदुओं को शरण देने की बात कही गई थी, लेकिन अब क्या हो रहा है? उन्होंने सीमावर्ती इलाकों की सुरक्षा में बीएसएफ की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि सीमा की जिम्मेदारी बीएसएफ की है। अगर सीमा पार से आतंकी आ रहे हैं, तो यह बीएसएफ की नाकामी है।

## अमेरिका के लास वेगास में ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर विस्फोट, एक की मौत

एजेंसी

**वाशिंगटन :** अमेरिका के न्यू ऑर्लिन्स में नये साल के पहले दिन हुए हमले के बाद अब लास वेगास में ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर साइबरट्रक में विस्फोट से एक व्यक्ति की मौत हो गई। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इसे गंभीर घटना बताते हुए जांच का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि इस घटना का न्यू ऑर्लिन्स में हुए आतंकी हमले से संबंध हो सकता है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, बुधवार सुबह लास वेगास में ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर टेस्ला साइबरट्रक में विस्फोट होने और आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम सात लोग झुलस गए। एबीसी न्यूज के अनुसार, लास वेगास शेरिफ केविन मैकमाहिल ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विस्फोट के बाद लगी आग में काफी सामान भी जल गया।




उन्होंने इससे संबंधित एक वीडियो और कुछ तस्वीरें पत्रकारों को दिखाईं। यह होटल निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बताया गया है। होटल के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ट्रंप के करीबी सहयोगी एलन मस्क ने कहा कि टेस्ला की पूरी टीम अभी इस मामले की जांच कर रही है। यह विस्फोट साइबरट्रक में रखे बम के कारण हुआ। हालांकि जांच अधिकारियों ने मस्क के दावे से इनकार किया है। फॉक्स न्यूज के अनुसार, साइबरट्रक में गैसोलीन, कैंप ईंधन कंटेनर के आतिशबाजी मोर्टार रखे थे। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि जांच एजेंसियां न्यू ऑर्लिन्स में हुए आतंकी हमले और टेस्ला साइबरट्रक में हुए विस्फोट के बीच लिंक तलाश रही हैं। दोनों ही मामलों में इस्तेमाल हुई गाड़ी एक ही रेंटल साइट से किराए पर ली गई। इसी वजह से एजेंसियों को आशंका है कि दोनों घटनाएं एक-दूसरे से जुड़ी हो सकती हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, न्यू ऑर्लिन्स हमले में प्रयोग किए गए वाहन पर इस्लामिक स्टेट का झंडा लगा था। इस वाहन को नये साल के शुरूआती घंटों में बॉर्बन स्ट्रीट पर मौज-मस्ती कर रहे लोगों पर चढ़ा दिया गया।

## पत्नी का घूंघट न करना पति को तलाक लेने का आधार नहीं देता : हाई कोर्ट

एजेंसी

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पत्नी के घूंघट नहीं करने को तलाक का आधार मानने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने पति की इस दलील को मानने से इनकार कर दिया है कि पत्नी के पर्दा न रखने से उसे मानसिक क्रूरता के आधार पर तलाक लेने का अधिकार मिल सकता है। हालांकि विवाह को खत्म करने की मांग वाली अपील को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए किसी प्रकार की एलुमनी राशि का प्रावधान न होने का निर्णय दिया। कोर्ट ने क्रूरता के मुद्दे के सम्बंध में इस दावे को स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि पत्नी स्वतंत्र इच्छाशक्ति वाली रही है, जो बाजार व अन्य स्थानों पर जाती थी और घूंघट (पर्दा) का पालन नहीं करती थी। यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह एवं न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने मानसिक क्रूरता



और परित्याग के आधार पर दाखिल गाजीपुर निवासी एक पति की अपील पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि पत्नी का स्वतंत्र इच्छाशक्ति वाला या ऐसा होना, जो अपने दम पर यात्रा करता है या नागरिक समाज के अन्य सदस्यों से मिलता है, बिना किसी अवैध या अनैतिक संबंध बनाए, इसे क्रूरता का कार्य नहीं कहा जा सकता है। पति का कहना था कि पत्नी द्वारा पर्दा (घूंघट) का पालन न करने से उसे मानसिक क्रूरता के आधार पर तलाक प्राप्त करने का अधिकार है। खंडपीठ ने कहा कि जहां पत्नी को ऐसे कृत्यों और अन्य कृत्यों का श्रेय दिया गया है, वहां इन्हें क्रूरता के कृत्यों के रूप में स्वीकार करना मुश्किल है और फिर जहां दोनों पक्ष शिक्षित हैं। खंडपीठ ने पत्नी द्वारा किए गए अपमान के आरोप पर कार्रवाई नहीं करने के पारिवारिक न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि पति ने ऐसे कृत्यों का वर्णन समय या घटना के स्थान के विवरण के साथ नहीं किया है, न ही उन्हें साबित किया गया है। जहां तक पत्नी के अनैतिक संबंध के आरोप का संबंध है, पति की ओर से कोई निर्णायक सबूत नहीं दिया जा सका। पत्नी के पंजाबी बाबा के साथ अनैतिक संबंध बनाने के आरोप में कोई अन्य तथ्य साबित करने का प्रयास नहीं किया गया और कोई प्रत्यक्ष या विश्वसनीय साक्ष्य भी नहीं दिया जा सका।

## भूकंप पीड़ित वानुआतु को भारत पांच लाख डालर की देगा मदद : विदेश मंत्रालय

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत ने पिछले महीने दक्षिणी प्रशांत महासागर में आए विनाशकारी भूकंप में बड़े पैमाने पर जानमाल के नुकसान से पीड़ित द्वीपीय देश वानुआतु को पांच लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 4.28 करोड़ रुपये) की तत्काल राहत सहायता देने की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि 17 दिसंबर 2024 को दक्षिण प्रशांत महासागर में वानुआतु के तट के पास 7.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे भारी तबाही हुई और जानमाल का नुकसान हुआ। भारत ने इस अभूतपूर्व आपदा से हुई क्षति और विनाश के लिए वानुआतु की सरकार और लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और इस कठिन समय में हर संभव सहायता और सहयोग देने के लिए अपनी तत्परता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग मंच (एफआईपीआईसी) के तहत एक करीबी मित्र और भागीदार के रूप में और वानुआतु के मैत्रीपूर्ण लोगों के साथ एकजुटता के संकेत के रूप में भारत सरकार राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण प्रयासों का समर्थन करने के लिए 500,000 अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता प्रदान करती है। मंत्रालय ने कहा कि भारत प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुई कठिनाई और तबाही के समय वानुआतु के साथ मजबूती से खड़ा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नवंबर 2019 में घोषित भारत की हिंद-प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) का एक महत्वपूर्ण स्तंभ आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन है। भारत मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए प्रतिबद्ध है और इस क्षेत्र में एक जिम्मेदार और दृढ़ प्रतिक्रियाकर्ता बना हुआ है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक वानुआतु में 1800 नॉन रेजिडेंट इंडियन रहते हैं।

# जितना बुरा हाल किसानों का भाजपा राज में हुआ, उतना कभी नहीं हुआ : आतिशी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को किसानों के मुद्दे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को एक चिट्ठी लिखी। आतिशी ने इसका कड़ा प्रतिवाद किया। उन्होंने कहा कि जितना बुरा हाल किसानों का भाजपा के समय हुआ, उतना कभी नहीं हुआ। मुख्यमंत्री आतिशी ने शिवराज के पत्र के जवाब में कहाकि भाजपा का किसानों के बारे में बात करना वैसे ही है, जैसे दाऊद अहिंसा पर प्रवचन दे रहा हो। जितना बुरा हाल किसानों का भाजपा के समय हुआ, उतना आजतक कभी नहीं हुआ। उन्होंने




शिवराज सिंह से कहा कि अपनी कई मांगों को लेकर पंजाब में किसान आमरण अनशन पर बैठे हैं। आप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कहिए कि वह किसानों से बात करें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आतिशी ने अपील की कि किसानों से राजनीति करना बंद कीजिए। भाजपा राज में किसानों पर गोलियां और लाठियां चलाई गईं। उधर, किसानों के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में पिछले कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसानों की सेहत खराब होने पर केंद्र की भाजपा सरकार को चेताया है।केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहाकि पंजाब में किसान कई दिनों से धरने और अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हैं। इनकी वही मांगें हैं, जो केंद्र सरकार ने तीन साल पहले मान ली थीं लेकिन उन्हें अभी तक लागू नहीं की। भाजपा सरकार अब अपने वादे से मुकर गई। भाजपा सरकार किसानों से बात तक नहीं कर रही। उनसे बात तो करो। हमारे ही देश के किसान हैं। भाजपा को इतना ज्यादा अहंकार क्यों है कि किसी से बात भी नहीं करते? उन्होंने कहा कि पंजाब में जो किसान अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हैं, भगवान उन्हें सलामत रखे लेकिन यदि उन्हें कुछ होता है तो इसके लिए भाजपा ज़िम्मेदार होगी। देशभर के किसानों की जानकारी के लिए मैं बता दूं कि जो तीन काले कानून केंद्र ने तीन साल पहले किसानों के आंदोलन की वजह से वापस लिए थे, उन्हें ह्पालिसीह्व कहकर केंद्र सरकार पिछले दरवाजे से दोबारा लागू करने की तैयारी कर रही है। इस पालिसी की कॉपी उनके विचार जानने के लिए केंद्र ने सभी राज्यों को भेजी है।

## संक्षिप्त खबरें

### उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर दी नववर्ष की शुभकामनाएं




**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति भवन और उपराष्ट्रपति सचिवालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा कर यह जानकारी दी। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने एक्स पर लिखा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज राष्ट्रपति भवन में नए साल की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

### छाया एमवी ने जीता एसबीआई लाइफ स्पेल बी सीजन 14 में 'स्पेल मास्टर ऑफ इंडिया' का खिताब

**बेंगलुरु :** मिर्ची की पहल पर भारत की सबसे प्रतिष्ठित स्पेलिंग प्रतियोगिता एसबीआई लाइफ स्पेल बी सीजन 14 का कोलकाता में रोमांचक ग्रैंड फिनाले के साथ समापन हुआ। एसबीआई लाइफ स्पेल बी सीजन 14 की विजेता सुश्री छाया एम वी, उम्र 13 वर्ष, प्रेसीडेंसी स्कूल, आरटी नगर, बेंगलुरु की कक्षा आठ में पढ़ने वाली छात्रा हैं, जिन्होंने ह्यस्पेल मास्टर ऑफ इंडियाह्न का राष्ट्रीय खिताब जीता है। उत्साह और उमंग से भरे माहौल में, कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय चैंपियन की घोषणा और सम्मान के साथ हुआ, जो पूरे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन असाधारण कौशल, समर्पण और भाषा के प्रति गहरे जुनून को दर्शाता है। इस प्रतियोगिता के उपविजेता, श्री मेधांश वड्डाडी, उम्र 13 वर्ष, कैम्ब्रिज कोर्ट हाई स्कूल, जयपुर और श्री यशविन पचौरी, उम्र 14 वर्ष, कैनेडी हाई ग्लोबल स्कूल, हैदराबाद ने भी एसबीआई लाइफ स्पेल बी ग्रैंड फिनाले में सराहनीय कौशल का प्रदर्शन किया। ये युवा दिमाग जटिल शब्दों को समझने में अपनी सटीकता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए योग्य विजेता के रूप में उभरे। इस कार्यक्रम में भारतीय अभिनेत्री, फैशन डिजाइनर और टेलीविजन प्रस्तोता, सुश्री मंदिरा बेदी ने भाग लिया, जिन्होंने उत्साहपूर्वक एसबीआई लाइफ स्पेल बी सीजन 14 के ग्रैंड फिनाले की मेजबानी की और विजेताओं की घोषणा की। एसबीआई लाइफ स्पेल बी सीजन 14 के राष्ट्रीय चैंपियन को 1,00,000 रुपये का प्रतिष्ठित ग्रैंड पुरस्कार दिया गया, साथ ही उनके माता-पिता के साथ डिज्नीलैंड, हांगकांग की यात्रा का पूरा खर्च वहन किया गया। इस वर्ष की प्रतियोगिता की थीम, 'बी स्पेलबाउंड', आज के युवाओं के खुद को अभिव्यक्त करने के तरीके को बदलने के लिए शब्दों और वर्तनी की शक्ति पर जोर देती है। यह भारत की युवा आबादी के लिए विकास के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एसबीआई लाइफ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह थीम ब्रांड के मूल मूल्यों के अनुरूप है, जो संभावनाओं को तलाशने, उनकी विकास कहानी को आकार देने और इस तरह देश की प्रगति में योगदान देने के उनके प्रयासों के महत्व पर जोर देती है।

### सागर वाहि ने निभाई 'छठी मैया की बिटिया' में मयूर की भूमिका

**मुंबई :** नए साल की नई ऊर्जा के साथ, सन नियो के लोकप्रिय शो 'छठी मैया की बिटिया ' में एक नया चेहरा जुड़ गया है। अभिनेता सागर वाहि, अपनी ओटीटी शो माधुरी टॉकीज और फिल्म पंच कृति: फाइव एलिमेंट्स के लिए सराहे जाते हैं, अब इस शो में मयूर की भूमिका में नजर आएंगे। सागर ने हाल ही में शो में अपनी एंट्री और



भूमिका के बारे में कई रोचक बातें साझा कीं। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए सागर ने कहा, मैं इस शो में मयूर का किरदार निभा रहा हूं और यह बहुत ही मनोरंजक किरदार है। वह गंभीर और बहुत ही विद्वान है, क्योंकि उसने काफी पढ़ाई की है। लेकिन वह जीवन को हंसी-मजाक और हल्के-फुल्के अंदाज में जीता है। चाहे कोई भी समस्या हो, वह उसे आसानी से सुलझा लेता है। मयूर मस्ती करनेवाला मजाकिया व्यक्ति है, लेकिन असल ज़िंदगी में उनसे बिलकुल अलग हूं। हमारी पर्सनालिटी एकदम विपरीत है, फिर भी मैं इस भूमिका को पूरी तरह एंजॉय कर रहा हूं। सागर का अभिनय सफर विविध भूमिकाओं से भरा हुआ है और 'छठी मैया की बिटिया' शो उनके लिए एक और रोमांचक चुनौती है। उन्होंने कहा, एक थिएटर कलाकार के रूप में मुझे अलग-अलग किरदारों को निभाना पसंद है और यही कारण है कि मैंने छठी मैया की बिटिया शो चुना ताकि मैं कुछ नया आजमा सकूं। मैंने एक फिल्म में भी काम किया है, जहां मेरा किरदार इतना अलग था कि लोग पहचान नहीं पाए कि वह मैं हूं। इसी तरह, मयूर की भूमिका भी पूरी तरह से अलग है।

### पंजाब में श्रीलंकाई नागरिकों के अपहरण में दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** अमृतसर पुलिस ने श्रीलंका के दो नागरिकों का अपहरण कर फिरौती मांगने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों ने भारत में घूमने आए श्रीलंकाई नागरिकों को अल्बानिया का वर्क वीजा दिलवाने का झांसा दिया था। आरोपितों ने श्रीलंकाई नागरिकों को अमृतसर बुलाकर उनका अपहरण कर लिया और उनके दोस्तों से आठ हजार अमेरिकी डॉलर की फिरौती मांगी। पुलिस ने मामले की सूचना मिलने के बाद तुरंत कार्रवाई की और दोनों किडनैप नागरिकों को होशियारपुर से बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों ने फिरौती के लिए श्रीलंकाई नागरिकों को एक होटल में रखा था और बाद में उन्हें साथ ले जाकर फिरौती की मांग की थी। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत भुल्लर ने बताया कि एक साजिश के तहत श्रीलंकाई नागरिकों को आरोपितों ने अपने जाल में फंसाया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया और तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अरोपितों की योजना धोखाधड़ी और अपहरण को नाकाम कर दिया। भुल्लर ने बताया कि दिल्ली में घूमने आए छह श्रीलंकाई नागरिकों को एक जालसाजी के तहत फंसाया गया। उनके एक साथी ने उन्हें यह झांसा दिया कि वह उन्हें अल्बानिया का वीजा दिलाएंगे और रोजगार का भी लालच दिया। इसके बाद उन्हें अमृतसर बुलाया गया, जहां एक पुरुष और एक महिला श्रीलंकाई नागरिक को बहाने से अपनी कार में बिठाकर ले गए। वहां उन्होंने उनके साथियों को कॉल करके कहा कि यदि आठ हजार अमेरिकी डॉलर उनके खाते में ट्रांसफर नहीं किए तो वे इन दोनों को नहीं छोड़ेंगे। जैसे ही पुलिस को इस मामले की सूचना मिली तो दोनों नागरिकों को सुरक्षित तरीके से मुक्त कराया गया। पुलिस की टीम ने पीछा कर दो मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**